राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या, प्रयागराज, मिर्जापर, गोरखपुर, बरेली, बुंदेलखंड, उत्तराखंड, देहरादून

लखनऊ, शुक्रवार, 28 नवंबर 2025
वर्ष 07, अंक 59, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, झारखण्ड, बिहार, मध्य प्रदेश, असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

पत्नी के सामने पति की हत्या धारदार हथियार से किए ताबड़तोड़ वार, इलाज़ के दौरान मौत....03

कहां हैं इमरान खान? मौत की अफवाहों के बीच पाकिस्तान की अदियाला जेल से आ गया जवाब...12

## देश में 'DEADLY SIR', कनपटी पर कट्टा रखकर कटवाए जा रहे OBC वोट... कांग्रेस का EC-BJP पर आरोप

**● कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने बीजेपी और चुनाव आयोग पर 'वोट चोरी' और बीएलओ की 'हत्या' का गंभीर आरोप लगाया है. उन्होंने मुंबई में 11 लाख फर्जी वोटों का दावा किया और 26 बीएलओ की मौत को हत्या करार दिया. श्रीनेत ने बीजेपी पर मुद्दों से ध्यान भटकाने और युवाओं, किसानों व महिलाओं के अधिकारों को छीनने का आरोप लगाया**

कांग्रेस एसआईआर को लेकर बीजेपी और चुनाव आयोग पर हमलावर है. इसी कड़ी में कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने गुरुवार को बड़ा हमला बोला. उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि बीजेपी बुरी तरह से वोट चोरी करते पकड़ी गई है. बिहार की सच्चाई बच्चा-बच्चा जनता है. बीएलओ की मौत दिनदहाड़े हत्या है. ये बीजेपी के चुनाव जीतने की कोशिश है. कनपटी पर कट्टा रखकर ओबीसी वोट कटवाए जा रहे हैं.

सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, महाराष्ट्र में कई जगह से खबर आ रही है. मुंबई में 11 लाख वोट फर्जी हैं, ऐसा पता चल रहा है. चीन अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बता रहा है, लाल आंख कहा है? बीजेपी के एक नेता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और कहा कि कांग्रेस के सोशल मीडिया अकाउंट विदेश से चल रहे हैं. मेरे पास भी बीजेपी के अकाउंट की लिस्ट है जो बाहर से चल रहे हैं।

**VPN तो ट्रैवल करने से बदल सकता है**

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क का कहना है कि VPN तो ट्रैवल करने से बदल सकता है. ये ग्लिच है, हम इसको सही करते हैं. बीजेपी गुजरात का एक्स पर हैंडल आयरलैंड से चल रहा है, डीडी न्यूज विदेश से क्यों चल रहा है? ये सब मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए है।

**ये देखकर सिर शर्म से झुक जाना चाहिए**

सुप्रिया ने कहा, देश में 26 बीएलओ की मौत हो गई. बीएलओ के सिर पर मौत मंडरी रही है. ये सब देखकर नरेंद्र मोदी और ज्ञानेश कुमार का सिर शर्म से झुक जाना चाहिए. देश में 'DEADLY SIR' हो रहा है लेकिन बीजेपी के नेता फालतू की बातों को मुद्दा बनाना चाहते हैं, जबकि देश 26 बीएलओ की मौत पर जवाब मांग रहा है. नरेंद्र मोदी और ज्ञानेश कुमार को बीएलओ की मौत पर जवाब देना होगा।




उन्होंने कहा, सोशल मीडिया पर बहुत आक्रोश है. मोदी सरकार की विफलता पर लोग आईना दिखा रहे हैं लेकिन आपको जवाब देने के लिए ऐसा फिजूल का मुद्दा मिला है. ज्ञानेश कुमार हलफनामा मांगते हैं, ज्ञान देते हैं. आपके विभाग में 26 बीएलओ की मौत हुई है, जो सरासर हत्या है. जिसके लिए नरेंद्र मोदी और ज्ञानेश गुप्ता जिम्मेदार हैं. सच्चाई ये है कि देश को खतरा मोदी सरकार से है।

**सवाल जिंदा रहेंगे और आपसे पूछे जाएंगे**

बीजेपी सरकार पर हमला बोलते हुए कांग्रेस ने कहा कि आपने युवाओं का भविष्य चौपट किया है. किसानों को फसल का दाम नहीं मिल रहा है. लोगों से वोट का अधिकार छीना जा रहा है. महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है लेकिन आप कुछ भी कर लें, सवाल जिंदा रहेंगे और आपसे पूछे जाएंगे।

## सुप्रीम कोर्ट का समय रैना, रणवीर अल्लाहबादिया और अन्य कलाकारों पर बड़ा फैसला, दिव्यांगों का उड़ाया था मजाक

**● सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इंडियाज गॉट लेटेंट' के होस्ट और यूट्यूबर समय रैना, पॉडकास्टर रणवीर अल्लाहबादिया और अन्य कलाकारों के केस में फैसला सुनाया है. दरअसल इन लोगों ने अपने शो के दौरान दिव्यांग लोगों का मजाक उड़ाया था**



सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इंडियाज गॉट लेटेंट' के होस्ट और यूट्यूबर समय रैना, पॉडकास्टर रणवीर अल्लाहबादिया और अन्य कलाकारों के केस में फैसला सुनाया है. दरअसल इन लोगों ने अपने शो के दौरान दिव्यांग लोगों का मजाक उड़ाया था. चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमलया बागची की अध्यक्षता वाली बेंच ने सुनवाई करते हुए कहा कि हम इन सभी दंडात्मक बोझ नहीं लगाना चाहते, लेकिन आपको सामाजिक जिम्मेदारी निभानी होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कॉमेडियन समय रैना, पॉडकास्टर रणवीर अल्लाहबादिया और अन्य कलाकारों के मामले को लेकर सुनवाई की है. इस दौरान स्ट ने निर्देश दिया कि वे प्रत्येक महीने कम से कम दो फंडरेजर आयोजित करें, ताकि विकलांग व्यक्तियों के इलाज के लिए धन जुटाया जा सके. यह आदेश उनके शो इंडियास गॉट लेटेंट में इस साल पहले विकलांगों का मजाक उड़ाने के लिए दिया गया है. CJI सूर्यकांत ने कहा कि 'इंडियाज गॉट लेटेंट' के होस्ट और यूट्यूबर समय रैना को आदेश दिया कि वे अपने शो में दिव्यांग लोगों की सफलता की कहानियां दिखाएं, ताकि उनकी मदद के लिए फंड इकट्ठा किया जा सके।

**गरिमा और जीवन के अधिकार का उल्लंघन**

सुप्रीम कोर्ट का यह यह निर्देश दो जुड़े मामलों से संबंधित था. पहला एक विकलांग व्यक्तियों के प्रति असंवेदनशील टिप्पणियों का और दूसरा यूट्यूब पर उपयोगकर्ता-जनित सामग्री से होने वाले सामाजिक नुकसान का. CJI की अध्यक्षता वाली बेंच ने यह फंडरेजर का आदेश क्योर एसएमए इंडिया फाउंडेशन की याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया, जिसमें उन्होंने विकलांग व्यक्तियों की गरिमा और जीवन के अधिकार का उल्लंघन करने वाली ऑनलाइन सामग्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी. कोर्ट ने साथ ही अल्लाहबादिया और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं की डिजिटल मीडिया में जवाबदेही के बड़े सवाल पर समीक्षा जारी रखी।

**कई राज्यों में दर्ज हैं केस, विकलांगों पर असंवेदनशील टिप्पणियां**

बता दें कि समय रैना और अल्लाहबादिया सहित अन्य कलाकारों के खिलाफ 'इंडियास गॉट लेटेंट' में अनुचित टिप्पणियों के लिए कई केस दर्ज है. कंटेंट क्रिएटर्स चाहते थे कि जो केस अलग-अलग राज्यों में दर्ज हैं. उन सभी को एक साथ जोड़ा जाए, इसे के लिए उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया. क्योर एसएमए इंडिया फाउंडेशन ने रैना पर आरोप लगाया कि उन्होंने विकलांग व्यक्ति का मजाक उड़ाया और स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी (SMA) के इलाज की ऊंची लागत के बारे में असंवेदनशील टिप्पणियां की. इसी तरह के आरोप अन्य कॉमेडियनों के खिलाफ भी लगाए गए हैं।

**कॉमेडियन तैयार, विकलांग व्यक्तियों की उपलब्धियों को दिखाएंगे**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि समय रैना, विपुल गोयल, बलराज परमजीत सिंह घाई, सोनाली ठाकर उर्फ सोनाली आदित्य देसाई और निशांत जगदीश तंवर पहले ही SMA उपचार के लिए धन जुटाने के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए स्वेच्छा से आगे आ चुके हैं. सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उन्हें आदेश दिया कि वे विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों को अपने प्लेटफॉर्म पर मनाएं और आमंत्रित करें ताकि विकलांग व्यक्तियों सहित स्रूसे पीड़ितों के समय पर इलाज के लिए धन जुटाने के अभियान को बढ़ावा दिया जा सके. बेंच ने कहा कि अगर कॉमेडियन विकलांग व्यक्तियों की उपलब्धियों को पेश करने में ईमानदारी दिखाते हैं, तो वे भी अपने कारण के व्यापक प्रचार के लिए प्लेटफॉर्म पर आएंगे।

## बाबरी मस्जिद की बुनियाद या राम मंदिर का निर्माण... बंगाल में धर्म पर नया बखेड़ा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



बंगाल में धर्म पर नया बखेड़ा खड़ा हो गया है. बाबरी मस्जिद के जवाब में राम मंदिर के निर्माण की बातें होने लगी हैं. दरअसल, बंगाल में अगले साल यानी 2026 में विधानसभा चुनाव है. इससे पहले हिंदू बनाम मुस्लिम की सियासत तेज हो गई है. मस्जिद बनाम मंदिर विवाद की शुरुआत टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर के एक बयान से हुई। हाल ही में उन्होंने कहा था कि छह दिसंबर को मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद की नींव रखेंगे. मस्जिद तैयार होने में तीन साल लगेंगे. उनके इस बयान के बाद बंगाल के साथ-साथ पूरे देश की राजनीति गरमा गई है. हुमायूं कबीर के इस बयान के बाद बीजेपी नेता शंखवाह सरकार ने भी बड़ा ऐलान कर दिया. हालांकि, उनका यह बयान हुमायूं कबीर के बयान के पलटवार के रूप में देखा जा रहा है।

**बाबरी मस्जिद के जवाब में राम मंदिर का निर्माण**

शंखवाह सरकार ने 6 दिसंबर को मुर्शिदाबाद के बहरामपुर राम मंदिर बनाने की घोषणा की. उन्होंने कहा कि मैंने पहले ही कहा था कि 6 दिसंबर हमारा गौरव दिवस है. उसी दिन मैं बहरामपुर में राम मंदिर का निर्माण करवाऊंगा. उस दिन हमारे राज्य और मध्य क्षेत्र के संतों और साधुओं को भी आमंत्रित किया गया है. 6 दिसंबर को बहरामपुर में राम मंदिर का निर्माण होगा. इसमें कोई समस्या नहीं है।

शंखवाह सरकार ने कहा कि टीएमसी बाबरी मस्जिद का मुद्दा उठाकर वह हिंदू-मुस्लिम को बांटने की कोशिश कर रही है. उन्होंने कहा कि बाबरी मस्जिद का नाम लेना सही नहीं है. सरकार ने ये भी कहा कि राम मंदिर बनाने का उनका फैसला टीएमसी के बयान के जवाब में नहीं है. एक साल पहले ही उन्होंने बरहामपुर में मंदिर बनाने की बात कही थी।

**बाबरी मस्जिद के जवाब में गीता पाठ का आयोजन**

इतना ही नहीं, बाबरी मस्जिद के जवाब में गीता पाठ का भी आयोजन किया जाएगा. सात दिसंबर को कोलकाता में गीता श्लोकों का पाठ होगा. ब्रिगेड परेड ग्राउंड में करीब पांच लाख लोग गीता का पाठ करेंगे. इस कार्यक्रम में कई साधु-संत लोग शामिल होंगे. योग गुरु बाबा राम देव, बाबा बागेश्वर के अलावा और भी कई साधु-संतों का जमावड़ा होगा।

## सीजेआई ने कहा, 'एनजेएसी' को पुनर्जीवित कर कॉलेजियम को समाप्त करने की याचिका पर विचार करेंगे



**ब्यूरो प्रयागराज।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने बुधवार (26 नवंबर, 2025) को मौखिक रूप से कहा कि अदालत राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) को पुनर्जीवित करने और देश की संवैधानिक अदालतों में न्यायाधीशों की न्यायिक नियुक्तियों की कॉलेजियम प्रणाली को समाप्त करने की मांग वाली एक याचिका पर विचार करेगी। उल्लेखनीय है कि, 'एनजेएसी' ने संक्षेप में संवैधानिक अदालतों में न्यायाधीशों की नियुक्ति में न्यायपालिका के साथ-साथ सरकार को भी समान भूमिका दी थी, जिसे सर्वोच्च न्यायालय ने 2015 में असंवैधानिक करार देते हुए रद्द कर दिया था। 'द हिंदू' के अनुसार, याचिका, जिसमें केंद्र सरकार और कई राजनीतिक दलों के साथ-साथ भारत के मुख्य न्यायाधीश और यहां तक कि सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम को भी प्रतिवादी बनाया गया है, में यह प्रस्तुत किया गया है कि शीर्ष अदालत द्वारा 'एनजेएसी' को रद्द करना 'एक बड़ी गलती थी क्योंकि इसका मतलब था कि चार न्यायाधीशों की राय से लोगों की इच्छा का प्रतिस्थापन हो गया।

## हमारे बच्चों को किसने मारा?'- मुख्य आरोपियों के बरी होने पर माता-पिता का सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** नोएडा के बहुचर्चित निठारी कांड के लगभग 20 साल बाद, जब पुलिस ने 'हाउस ऑफ हॉरर्स' कहे जाने वाले एक बंगले के पास 19 महिलाओं और बच्चों के शव बरामद किए थे, यह मामला एक बार फिर सुर्खियों में है. इसका कारण यह है कि इस जघन्य अपराध के लिए दोषी ठहराए गए आखिरी व्यक्ति, सुरेंद्र कोली को भी बरी कर दिया गया है. 12 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने कोली को उनके खिलाफ लंबित अंतिम मामले में यह कहते हुए बरी कर दिया कि उनका इकबालिया बयान यातना देकर लिया गया था. इससे पहले, उनके नियोक्ता मोनिंदर सिंह पंधेर को भी 2023 में सबूतों के अभाव में रिहा कर दिया गया था। बीबीसी की रिपोर्टर गीता पांडेय ने निठारी का दौरा किया, जहां पीड़ितों के परिवारों का दर्द अब भी ताजा है. दो लोग, जो अब भी पड़ोस में रहते हैं, कोर्ट के आदेश को समझने की कोशिश कर रहे हैं और पूछ रहे हैं- 'अगर पंधेर और कोली ने नहीं मारा, तो हमारे बच्चों को किसने मारा?' यह मामला दिसंबर 2006 का है, जब नोएडा के एक अमीर इलाके में स्थित कोठी नंबर डी-5 के पास नाले से मानव कंकाल मिले थे. इस घटना ने भारत में अमीर और गरीब के बीच की गहरी खाई को उजागर किया था, क्योंकि पीड़ित मुख्य रूप से पास की निठारी झुग्गियों के गरीब प्रवासी परिवारों के बच्चे थे।

10 साल की बेटी ज्योति को खोने वाली सुनीता कनौजिया कहती हैं, 'अगर वे निर्दोष हैं, तो वे 18 साल तक जेल में क्यों थे? भगवान उन्हें माफ नहीं करेगा जिन्होंने मेरी बेटी को मारा.' सुनीता के पति झब्बु लाल कनौजिया, जिन्होंने इन हत्याओं को उजागर करने में अहम भूमिका निभाई थी, कोली के बरी होने की खबर से इतने निराश हुए कि उन्होंने केस से जुड़े वे सभी कागजात जला दिए जो उन्होंने सालों से जमा किए थे. वे कहते हैं, 'मैं एक टूटा हुआ बूढ़ा आदमी हूं।' सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में पुलिस और जांच एजेंसियों की कड़ी आलोचना की है. कोर्ट ने कहा कि जांच में 'लापरवाही और देरी' हुई, जिससे असली अपराधी की पहचान नहीं हो सकी. कोर्ट ने यह भी कहा कि जांचकर्ताओं ने 'घर के एक गरीब नौकर को फंसाकर और उसे राक्षस बताकर आसान रास्ता चुना' और अंग-व्यापार जैसे पहलुओं की जांच नहीं की।

पप्पू लाल, जिनकी आठ साल की बेटी रचना भी पीड़ितों में शामिल थी, कहते हैं कि जब वह लापता हुई थी तो पुलिस ने कहा था कि वह किसी प्रेमी के साथ भाग गई होगी. अब वह कोठी नंबर डी-5 वीरान पड़ी है. पप्पू लाल कहते हैं, 'अब हमारी लड़ाई सरकार से है. क्या हमारे बच्चे भारत के बच्चे नहीं हैं?' हालांकि, कुछ कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि अब पीड़ितों के पास बहुत कम विकल्प बचे हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### बीएलओ की ड्यूटी से शिक्षको को मुक्त करने की मांग, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**लखनऊ।** प्रदेश में 10 दिसंबर से परिषदीय विद्यालयों में होने वाली अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं की तैयारी बीच शिक्षकों की बूथ लेवल आफिसर (बीएलओ) ड्यूटी को लेकर शिक्षक संगठनों ने आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि बीएलओ ड्यूटी से पठन-पाठन प्रभावित हो रहा है और बच्चों की परीक्षा तैयारी पर बुरा असर पड़ रहा है। इसको लेकर संगठनों ने मुख्यमंत्री से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनय तिवारी और महामंत्री उमाशंकर सिंह ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि कई जिलों में शिक्षकों को बीएलओ के रूप में तैनात कर दिया गया है, जबकि शिक्षा अधिकार अधिनियम में स्पष्ट है कि शिक्षकों से गैर-शैक्षणिक कार्य नहीं लिए जाएंगे। संघ ने कहा कि ड्यूटी लगने से परिषदीय विद्यालयों में पढ़ाई बाधित है और परीक्षाओं से पहले बच्चों की तैयारी प्रभावित होना चिंता की बात है। संघ ने शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी से तुरंत मुक्त करने की मांग की है। उधर, उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव ने भी बीएलओ से जुड़ी समस्याओं पर सरकार और चुनाव आयोग का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने कहा कि हाल में जिन बीएलओ के साथ घटनाएं हुई हैं, उनके परिजनों को सरकारी नौकरी दी जाए और चुनाव आयोग उनके परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करे। किसी भी बीएलओ पर लक्ष्य पूरा करने का दबाव न बनाया जाए।

## सीबीआई ने भ्रष्टाचार मामले में इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल के ज्यूडिशियल मेंबर को किया गिरफ्तार




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** सीबीआई ने कथित तौर पर भ्रष्टाचार में शामिल होने के आरोप में एक वकील और जयपुर इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल के ज्यूडिशियल मेंबर को गिरफ्तार किया। एजेंसी के ङ्क पर पोस्ट के मुताबिक, एजेंसी ने क्रिमिनल नेटवर्क का भंडाफोड़ किया, जिसमें आईटीएटी जयपुर के वकील और ज्यूडिशियल मेंबर ट्रिब्यूनल के असिस्टेंट रजिस्ट्रार और अन्य अज्ञात सरकारी कर्मचारी और प्राइवेट व्यक्ति शामिल हैं जो रिश्वत के बदले एक पार्टी के पक्ष में आईटीएटी बेंच जयपुर में अपील निपटाने के संबंध में भ्रष्टाचार में शामिल थे।

पोस्ट में कहा गया, 'सोर्स से मिली जानकारी के आधार पर महत्वपूर्ण कार्रवाई में सेंट्रल ब्यूरो ऑफ़ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) ने क्रिमिनल नेटवर्क का भंडाफोड़ किया, जिसमें एक वकील इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल (आईटीएटी) जयपुर ज्यूडिशियल मेंबर ITAT जयपुर असिस्टेंट रजिस्ट्रार ITAT जयपुर और अन्य अज्ञात सरकारी कर्मचारी और प्राइवेट व्यक्ति शामिल हैं, जो रिश्वत के बदले संबंधित अपीलकर्ताओं के पक्ष में ITAT बेंच जयपुर में लंबित अपील निपटाने के लिए भ्रष्ट गतिविधियों में शामिल थे।'

सीबीआई ने 25.नवम्बर 2025 को आरोपी वकील आईटीएटी और अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया, जिसमें इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल आईटीएटी) जयपुर के मेंबर और असिस्टेंट रजिस्ट्रार भी शामिल हैं।

ऑपरेशन के दौरान इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल (आईटीएटी) जयपुर के वकील को 25.11.2025 को अपीलकर्ता द्वारा हवाला नेटवर्क के माध्यम से दी गई 5.5 लाख रुपये की रिश्वत की रकम के साथ गिरफ्तार किया गया। इसके बाद ITAT जयपुर के ज्यूडिशियल मेंबर को 26.11.2025 को उनकी सरकारी कार से 30 लाख रुपये बरामद होने के साथ गिरफ्तार किया गया और अपीलकर्ता को भी 26.11.2025 को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा, सीबीआई की कई टीमों ने जयपुर कोटा और अन्य जगहों पर कई जगहों पर छापे मारे और 1 करोड़ रुपये से ज़्यादा कैश, लेनदेन का विवरण प्रॉपर्टी के दस्तावेज़ और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज़ जब्त किए जो एक संगठित सिंडिकेट की ओर इशारा करते हैं। तलाशी अभियान और आगे की कार्रवाई अभी भी जारी है।

## सहारा समूह के निदेशकों की संपत्तियों पर नज़र रखेगा ईडी

**● कई अधिकारियों के पास आय से अधिक संपत्ति पाई गई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सहारा इंडिया परिवार के पूर्व उप निदेशक ओपी श्रीवास्तव की गिरफ्तारी के बाद उस पर शिकंजा कस दिया है। एजेंसी ने अब अपनी जाँच का दायरा बढ़ाते हुए सहारा से जुड़ी विभिन्न कंपनियों के एक दर्जन से ज़्यादा पूर्व और वर्तमान निदेशकों को भी शामिल कर लिया है और उनकी चल-अचल संपत्तियों का विस्तृत मूल्यांकन शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि निवेशकों की जमा राशि का इस्तेमाल करके खरीदी गई संदिग्ध संपत्तियों को जल्द ही ज़ब्त किया जा सकता है।

सूत्रों के अनुसार, ईडी की कोलकाता जाँच शाखा उन लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की तैयारी कर रही है, जिन्होंने कथित तौर पर सहारा समूह की छत्रछाया में बड़े पैमाने पर पोंजी-शैली की जमा योजनाएँ संचालित कीं। इन योजनाओं में कथित तौर पर भारत भर के लाखों छोटे निवेशकों से धन जुटाया गया, जिसे बाद में समूह की अन्य संस्थाओं में भेजा गया और कई मामलों में, वरिष्ठ पदों पर बैठे व्यक्तियों द्वारा निजी संपत्तियाँ हासिल करने के लिए इस्तेमाल किया गया।

यह जाँच सहकारी समितियों और रियल एस्टेट संस्थाओं के एक व्यापक नेटवर्क को कवर करती है, जिनका नेतृत्व पिछले कुछ वर्षों में बार-बार बदलता रहा है। इनमें प्रमुख हैं:सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड,सहरयान बहुउद्देशीय सहकारी समिति लिमिटेड,स्टार्स बहुउद्देशीय सहकारी समिति,सहारा इंडिया कमर्शियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड,सहारा इंडिया रियल एस्टेट कॉर्पोरेशन लिमिटेड,सहारा हाउसिंग इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड।



इसके अलावा, सहारा से संबद्ध एक दर्जन से अधिक अन्य कंपनियां भी जांच का हिस्सा हैं, जिनमें से कई ने कथित तौर पर धन के दुरुपयोग में भूमिका निभाई है।ईडी पहले ही 16 शहरों में1,538 करोड़ मूल्य की जमीन जब्त कर चुका है। इस वर्ष की शुरुआत में, अप्रैल 2025 में, प्रवर्तन निदेशालय ने भारत में 16 स्थानों पर 1,538 करोड़ रुपये मूल्य की 1,073 एकड़ भूमि जब्त की थी, जो सहारा की सहकारी समितियों और रियल एस्टेट परियोजनाओं से जुड़ी थी।उत्तर प्रदेश में, ईडी ने लखनऊ, मुरादाबाद और ललितपुर में ज़मीन के बड़े हिस्से पर कार्रवाई की।

एजेंसी ने कुर्क की गई कुछ संपत्तियों पर अनधिकृत निर्माण गतिविधियां भी पाई, जिसके बाद इन संपत्तियों की बिक्री या हस्तांतरण पर तत्काल प्रतिबंध लगाने के लिए उप-पंजीयक कार्यालयों को सूचित करने की योजना बनाई गई। जाँच से पता चला है कि निवेशकों से एकत्रित जमा राशि को सहारा से जुड़ी कई कंपनियों में बार-बार स्थानांतरित किया गया।एजेंसी को संदेह है कि ये आंतरिक स्थानांतरण ऑडिट ट्रेल्स को छिपाने और व्यक्तिगत लाभ को सुगम बनाने के लिए किए गए थे।

# संक्षिप्त खबरें

## हिंदू लड़की को जाल में फसा करके शादी का झांसा देखकर घर परिवर्तन करने वाले युवक पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बस्ती।** बस्ती जिले के दुबौलिया थाना क्षेत्र में एक अनोखा मामला सामने आया लड़की को शादीकाझांसादेकरबहला-फुसलाकर भगाने व धर्म परिवर्तन कर उसके साथ दुराचार करने वाले अभियुक्त को थाना दुबौलिया पुलिस टीम द्वारा किया गया गिरफ्तारथाना दुबौलिया पुलिस टीम द्वारा थाना दुबौलिया पर पंजीकृत मु0अ0सं0 212/2025 धारा 87 बीएनएस बढ़ोतरी धारा 69 बीएनएस व 3/5(1) धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम से संबंधित अभियुक्त 1. जब्बार अली पुत्र मोहम्मद अली नि0 आराजी डूही धर्मपुर मुस्तहकम (पाण्डेय का पुरवा) थाना दुबौलिया जनपद बस्ती उम्र करीब 25 वर्ष, को आज दिनांक 27.11.2025 को समय करीब 11.32 बजे पण्डुलघाट पुलिया से गिरफ्तार कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणजब्बार अली पुत्र मोहम्मद अली नि0 आराजीडूही धर्मपुर मुस्तहकम (पाण्डेय का पुरवा) थाना दुबौलिया जनपद बस्ती उम्र करीब 25 वर्ष। दुगोला पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा।

## स्वर्गीय सुदामा प्रसाद के प्रतिमा का अनावरण आज

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा के रतनपुर ब्लाक मुख्यालय के परिसर में स्थित स्वर्गीय सुदामा प्रसाद भूतपूर्व विधायक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के प्रतिमा का अनावरण आज ब्लाक मुख्यालय के परिसर में साढ़े ग्यारह बजे किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नौतनवां विधायक ऋषि त्रिपाठी एवं ब्लाक प्रमुख राकेश कुमार मद्धेशिया होंगे। ब्लाक प्रमुख राकेश कुमार मद्धेशिया ने क्षेत्रीय लोगों को समयानुसार कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर क्षेत्र के सच्चे देशभक्त एवं आजादी की जंग के अमर सेनानी भूतपूर्व विधायक स्वर्गीय सुदामा प्रसाद को श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की है।

## पोस्ट ऑफिस पर एक दिवसीय कैम्प का आयोजन आज

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लाक के रतनपुर नहर रोड पर स्थित पोस्ट आफिस पर आज एक दिवसीय कैम्प का आयोजन होगा जिसमें 1 वर्ष से 5 वर्ष तक के बच्चों का निशुल्क आधार कार्ड बनाया जायेगा और आधार संशोधित भी किया जाएगा। साथ ही आधार कार्ड में मोबाइल नंबर भी बदला जाएगा तथा 10 वर्ष से कम बच्चियों का सुकन्या समृद्धि योजना का आवेदन लिया जाएगा। इसके अलावा बचत खाता, आरडी, टीडी, एनएससी, केवीपी, जीवन बीमा आदि के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसकी जानकारी देते हुए रतनपुर पोस्ट मास्टर प्रांशू पाण्डेय ने ज्यादा से ज्यादा लोगों के आने की अपील की है।

## रोडवेज बसों के संचालन की मांग तेज

### उ.प्र.व्यापार मंडल युवा जिलाध्यक्ष ने प्रभारी मंत्री को सौंपा पत्र

**ललितपुर।** उ.प्र. व्यापार मंडल (रजि.) युवा जिलाध्यक्ष अंकुर जैन सानू बाबा ने प्रभारी मंत्री दनिश आजाद अंसारी को एक पत्र सौंपकर ग्राम रोंडा में बनायी गयी ललितपुर बस डिपो का संचालन जल्द शुरू कराये जाने की मांग उठायी है। बताया कि रोड़ा बस डिपो पर शासन द्वारा लगभग 17 बसे स्वीकृत की गई है, लेकिन इसके बावजूद ना तो बस का संचालन शुरू किया और न ही डिपो संचालित हो सकी। जिले की बसें अन्य जनपदों में भेज दी जाती हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। कहा कि इस मुद्दे कुछ समय पहले एम.एल.सी.ने भी उठाया था, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। यह भी बताया कि डिपो शुरू न होने से छात्रों को यात्रा में कठिनाई, मरीजों को दूसरे जनपद जाने में परेशानी, व्यापारियों को परिवहन बाधाएँ, तथा आम जनता को महंगे और असुविधाजनक सफर का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अधिकारियों द्वारा प्रत्येक बार केवल आश्वासन दिया जाता है, लेकिन जमीन पर कोई कार्रवाई नहीं होती। जनहित में डिपो का संचालन अत्यंत आवश्यक है। ज्ञापन सौंपते समय बृजेश गुप्ता, अंकित सराफ, वासु, अभिषेक नामदेव सहित अन्य व्यापारी एवं संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने संयुक्त रूप से सरकार से मांग की कि रोड़ा बस डिपो को शीघ्र चालू कर जनहित में राहत प्रदान की जाए।

# शराब के नशे में भी बाद में हुई हत्याआश्रय आवास में हत्याकांड का हुआ खुलासा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले केहरैया थाना क्षेत्र में आश्रय आवास में शराब के नशे में हुए विवाद से शुरू हुई कहासुनी एक युवक की जान ले लेगी—यह किसी ने नहीं सोचा था। मंगलवार की देर रात आश्रय आवास कॉलोनी में रहने वाले रवि गुप्ता की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य अभियुक्त महेंद्र गौड़ को गिरफ्तार कर लिया है। हरैया थाना पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए उसे देर रात करीब 1:40 बजे बेलाड़े शुक्ल तिराहा के पास से पकड़ा। उसके पास से वारदात में इस्तेमाल किया गया डंडा भी बरामद किया गया है। घटना का खुलासा करते हुए क्षेत्राधिकारी रुधौली स्वर्णिमा सिंह ने बताया किघटना की शुरुआत 25 नवंबर की रात से मानी जा रही है। पुलिस जांच के अनुसार, उस रात करीब आठ बजे रवि गुप्ता शराब के नशे में अपने कमरे पर पहुंचे, जहां उनकी किसी बात को लेकर महेंद्र गौड़ से बहस हुई। दोनों ने शराब पी रखी थी और विवाद तेजी से मारपीट में बदल गया। विवाद बढ़ने पर रवि के भाई आलोक गुप्ता मौके पर पहुंचे और किसी तरह दोनों को अलग कराया। उन्होंने रवि को ऊपर कमरे में ले जाकर सुला भी दिया।लेकिन बात यहीं खत्म नहीं हुई। पुलिस के मुताबिक, उसी रात महेंद्र गौड़ ने रंजिश में रवि के कमरे में घुसकर डंडे से उनके सिर पर वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से रवि की मौत हो गई। महेंद्र ने डंडा झाड़ियों में छिपा दिया था, जिसे बाद में उसकी निशानदेही पर बरामद किया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मौत का कारण सिर में आई गंभीर चोटें ही पाई गईं।

घटना की सूचना अगले दिन सुबह रवि के भाई ने पुलिस को दी, जिसके बाद हरैया पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम बनाई गई। तकनीकी और फील्ड इनपुट के आधार पर पुलिस ने कुछ ही घंटों में मामले की कड़ियां जोड़ लीं और मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य किसी व्यक्ति की संलिप्तता के प्रमाण फिलहाल नहीं मिले हैं।पकड़ा गया आरोपी महेंद्र गौड़ आश्रय आवास कॉलोनी का ही निवासी है और उसकी उम्र करीब 32 वर्ष बताई गई है। उसके खिलाफ हरैया थाने में हत्या सहित दो मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अब आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

## शिक्षक संगठनों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन, मृतक शिक्षक के परिवार को न्याय व शिक्षकों की समस्याओं के समाधान की मांग



**गोंडा** – गोंडा में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनय तिवारी और पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अशोक पांडेय के नेतृत्व में संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मृतक शिक्षक विपिन कुमार यादव के मामले में दोषियों पर तत्काल मुकदमा दर्ज करने, उनके परिवार को आश्रित नियुक्ति व मुआवजा दिलाने की मांग की। साथ ही प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में शिक्षकों पर की गई कार्यवाही वापस लेने, रोका गया वेतन बहाल करने, अवकाश के बदले प्रतिकर अवकाश देने तथा शिक्षकों के सम्मान व सहायता के लिए हेल्प डेस्क स्थापित करने की मांग उठाई। इस दौरान विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# संविधान की प्रस्तावना में बसती है भारत की आत्मा- डा. वी.के. वर्मा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में बुधवार को संविधान दिवस पर जनपद में अनेक आयोजन किये गये। वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के महामंत्री एवं कमिश्नर कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम प्रकाश शर्मा के संयोजन में संविधान दिवस के महत्व पर व्यापक विमर्श किया गया। प्रमुख समाजसेवी डा. वी.के. वर्मा ने कहा कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे बडा लिखित संविधान है और इसकी प्रस्तावना 'हम भारत के लोग' में देश के नागरिकों की आत्मा बसती है। वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम प्रकाश शर्मा ने कहा कि संविधान अधिवक्ताओं के लिये गीता और कुरान की तरह पवित्र है। संविधान के द्वारा ही नागरिकों को अनेक अवसर और मौलिक अधिकार प्राप्त है। कार्यक्रम में अधिवक्ता पूर्व डीजीसी भगवादनदीन चौधरी, नोटरी मजिस्ट्रेट महेश चन्द्र शर्मा, कमिश्नर बार के अध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव, यंग बार अध्यक्ष विनोद कुमार भट्ट, आदि ने कहा कि अनेक उतार चढावों के बीच भारत का लिखित संविधान मार्ग दर्शक की भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम में उपेन्द्र कुमार शुक्ल, कृष्ण चन्द्र पाण्डेय, श्रीमती मिथलेश शुक्ला, लालजी पाण्डेय, नेबूलाल चौधरी, अजमत अली सिद्दीकी, तौव्वाब अली, सामईन फारूकी, त्रिभुवन प्रसाद मिश्र, दीपक सिंह प्रेमी, वाहिद अली सिद्दीकी, दीनानाथ यादव, गणेश प्रसाद मौर्य, विनय कुमार बख्शी, के साथ ही अनेक अधिवक्ता शामिल रहे।

# गौर थाना क्षेत्र में फिर दिखी दबंग की दबंगई लाठी-डंडों से बेरहमी से पिटाई 3 लोग गंभीर रूप से घायल

**●पूर्व में गौर पुलिस कार्रवाई करती तो दबंगों के हौसले बुलंद नहीं होते दोबारा जमीन कब्जा को लेकर मारपीट ना होता दबंग का साथ दे रहे गौर पुलिस**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के गौर थाना क्षेत्र क्षेत्र के बलुआ गांव मैं दबंगों द्वारा जमीन कब्जा को लेकर एक परिवार की पांच सदस्यों को मारपीट कर घायल कर दिया जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया पुलिस पिछली बार कार्रवाई करती तो ऐसी घटना दोबारा ना घटती है पुलिस किसी गंभीर घटना का इंतजार कर रहे हैं सवाल या खड़ा हो रहा है दबंग पर कार्रवाई न होने से दबंग के हौसले पड़ गए हैं एक बार फिर दबंगई का चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे इस वीडियो में दबंगों द्वारा महिलाओं और पुरुषों को लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटते हुए साफ देखा जा सकता है। घटना में कुल पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं।

पीड़ितों का आरोप पहले भी कर चुके हैं मारपीट, कार्रवाई न होने से बढ़े हौसलेपीड़ितों ने बताया कि आरोपी पहले भी इस तरह की मारपीट की घटना को अंजाम दे चुके हैं। लेकिन उचित कार्रवाई न होने से उनके हौसले इतने बढ़ गए कि उन्होंने दोबारा हमला कर दिया। जमीन विवाद को लेकर पुलिस सक्रिय नहीं दिखी इसलिए दोबारा घटना घट गई इससे पुलिस की लापरवाही साबित होती हैजमीन पर कब्जे की कोशिश से जुड़ा विवादसूत्रों के मुताबिक आरोपी पहले सरकारी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। अब वे निजी जमीन पर भी अवैध कब्जा जमाने की कोशिश में लगे हुए थे। इसी विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। दबंग के आगे पुलिस लापरवाहीनजर आ रही है बड़ी घटनाएं घट सकती हैं ऐसे पुलिस कर शैली पर सवाल उठ रहे हैंवीडियो वायरल होने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाललगातार हो रही घटनाएं और अब वायरल वीडियो पुलिस प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। लोगों का कहना है कि यदि पहले ही कड़ी कार्रवाई होती, तो यह घटना दोबारा नहीं होती। गौर थाना क्षेत्र के मजरा बलुआ गांव का बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। देखना यह है की पुलिस जांच करके दबंग के ऊपर कठोर कार्रवाई करती है कि नहीं।

# बस्ती शहर में धड़ल्ले से आ रहा प्रतिबन्धित मांस, जानकारी के बावजूद कोतवाली पुलिस निष्क्रिय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में शहर में प्रतिबन्धित मांस के आमद की खबर है। अक्सर बंद गाड़ियों में प्रतिबन्धित मांस आता है और गांधीनगर से सटे मोहल्ले में उतारकर कुछ गिने चुने स्थानों से उसकी बिक्री की जाती है। यहां योगी सरकार के सख्ती का कोई असर नही है। नाम न छापने की शर्त पर बताया गया कि रामप्रसाद की गली व तुरकहिया मोहल्ले में अंदर प्रतिबन्धित मांस गाड़ी से उतारा जाता है। सूत्रों की मानें तो काले शीशे के भीतर यह काला कारोबार जारी है। मजे की बात है कि गांधीनगर पुलिस चौकी और कोतवाली को इसकी भनक तक नहीं। वरिष्ठ भाजपा नेता राजेन्द्रनाथ तिवारी ने बाकायदा फोन करके कोतवाली पुलिस को इसकी जानकारी दी और आवश्यक कदम उठाने को कहा। उन्होने कुछ फोटोग्राफ भी वाट्सएप पर उपलब्ध कराया। लेकिन कोतवाल ने एक कान से सुना और दूसरे कान से निकाल दिया। ऐसे गंभीर मामले हाशिये पर हैं जो सरकार की उच्च प्राथमिकताओं में हैं। आप अंदाजा लगा सकते हैं कि पुलिस कितनी गंभीर है। सूत्र यहां तक बताते हैं कि कई बार बंद गाड़ियों से खून टपकते देखा गया है। किसके संरक्षण में यह कारोबार चल रहा है, एक गंभीर सवाल है। इससे पहले की मामला गंभीर हो जाये कोतवाली पुलिस को मामले की जांच कर कार्यवाही करनी चाहिये जिससे अवांछित गतिविधियों पर रोक लग सके। ताजा जानकारी के अनुसार भाजपा नेता राजेन्द्रनाथ तिवारी ने पुलिस कप्तान से मिलकर उपरोक्त आशय का एक पत्र देकर अविलम्ब ठोस कदम उठाने को कहा है। पुलिस कप्तान ने मामले को गंभीर मानते हुये कार्यवाही का भरोसा दिलाया है। जांच करके दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी इसके लिए अधिकतर टीम लगाई जा चुकी है

# बलरामपुर में मिड-डे मील घोटालाः ग्यारह करोड़ से अधिक सरकारी धन के गबन में डीसी MDM समेत पाँच गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** मिड-डे मील योजना में ग्यारह करोड़ से अधिक सरकारी धन के गबन का बड़ा खुलासा करते हुए कोतवाली नगर पुलिस ने पाँच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला की जांच रिपोर्ट के आधार पर थाना कोतवाली नगर में कुल 45 आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर गठित टीम ने लगातार दबिशें देकर प्रमुख पाँच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जिला समन्वयक (डीसी MDM) फिरोज अहमद खान समेत गिरफ्तार आरोपियों पर आरोप है कि इन्होंने मिड-डे मील योजना में विद्यालयों के छात्रों की संख्या से जुड़े दस्तावेजों, एक्सल शीट और पोर्टल एंट्री में कूटरचना कर करोड़ों की धनराशि की हेराफेरी की। शासन स्तर से स्वीकृत होने वाली एक्सल शीट को पीएफएमएस पर अपलोड करते समय धनराशि में हेराफेरी कर कुछ विद्यालयों के खातों में अधिक धन भेजा जाता था और अन्य विद्यालयों की धनराशि घटा दी जाती थी। जाँच में सामने आया कि बढ़ाई गई धनराशि विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, ग्राम प्रधान और अभिभावक समिति अध्यक्ष के जरिए निकाल ली जाती थी और फिर आपस में बाँट ली जाती थी। इस संगठित गबन में विभागीय कर्मचारियों से लेकर समिति पदाधिकारी तक की मिलीभगत उजागर हुई है। मुखबिर की सूचना पर हुई गिरफ्तारी थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम संभावित स्थानों पर दबिश दे रही थी कि मुखबिर की सूचना पर सैफ कॉलोनी, निमकौनी और नार्मल तिराहा क्षेत्र में छापेमारी कर पाँचों आरोपियों को पकड़ा गया।

### गिरफ्तार आरोपी

1. फिरोज अहमद, डीसी MDM, निवासी बरगदवा सैफ 2. अशोक कुमार गुप्ता, प्रधानाध्यापक, निवासी बलुआ बलुई 3. नसीम अहमद, ग्राम प्रधान, निवासी चयपुरवा 4. मोहम्मद अहमदुल कादरी, अभिभावक समिति अध्यक्ष, निवासी मध्यनगर 5. मलिक मुन्नवर, सहायक अध्यापक, निवासी धुसवा

### गिरफ्तारी करने वाली टीम

प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 संतोष कुमार, रमन कुमार वर्मा, नन्दकेश तिवारी सहित कुल 11 पुलिसकर्मियों की टीम शामिल रही। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है तथा पूरे घोटाले की गहन विवेचना जारी है।

# जनपद में आईजीआरएस व पीजी पोर्टल शिकायतों के निस्तारण की काली सच्चाई, आरोपी खुद कर रहे अपनी जाँच व खुद को दे रहे क्लीन चिट

**●अपने ऊपर लगे आरोपों की खुद जांच कर ले रहे एडी बेसिक व बीएसए बस्तीजब आरोपी ही बने जांच अधिकारी तो पीड़ितों को कैसे मिलेगा न्याय पीजी व सीएम पोर्टल पर उलूल - जुलूल रिपोर्ट प्रेषित कर रहे एडी बेसिक व बीएसए**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले में लोगों को त्वरित व सस्ता न्याय दिलाने की मंशा से बनी शिकायत निवारण प्रणाली आईजीआरएस व पीजी पोर्टल की जिले के कुछ अधिकारी इस कदर छीछालेदर मचाए हुए है कि अपने ऊपर लगे आरोपों की जाँच स्वयं करके स्वयं ही क्लीन चिट भी प्राप्त कर ले रहे हैं और फरियादी दर बदर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं । बात यहीं पर समाप्त नहीं हो जाती आगे और भी कारनामें इन भ्रष्ट अधिकारियों के अभी शेष हैं क्योंकि ये भ्रष्टाचारी इन्हीं फर्जी रिपोर्टों के आधार पर निस्तारण की प्रादेशिक रैंगिंग भी प्राप्त कर लेते हैं और नसमझ जिम्मेदार रिपोर्टों का बिना वास्तविक परीक्षण किए इन भ्रष्टाचारियों की पीठ भी थप - थपा देते हैं । आगे जाने कहानी की जमीनी हकीकत । एडी बेसिक / संयुक्त शिक्षा निदेशक बस्ती मंडल बस्ती व बेसिक शिक्षा अधिकारी बस्ती अपने ऊपर लगे आरोपों की खुद जांच करके पीजी पोर्टल व आईजीआरएस पर उलूल जुलूल रिपोर्ट लगाते हैं अर्थात् IGRS की शिकायतों पर उल्टी सीधी रिपोर्ट लगाकर उच्च अधिकारियों को गुमराह करने में एडी बेसिक व बीएसए को महारत हासिल है। इनके द्वारा पीजी पोर्टल व मुख्यमंत्री पोर्टल पर अपलोड किये गये रिपार्ट को लेकर चारो ओर विभाग की किरकिरी हो रही है कि भ्रष्टाचार मामले में आरोपित अधिकारी जब खुद अपने ऊपर लगे आरोपों की जांच करेंगे तो पीड़ितों को कैसे न्याय मिलेगा ? प्रकरण बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में तैनात वरिष्ठ सहायक संतोष गुप्ता से जुड़ा हुआ है । वरिष्ठ सहायक संतोष गुप्ता की नियुक्त / तैनाती व कारगुजारियों से विभाग की जो फजीहत हो रही है उससे बेसिक शिक्षा अधिकारी व एडी बेसिक अन्जान नहीं हैं परन्तु जुबान व कलम इसलिए नहीं चल पाती है क्योंकि मामला माल से जुड़ा है । जिस बेसिक शिक्षा विभाग ने 18 साल की मात्र उम्र होते ही संतोष गुप्ता को नियुक्ति प्रदान कर दिया था कभी सपने में भी नहीं सोचा रहा होगा कि संतोष गुप्ता के कारण कभी विभाग की इतनी फजीहत होगी । सोचने वाली बात तब और आ जाती है कि जब उत्कोच लेते रंगे हाथ वरिष्ठ सहायक संतोष गुप्ता धराए व जेल गए उसके बाद भी शिक्षा विभाग के जनपदीय जिम्मेदार बेसिक शिक्षा अधिकारी अपनी जाँच रिपोर्ट में संतोष के कसीदें गढ़ते नहीं थक रहे हैं । पूरी रिपोर्ट में वास्तविकता को छिपाना व भ्रष्टाचार के आरोपी की कसीदें गढ़ना जिम्मेदार अधिकारी की भ्रष्टाचार में संलिप्तता का परिचायक है ।

# ग्राम प्रधान ने घर-घर पहुँचकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने की मुहिम की तेज

**●ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी और पंचायत प्रधान, प्रशासन की तत्परता से यह अभियान क्षेत्र में सफल होता दिखाई दे रहा है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर**– ग्राम पंचायत गुरचिहवा में ग्राम प्रधान रमेश कुमार बिट्टू ने निर्वाचन प्रक्रिया को मजबूत बनाने और अधिक से अधिक पात्र मतदाताओं को लाभान्वित करने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया। प्रधान बिट्टू ने पंचायत के वीएलओ के साथ मिलकर घर-घर पहुंचकर ग्रामीणों का निर्वाचन SIR (एसआईआर) फार्म भरवाने पर जोर दिया। पंचायत क्षेत्र में कई ऐसे ग्रामीण थे जिनका नाम अब तक मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाया था या विभिन्न कारणों से संशोधन की आवश्यकता थी। इस स्थिति को देखते हुए प्रधान रमेश कुमार बिट्टू ने स्वयं मोर्चा संभाला और टीम के साथ पूरे गांव में भ्रमण किया। प्रधान ने ग्रामीणों को समझाया कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में हर नागरिक का मत बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कई बार जानकारी के अभाव में पात्र लोग मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से वंचित रह जाते हैं, जिससे उन्हें मतदान का अधिकार नहीं मिल पाता। इसी को ध्यान में रखते हुए पंचायत स्तर पर यह अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि जो भी युवा 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं, वे बिना देरी SIR फार्म भरवाकर अपना नाम सूची में शामिल करवाएं। अभियान के दौरान वीएलओ ने घर-घर जाकर जरूरी दस्तावेजों की जांच की तथा मौके पर ही फार्म भरवाए। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि इससे उन्हें ब्लॉक या अन्य कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिली है। प्रधान बिट्टू ने बताया कि पंचायत का लक्ष्य है कि आगामी चुनाव से पहले कोई भी पात्र ग्रामीण मतदाता सूची से वंचित न रहे। उन्होंने यह भी कहा कि जरूरत पड़ने पर यह विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा। ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी और पंचायत प्रशासन की तत्परता से यह अभियान क्षेत्र में सफल होता दिखाई दे रहा है।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में उत्कृष्ट कार्य पर चार बीएलओ सम्मानित

**●जिलाधिकारी ने चार बीएलओ को अंगवस्त्र व 1100 देकर किया सम्मानित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत जनपद अमेठी में गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रह एवं डिजिटाइजेशन का कार्य तेजी से संचालित है। इस महत्वपूर्ण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चार बीएलओ को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संजय चौहान ने कलेक्ट्रेट सभागार में अंग वस्त्र एवं ?1100 की प्रोत्साहन धनराशि देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले बीएलओ में रोशनी देवी बूथ संख्या 387 (विधानसभा तिलोई), आंगनवाड़ी कार्यकत्री 88.34 परसेंट डिजिटाइजेशन, बृजेश कुमार तिवारी बूथ संख्या 101 (विधानसभा जगदीशपुर), रोजगार सेवक 83.85 परसेंट डिजिटाइजेशन, मोहम्मद वसीम बूथ संख्या 313 (विधानसभा गौरीगंज), रोजगार सेवक 80.55 परसेंट डिजिटाइजेशन व लाल साहब सिंह बूथ संख्या 100 (विधानसभा अमेठी), शिक्षा मित्र 86 परसेंट डिजिटाइजेशन किया गया है। इन सभी बीएलओ ने लक्ष्य के अनुरूप उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्य को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया है। सम्मान के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि डिजिटाइजेशन पुनरीक्षण अभियान का अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है, जिसके माध्यम से मतदाता सूची को अधिक सटीक, अद्यतन और पारदर्शी बनाया जा सकता है। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी बीएलओ की सराहना करते हुए कहा कि इनके प्रयास अन्य कार्मिकों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। डीएम ने यह भी आह्वान किया कि अभियान में संलग्न सभी कर्मी इसी उत्साह, निष्ठा और अनुशासन के साथ कार्य करें, ताकि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान को निर्धारित समय सीमा के भीतर शत-प्रतिशत सफलता दिलाई जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता सहित निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कानून व्यवस्था मजबूत करने के साथ ही खाकी कर रही रिश्तों को भी मजबूत

**●महिला थाना के प्रयास से 02 विवाहित जोड़े पुनः साथ रहने को हुए राजी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी ।** 'मिशन शक्ति-5.0' के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु कंचन सिंह प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मय टीम द्वारा पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों के संबंध में शिकायतों को सुना गया तथा समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को साथ रहने के लिए समझाया गया जिसमें 02 विवाहित जोड़े राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गए तथा अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया । अमेठी पुलिस द्वारा उनको आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई ।

## संक्षिप्त खबरें

### भरावन के शेर 77 रन पर ढेर, पुरवामान की जीत के इमरान बने नायक



**भरावन (हरदोई)।** आईजीसीएल भरावन तृतीय क्रिकेट टूर्नामेंट का तीसरा मुकाबला भरावन वॉरियर्स और जय भोले पुरवामान के बीच खेला गया। जिसमें जय भोले पुरवामान टीम के कप्तान सुशील ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। भरावन वॉरियर्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 11 ओवर में 77 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। पुरवामान की ओर से गेंदबाजी में इमरान ने तीन ओवर में 32 रन देकर 5 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जय भोले पुरवामान की टीम ने 11 ओवर 2 बॉल पर पांच विकेट खोकर 78 रन बना लिए। पुरवामान टीम ने 5 विकेट से इस मुकाबले को जीत लिया। 32 रन देकर 5 बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाने वाले करामाती गेंदबाज इमरान को मैन ऑफ दी मैच चुना गया। सेवानिवृत प्रधानाचार्या सत्यभामा पाण्डेय ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सौंपा। इस दौरान विकास पांडे, आशीष पांडे उर्फ जीतू, शोभित शुक्ला, लवकुश अवस्थी, मयंक सिंह, सचिन पांडे, राकेश शुक्ला, वैभव शुक्ला, विपुल पांडे, शिवांशु मिश्रा, चन्दन मौर्या, विभू पाण्डेय, नन्दन बाजपेई आदि लोग मौजूद रहे।

### वैगनआर कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत



**लालगंज (रायबरेली)।** उन्नाव हाईवे पर निहस्था गांव के निकट बुधवार की देर शाम को तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। खीरो थाना क्षेत्र के मथुरा खेड़ा गांव निवासी शिवम उर्फ कल्लू (28) पुत्र कालीचरन बाइक से निहस्था की तरफ जा रहे थे। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार वैगनआर कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक खड्डे में जाकर दूर गिरी। जबकि कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। टक्कर में बाइक सवार युवक घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद उसे मृत्यु घोषित कर दिया। मृतक तीन भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ा था। वह परदेश में रहता था। गत 29 अक्टूबर को ही गांव आया था। हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा है। मृतक की मां मंजू देवी भाई सत्यम व साहिल और बहन काजल का रोल कर बुरा हाल है। खींरो खाने में तैनात उप निरीक्षक मो. सैफ ने बताया कि पंचायतनामा कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

### राजकीय बीज भंडार में गेहूं का बीज खत्म, मायूस लौट रहे अन्नदाता

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के राजकीय कृषि बीज भंडार में गेहूं का बीज समाप्त हो गया। इससे दूर दराज से आए किसान मायूस होकर लौट गए। बीज की अनुपलब्धता के कारण किसानों को अब बाजार से महंगे दामों पर बीज खरीदने की मजबूरी हो रही है। मुस्तफाबाद बेलहनी के किसान रामपियारे ने बताया कि उन्होंने अभी तक गेहूं की फसल नहीं बोई है। भंडार से बीज लेने पहुंचे तो बताया गया कि बीज खत्म हो चुका है। इसी तरह किसान राजन तिवारी, रामराज यादव, ननकऊ और विक्रम सिंह को भी खाली हाथ लौटना पड़ा। राजकीय बीज भंडार में इस सीजन में डीवीडब्ल्यू 187, डीवीडब्ल्यू 222, डीवीडब्ल्यू 327 और डीवीडब्ल्यू 303 वैरायटी का गेहूं बीज वितरित किया गया था। अधिकारियों के अनुसार इस वर्ष 605 कुंतल गेहूं बीज वितरण का लक्ष्य था। जबकि किसानों को 635 कुंतल बीज दिया जा चुका है। बीज भंडार प्रभारी जयराम शर्मा ने बताया कि निर्धारित लक्ष्य से अधिक बीज वितरण होने के कारण अब अतिरिक्त बीज उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। किसानों से आग्रह किया गया है कि वे समय से बुवाई के लिए बाजार से बीज खरीदकर अपनी फसल बो सकें।

# पत्नी के सामने पति की हत्या धारदार हथियार से किए ताबड़तोड़ वार, इलाज़ के दौरान मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** सीतापुर के कमलापुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को दिल दहला देने वाली वारदात हुई निजामाबाद गांव के पास अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। महोली के महसुनिया गंज निवासी मनीष बाजपेई (28) अपनी पत्नी काजल के साथ ससुराल से स्कूटी पर घर लौट रहा था दंपत्ति जैसे ही गांव के बाहर पहुंचे, तभी एक बाइक पर आए दो हमलावरों ने उन्हें रोक लिया और मनीष पर जानलेवा हमला कर फरार हो गए हमले के बाद मनीष सड़क पर लहूलुहान होकर गिर पड़ा। पत्नी काजल घबरा गई और चीखते हुए मदद के लिए दौड़ लगाई कुछ ही देर में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल युवक को जिला अस्पताल ले गए हालत बिगड़ती देख डॉक्टरों ने उसे लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया, जहां देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई पति की मौत से सदमे में डूबी काजल उसी रात कमलापुर थाने पहुंची और पुलिस को पूरी घटना बताई काजल ने कहा कि हमलावर अचानक बाइक आगे लगाकर आए और हमला कर दिया, इसलिए वह उन्हें पहचान नहीं पाई सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि हमलावरों को लेकर कुछ अहम सुराग मिले हैं और तकनीकी जांच जारी है पत्नी काजल से भी विस्तृत पूछताछ की जा रही है। शुरुआती जांच में रंजिश या प्रेम-प्रसंग से जुड़ा मामला होने की आशंका जताई गई है हालांकि पुलिस सभी एंगल पर जांच कर रही है मनीष की मौत की खबर से परिजनों में मातम पसर गया परिजनों ने आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी की मांग की है प्रभारी निरीक्षक इतुल चौधरी ने कहा कि 'घटना के सभी पहलू काफी हद तक साफ हो चुके हैं जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।' इस वारदात ने इलाके में दहशत फैला दी है और लोग खुलेआम घूम रहे हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं!

# सदर विधायक अदिति सिंह ने किया ड्रेस वितरण, कौशल विकास संस्थान रायबरेली में नई बैच का हुआ शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रायबरेली,** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न कोर्सों में अध्ययनरत कौशल विकास संस्थान रायबरेली के प्रशिक्षणार्थियों के लिए ड्रेस वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक माननीय अदिति सिंह प्रतिभागी बनीं। उनके आगमन पर संस्थान द्वारा उनका हार्दिक स्वागत किया गया। स्वागत के उपरांत उन्होंने फीता काटकर नए बैच का उद्घाटन किया और तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। कार्यक्रम का संचालन संस्था की प्रशिक्षक शालिनी यादव ने किया, जबकि स्वागत उद्बोधन शशि नंदन तिवारी द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके बाद संस्थान के सचिव संजय वर्मा ने कौशल विकास संस्थान रायबरेली की गतिविधियों, उपलब्धियों और मिशन की प्रगति के बारे में विस्तृत परिचय दिया। संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा संस्थान के कार्यकारी निदेशक श्री अजेश मणि त्रिपाठी द्वारा निर्धारित की गई थी। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन से कौशल विकास समन्वयक विवेक तिवारी, एमआईएस प्रबंधक राजीव सिंह और वंदना सिंह की विशेष उपस्थिति रही। अपने उद्बोधन में माननीय विधायक अदिति सिंह ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में हो रही प्रगति पर संतोष व्यक्त किया तथा संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बालिकाओं को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से संवाद कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं संस्थान में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी भी प्राप्त की। उद्बोधन के पश्चात विधायक ने प्रशिक्षणार्थियों को ड्रेस वितरण किया। ड्रेस वितरण के बाद उन्होंने संस्थान की प्रयोगशालाओं, कार्यशालाओं तथा कक्षाओं का निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध तकनीकी व प्रशिक्षण सुविधाओं की प्रशंसा की। कार्यक्रम के सुचारू संचालन और समन्वयन में प्रधानाचार्य योगेंद्र मिश्रा, प्रशांत मिश्रा, अंकित पांडे, शशि नंदन तिवारी, अनिल कश्यप और शालिनी यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जबकि कार्यक्रम व्यवस्था में रोली परिहार, प्रीति तिवारी, रश्मि मिश्रा, आफरीन और ओमप्रकाश साहनी ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। अंत में संस्थान के कार्यकारी निदेशक श्री अजेश मणि त्रिपाठी ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# जर्जर भवन में चल रहा आंगन बाड़ी केंद्र जिम्मेदार अंजान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





नवनिहालों का स्वस्थ जीवन शैली और स्वच्छता का पाठ पढ़ाने वाला आंगनबाड़ी केंद्र स्वयं कई तरह की बीमारी परोस रहा है दशकों से मरम्मत नहीं कराए जाने से भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका है छत और दिवाल का प्लास्टर गिर गया है बावजूद इसके जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे मामला लखनऊ के नगर पंचायत बक्शी का तालाब के मांमपुर बाना के बाना में स्थिति आंगनबाड़ी केंद्र का है जहां भवन की हालत बहुत ही दयनीय है पूरे भवन में सीलन से प्लास्टर गिर रहा है डर के साए में नौनिहाल पढ़ने आते है कई माता पिता जर्जर भवन के कारण अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र नहीं भेज रहे है आंगन बाड़ी केंद्र के आस पास साफ सफाई न होने से बड़ी बड़ी घास लगी है भवन पूरी तरह से जर्जर होने के बावजूद इसके नौंनिहाल बच्चों को उसी भवन में पढ़ाया जा रहा है जहरीले जीव जंतुओं का डेरा जर्जर भवन के पास बना रहता है जिम्मेदार अधिकारी लगातार मासूम बच्चों के जीवन से खिलवाड़ करते नजर आ रहे है बाल विकास पुष्टाहार विभाग अपना एक अलग विभाग होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इन मासूमों के साथ खिलवाड़ कर रहे है

## महाराजा सल्हीय सिंह अर्कवंशी के स्मृति दिवस पर संडीला पहुंचे सैकड़ों अर्कवंशी समाज के लोग

**मलिहाबाद** गुरुवार को संडीला नगर संस्थापक महाराजा सल्हीय सिंह अर्कवंशी के स्मृति दिवस पर रहीमाबाद से बड़े ही धूमधाम से ढोल नगाड़े के साथ सैकड़ो की संख्या में लोग पहुंचे। जहां उन्होंने महाराजा सल्हीय सिंह अर्कवंशी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। अर्कवंशी समाज के कुल गौरव कहे जाने वाले क्षत्रिय महाराजा सल्हीय सिंह अर्कवंशी के संडीला में स्मृति दिवस पर रहीमाबाद के जालामऊ, सहीजना, तरौना, तिलन, अन्नीपुर, रुसेना सहित तमाम गांवों से सैकड़ों लोग गाजे बाजे के साथ पहुंचे जहां अर्कवंशी समाज का जनसैलाब एकत्रित हुआ और महाराजा सल्हीय सिंह अर्कवंशी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जोर शोर से जयकारे लगाएं। कार्यक्रम में रहीमाबाद क्षेत्र से अशोक सिंह अर्कवंशी, प्रमोद अर्कवंशी, विकाश सिंह अर्कवंशी, मनोज सिंह अर्कवंशी, भूपेन्द्र अर्कवंशी, रामसिंह अर्कवंशी, राजू अर्कवंशी, संतोष सिंह अर्कवंशी, संजय सिंह, बबलू, सर्वेश, राकेश, सत्यम सिंह, शिवमूरत सिंह, अंकित, अम्बर, अमित सहित सैकड़ों अर्कवंशी समाज के लोग मौजूद रहे।

## कोन क्षेत्र के सब स्टेशन से जुड़े उपभोक्ताओं से अपील, जल्दी आयें, जल्दी पायें का लाभ उठायें

**कोन/ सोनभद्र –** कोन क्षेत्र के अंतर्गत विद्युत उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर लेकर आया है। जिसके क्रम में विद्युत वितरण खण्ड पिपरी, सोनभद्र पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड बिजली बिल राहत योजना 2025-26 'जल्दी आयें, ज्यादा लाभ पायें। जिसमे 1 कि.वा. एवं 2 कि.वा. के समस्त घरेलू एवं 1 कि. वा. के वाणिज्यिक श्रेणी के उपभोक्ताओं जिनका अन्तिम भुगतान 31.03.2025 के पूर्व हुआ है या जिनका भुगतान कभी नहीं हुआ है, के विलम्बित भुगतान अधिभार में शत प्रतिशत छूट के साथ मूलधन में भी भारी छूट प्रथम चरण 01.12.2025 से प्रारम्भ यह योजना जल्दी आयें, ज्यादा लाभ पायें के सिद्धांत पर आधारित हैं। जिसके क्रम में अधिशासी अभियन्ता आर एन यादव व ए के गुप्ता ने बताया कि यह

योजना प्रथम चरण 01.12.2025 से 31.12.2025, द्वितीय चरण 01.01.2026 से 31.01.2026 तथा तृतीय चरण 01.02.2026 से 28.02.2026 तक होगा किन्तु सर्वाधिक लाभ के लिए प्रथम चरण में ही पंजीकरण कराकर भुगतान करें।योजना में पंजीकरण के लिए 2000/- की राशि जमा करना होगा।योजना में एकमुश्त भुगतान और किश्तों में भुगतान (रू 750/- मासिक किस्त या रू500/- मासिक किस्त का प्राविधान हैं।

एकमुश्त भुगतान के लिए पंजीकरण के बाद 30 दिन का समय मिलेगा।

योजना में पंजीकरण विभागीय खण्ड / उपखण्ड कार्यालय/कैश काउण्टर अथवा जन सेवा केन्द्र के माध्यम से होगा।विभागीय वेबसाइट www-uppcl.org पर रजिस्टर्ड होकर स्वयं लॉगइन कर पंजीकरण कर सकेगे।अधिक जानकारी के लिए निकटतम विद्युत कार्यालय/जन सेवा केन्द्र से सम्पर्क करें अथवा 1912 टोल फ्री हेल्प लाइन नम्बर पर सम्पर्क करें। विद्युत चोरी के प्रकरणों में पेनाल्टी पर भी 50% तक की छूट अधिक जानकारी के लिए निकटतम विद्युत कार्यालय / जन सेवा केन्द्र 7 1912 टोल फ्री हेल्प लाइन नम्बर / 222-uppcl.org पर सम्पर्क करें ।उपखण्ड अधिकारी पिपरी-9450963605, उपखण्ड अधिकारी ओबरा-7905334312, अवर अभियन्ता आर. एन यादव कोन-9453047767 अवर अभियन्ता ए के गुप्ता कचनरवा - 8299393029 से संपर्क कर सकते हैं। जिसके क्रम में 33/11 के0वी0 उपकेंद्र कचनरवा के अवर अभियन्ता ए के गुप्ता ने बताया कि OTS 2025-26 कैम्प स्थल विवरण कचनरवा बाज़ार 01/12/2025 सोमवार, नेरुईयादामर बाज़ार 02/12/2025, मंगलवार

चेरवाडीह पंचायत भवन 03/12/2025, बुधवार, करईल बाज़ार04/12/2025, गुरुवार, बागेसोती शिव मंदिर 05/12/2025 शुक्रवार, कुड़वा (मायावती मोड़) 06/12/2025 शनिवार, केवाल (रामलीला मंच) 08/12/2025 सोमवार, अजनियाँ (प्रधान )09/12/2025 मंगलवार, कचनरवा बाज़ार, 10/12/2025, बुधवार किशुनपुरवा (प्रधान ) 11/12/2025 गुरुवार, प्राथमिक विद्यालय समइलवा (बागेसोती)12/12/2025 शुक्रवार पिपरखाड़ (पीपल के पेड़ के पास) 13/12/2025 शनिवार मिटिहिनियाँ (पंचायत भवन) 15/12/2025 सोमवार को योजना का लाभ उठायें।

### राजकीय बीज भंडार में गेहूं का बीज खत्म, मायूस लौट रहे अन्नदाता

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के राजकीय कृषि बीज भंडार में गेहूं का बीज समाप्त हो गया। इससे दूर दराज से आए किसान मायूस होकर लौट गए। बीज की अनुपलब्धता के कारण किसानों को अब बाजार से महंगे दामों पर बीज खरीदने की मजबूरी हो रही है। मुस्तफाबाद बेलहनी के किसान रामपियारे ने बताया कि उन्होंने अभी तक गेहूं की फसल नहीं बोई है। भंडार से बीज लेने पहुंचे तो बताया गया कि बीज खत्म हो चुका है। इसी तरह किसान राजन तिवारी, रामराज यादव, ननकऊ और विक्रम सिंह को भी खाली हाथ लौटना पड़ा। राजकीय बीज भंडार में इस सीजन में डीवीडब्ल्यू 187, डीवीडब्ल्यू 222, डीवीडब्ल्यू 327 और डीवीडब्ल्यू 303 वैरायटी का गेहूं बीज वितरित किया गया था। अधिकारियों के अनुसार इस वर्ष 605 कुंतल गेहूं बीज वितरण का लक्ष्य था। जबकि किसानों को 635 कुंतल बीज दिया जा चुका है। बीज भंडार प्रभारी जयराम शर्मा ने बताया कि निर्धारित लक्ष्य से अधिक बीज वितरण होने के कारण अब अतिरिक्त बीज उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। किसानों से आग्रह किया गया है कि वे समय से बुवाई के लिए बाजार से बीज खरीदकर अपनी फसल बो सकें।

## ब्लाइंड मर्डर का 24 घंटे में खुलासा, चार हत्यारे गिरफ्तार



**● एसओजी और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई से मात्र 24 घंटे के अंदर एक सनसनीखेज ब्लाइंड मर्डर केस का कर दिया पर्दाफाश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज रायबरेली।** रायबरेली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एसओजी और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई से मात्र 24 घंटे के अंदर एक सनसनीखेज ब्लाइंड मर्डर केस का पर्दाफाश कर दिया गया। चारों मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामला चंदापुर थाना क्षेत्र के ओया गांव का है। बुधवार देर रात समरजीत उर्फ विनीत सिंह (35 वर्ष) का शव गांव के बाहर एक ट्यूबवेल की कोठरी में मिला था। सिर और शरीर पर गहरे घाव व चोट के निशान थे, जिससे स्पष्ट था कि यह सुनियोजित हत्या है। शव मिलते ही पूरे जिले में हड़कंप मच गया।पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने तत्काल कई टीमें गठित कीं। सर्विलांस और एसओजी की मदद से तकनीकी और मानवीय खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस ने हत्याकांड में शामिल प्रांजल (पुत्र अनोखेलाल), सूरज (पुत्र अनु), जितेंद्र यादव (पुत्र राकेश कुमार) और कुणाल यादव (पुत्र बृजलाल) को गिरफ्तार कर लिया। हत्या में इस्तेमाल हथियार भी बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस के अनुसार, हत्याकांड में एक और आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश में टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। पकड़े गए चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने कहा, हमारी टीम ने बेहतरीन समन्वय से 24 घंटे के अंदर इस जघन्य हत्याकांड का खुलासा किया है। अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# बस स्टॉप पर हुई व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, साथियों के साथ जा रहे थे दिल्ली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** सीतापुर में कोतवाली नगर क्षेत्र स्थित रोडवेज बस स्टॉप पर बुधवार देर रात एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक हुई मौत से हड़कंप मच गया मृतक की पहचान तंबौर थाना क्षेत्र के रहने वाले 40 वर्षीय अली असगर के रूप में हुई है जो पेशे से मुनीम बताया जा रहा है जानकारी के अनुसार अली असगर रात में मजदूरों को लेकर किसी काम के सिलसिले में दिल्ली फैक्ट्री में जाने की तैयारी में रोडवेज बस स्टॉप पर मौजूद था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस स्टैंड पर खड़े-खड़े अचानक अली असगर जमीन पर गिर पड़ा आसपास मौजूद लोगों ने उसकी मदद करने की कोशिश की, लेकिन वह बेहोशी की हालत में ही पड़ा रहा घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई, जिसके बाद कोतवाली नगर पुलिस मौके पर पहुंची और व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया डॉक्टरों की प्रारंभिक जांच में यह अनुमान लगाया जा रहा है कि अली असगर की मौत हृदय गति रुकने (कार्डियक अरेस्ट) के चलते हुई होगी हालांकि पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मौत का वास्तविक कारण पोस्टमॉर्टम आने के बाद ही पता चल सकेगा पुलिस के अनुसार मृतक मजदूरों को किसी निर्माण कार्य पर ले जाने के लिए पहले से ही तय कार्यक्रम के तहत निकलने वाला था। मजदूरों ने भी बताया कि वह बिल्कुल सामान्य हालत में बस स्टैंड पहुंचा था और चाय मूंगफली खाने के बाद अचानक गिरकर बेहोश हो गया घटना के बाद रोडवेज बस स्टॉप पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भीड़ को हटाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया अधिकारियों ने बताया कि मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है और परिजन सीतापुर पहुंच रहे हैं। अचानक मौत की इस घटना से तंबौर क्षेत्र और मजदूरों में शोक की लहर है। पुलिस ने कहा है कि पोस्टमॉर्टम के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। शुरुआत में किसी तरह की चोट अथवा बाहरी हिंसा के कोई निशान नहीं पाए गए हैं!

# केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है-जिलाध्यक्ष

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मलिहाबाद।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत गुरुवार को विकासखंड के सभागार में विधानसभा मंडल द्वारा महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम में पहुंचकर विधायक जयदेवी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और रोजगार से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।भाजपा जिला अध्यक्ष विजय मौर्य ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। आज की महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं, और सरकार उन्हें आगे बढ़ाने के लिए सभी जरूरी सुविधाएं एवं अवसर उपलब्ध करा रही है। कार्यक्रम की संयोजक पिंकी शर्मा, जिला मंत्री महिला मोर्चा रहीं। इस दौरान रामबिलास रावत जिला उपाध्यक्ष, निर्मल वर्मा ब्लॉक प्रमुख, प्रधान संघ अध्यक्ष प्र अखिलेश सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं।

## विकासखंड तुलसीपुर में एस.ए.आर. प्रगति 75% पर पहुँची, नेटवर्क समस्या बनी बड़ी बाधा

**● ग्राम वासियों से सहयोग की अपील, चुनाव आयोग की गाइडलाइन का पालन अनिवार्य**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** विकासखंड तुलसीपुर में चल रहे एस.ए.आर. (स्पेशल एरर रिड्रेसल) कार्य की प्रगति अब तक 75 प्रतिशत तक पहुँच चुकी है। ब्लॉक स्तरीय कर्मचारी बीएलओ के साथ डोर तू डोर कड़ी मेहनत के साथ कार्य कर रहे हैं जिसमे ग्राम विकास अधिकारी अनिल द्वितीय, पूरनपुर अर्जुनपुर लाल नगर सिपहिया मीनाक्षी राव ग्राम पंचायत मैंनहवा ग्राम प्रधान शिव कुमार के साथ तथा ग्राम पंचायत अधिकारी कृपाशंकर, ग्राम पंचायत खैरानिया श्यामलाल ग्राम पंचायत लोहेपनिया और दिनेश कुमार ग्राम पंचायत मोहनपुर के नेतृत्व में एस.ए.आर. कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। अधिकारियों की टीम लगातार ग्राम पंचायतों में भ्रमण कर दस्तावेजों की जाँच, सुधार तथा फीडिंग कार्य को सुचारू रूप से पूरा कराने में जुटी है। हालाँकि, गाँवों में नेटवर्क की समस्या बड़ी चुनौती बनकर सामने आई है। नेटवर्क कमजोर होने के कारण सर्वर अक्सर डाउन रहता है, जिससे ऑनलाइन फीडिंग के कार्य में देरी होती है। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि नेटवर्क समस्या के कारण कई बार महत्वपूर्ण डेटा अपलोड करने में तकनीकी दिक्कतें आती हैं, जिससे समय पर फीडिंग का लक्ष्य प्रभावित होता है।

इधर, चुनाव आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार ग्राम वासियों की भी बड़ी जिम्मेदारी तय की गई है। आयोग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिन व्यक्तियों का विवरण सुधार हेतु या सत्यापन हेतु आवश्यक है, वे अपने प्रपत्र एवं दस्तावेज लेकर बिलों/केंद्रों पर उपस्थित होकर सहयोग करें।

कई बार ग्रामवासी दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पाते, जिससे सुधार कार्य में बाधा उत्पन्न होती है। अधिकारियों ने अपील करते हुए कहा कि ग्रामीण समय से अपने आवश्यक प्रपत्र लेकर केंद्रों पर पहुँचें, ताकि फीडिंग एवं सत्यापन कार्य समय पर पूरा किया जा सके। इसके साथ ही, नेटवर्क समस्या को लेकर उच्च स्तर पर अवगत करा दिया गया है और समाधान हेतु प्रयास किए जा रहे हैं। खंड विकास अधिकारी तुलसीपुर सुनील कुमार आर्य ने कर्मचारियों की सराहना की टीम ने भरोसा जताया कि ग्रामीणों के सहयोग एवं तकनीकी दिक्कतों के समाधान के साथ एस.ए.आर. कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा कर लिया जाएगा।

# ज्योतिबा फुले: बराबरी के उस अलख के प्रथम यात्री

**इतिहास का नहीं, चेतना का अध्याय— ज्योतिबा फुले जाति से ऊपर मनुष्य: फुले की पुनर्निर्माण की धर्मयात्रा**

भारत के सामाजिक इतिहास में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जो तारीखों में नहीं, मनुष्यों की चेतना में दर्ज होते हैं—ज्योतिबा फुले उन्हीं में से एक थे। 28 नवम्बर 1890, उनका अंतिम दिन था, लेकिन किसी अंत की तरह नहीं, एक नई शुरुआत की तरह। इस दिन एक शरीर थमा, पर वह विचार नहीं जो सदियों से जकड़े समाज में बराबरी की पहली लौ बनकर जला था। वे व्यक्ति नहीं थे, एक प्रश्न थे; एक चिंगारी थे; एक ऐसा विजन थे जो अपने समय से सौ साल आगे खड़ा था। आज जब उनके जीवन को पीछे मुड़कर देखते हैं, तो महसूस होता है कि वह शरीर से गए, पर उनके विचार आज भी उसी तीव्रता से धड़कते हैं जैसे उन दिनों पुणे की तंग गलियों में धड़कते थे, जहाँ हर कदम पर जाति और मनुष्यता का संघर्ष टकराता था। मनुष्यत्व के प्रथम संरक्षक ज्योतिराव फुले ने समाज को बदलने के लिए हथियार नहीं चुना, उन्होंने चेतना को हथियार बना दिया। उस समय, जब जन्म ही इंसान की किस्मत लिख देता था; जब शिक्षा कुछ ऊँची जातियों की निजी संपत्ति थी; जब स्त्री को इंसान नहीं, घर की जिम्मेदारी का सामान समझा जाता था; जब ऊँच-नीच की दीवारें इतनी ऊँची थीं कि रोशनी भी लौट जाती थी—उसी घने अंधकार में फुले एक दीप लेकर खड़े हुए। और सबसे विलक्षण यह था कि वह दीप उन्होंने अपने मार्ग के लिए नहीं, दूसरों की राह रोशन करने के लिए उठाया। किताबों में अक्सर लिखा मिलता है कि ज्योतिबा फुले 'समाज सुधारक' थे, पर यह शब्द उनके लिए छोटा पड़ जाता है। वे समाज को सुधारने नहीं, पुनर्निर्माण करने आए थे। वे उस नींव को बदलने आए थे जिस पर सदियों से अन्याय की दीवारें खड़ी थीं। उनकी दृष्टि इतनी गहरी थी कि उन्होंने न सिर्फ सामाजिक बंधनों को पहचाना, बल्कि यह भी समझा कि कारण केवल व्यवस्था नहीं—सोच है। और सोच को बदलने का एकमात्र रास्ता था शिक्षा। उनके लिए शिक्षा केवल किताबों का ज्ञान नहीं, बल्कि आत्मसम्मान का पहला अधिकार था। इसीलिए उन्होंने लड़की की शिक्षा को अपना सबसे पवित्र संघर्ष माना। सावित्रीबाई फुले के साथ जब उन्होंने पहली कन्या-शाला खोली, तो वह कदम उतना ही क्रांतिकारी था जितना आज किसी पूरी व्यवस्था को उलट देना। उन्हें अपशब्द कहे गए, उन पर कीचड़ फेंका गया, उन्हें समाज से निकाल देने की धमकियाँ मिलीं—पर फुले पीछे नहीं हटे। क्योंकि उनके भीतर उस व्यवस्था से अधिक शक्तिशाली चीज थी: मनुष्य की गरिमा पर अडिग विश्वास। उनका संघर्ष केवल जाति या शिक्षा तक सीमित नहीं था। वे स्त्री को केवल शिक्षित करना नहीं चाहते थे; वे स्त्री को उसके संपूर्ण मनुष्यत्व के साथ स्थापित करना चाहते थे। वे चाहते थे कि स्त्री अपने भीतर की पहचान को पहचान सके—अपना अधिकार, अपनी गरिमा, अपनी आवाज़। उस समय, जब विधवाओं को जीवित दफनाने की अमानवीय प्रथा मौजूद थी; जब स्त्री की शिक्षा को पाप कहा जाता था; जब पुरुषसत्ता का फैसला अंतिम सच माना जाता था—फुले ने इन सब दीवारों को एक-एक कर ढहाया। विधवा पुनर्विवाह के समर्थन से लेकर बालिकाओं की सुरक्षा के लिए आश्रय-गृहों की स्थापना तक, उनकी हर पहल स्त्री-मुक्ति की ओर एक नई, सुरक्षित ज़मीन तैयार कर रही थी।

लेकिन फुले की सबसे प्रखर विरासत सत्यशोधक समाज है—एक संस्था कम, और विचारों के विद्रोह का गुरुकुल अधिक। यह वह मंच था जहाँ इंसान को पहली बार यह सीख मिली कि उसकी पहचान जाति से नहीं, मानवता से शुरू होती है। यहाँ जन्म से ऊपर कर्म था; पूजा से ऊपर न्याय; और देवी-देवताओं की ऊँची वेदियों से ऊपर मनुष्य की गरिमा। सत्यशोधक समाज ने उन वर्गों को चेहरा, आवाज़ और आत्मपहचान दी, जिन्हें सदियों तक अंधेरे में कैद रखा गया था। फुले ने उन्हें केवल सहारा नहीं दिया—उन्होंने उन्हें यह सामर्थ्य भी दिया कि वे स्वयं अपने पैरों पर उठ सकें।

समता-जागरण के शिल्पी ज्योतिबा फुले का जीवन इस सच का प्रमाण है कि परिवर्तन की सबसे बड़ी शक्ति विचार होता है। उनके पास न सत्ता थी, न पद; न सेना थी, न संपत्ति—फिर भी वे व्यवस्था की जड़ें हिला सके, क्योंकि उनका आधार सत्य था। और सत्य जब संकल्प से जुड़ता है, तो इतिहास की दिशा बदल देता है। फुले किसी व्यक्ति से नहीं, मानसिकता से लड़ने निकले थे। उन्होंने बताया कि समाज की सबसे ऊँची दीवारें जन्म नहीं खड़ी करता, सोच खड़ी करती है। और उन्हें गिराने का उपाय है—प्रश्न करना, सोच जगाना और साहस के साथ खड़ा होना। उनकी पुण्यतिथि किसी औपचारिक श्रद्धांजलि का दिन भर नहीं– यह एक दायित्व है, एक स्मरण है कि हम उस रास्ते पर चलें जिसे उन्होंने दिखाया था। क्योंकि ऊँच-नीच आज भी हमारे सामाजिक ढाँचे में टिकी है; शिक्षा अब भी सभी तक समान रूप से नहीं पहुँचती; स्त्री के अधिकारों की लड़ाई अभी अधूरी है; और सोच के कई दरवाज़ों पर अब भी सदियों पुरानी बेड़ियाँ जड़ी हैं। फुले हमें सिखाते हैं



कि बदलाव शिखरों की कृपा से नहीं उतरता—वह धरती की जड़ों से उगता है। जो व्यक्ति उस धरती में बराबरी का बीज बोता है, वही असली क्रांतिकारी होता है। ज्योतिबा फुले का जाना इतिहास की एक बंद होती पंक्ति नहीं, वह विचारों की एक नई यात्रा का प्रारंभ बिंदु है। वह यात्रा जो सावित्रीबाई से होकर डॉ. आम्बेडकर तक जाती है, और आज भी उस हर जगह पहुँचती है जहाँ कोई बच्चा शिक्षा की रोशनी चाहता है, कोई स्त्री अपने सम्मान के लिए खड़ी होती है, कोई मजदूर अपने अधिकार की मांग करता है, कोई युवा अन्याय के आगे सिर झुकाने से इंकार करता है। फुले का जीवन हमें बताता है कि रोशनी कभी समाप्त नहीं होती, वह केवल हाथ बदलती है। आज, 28 नवम्बर को उन्हें याद करते हुए, हम केवल इतिहास को नहीं पढ़ते—हम अपने वर्तमान की जिम्मेदारी पहचानते हैं। फुले का जाना एक समाप्ति नहीं, एक आह्वान था। और यदि हम उस आह्वान का सम्मान करना चाहते हैं, तो हमें हर उस मनुष्य के साथ खड़ा होना होगा जिसे समाज ने किनारे धकेला है। यही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि है—न भाषण, न फूल, न समारोह; बल्कि वह साहस, वह संवेदना और वह समता, जिसे उन्होंने जीवनभर जिया।

**प्रो. आरके जैन**

# संपादकीय

## जब जीवन की पहली खुराक ही विष से प्रभावित हो जाए

बिहार में मांओं के दूध में यूरेनियम की उपस्थिति का खुलासा एक ऐसे समय में सामने आया है, जब देश लगातार सार्वजनिक स्वास्थ्य, पर्यावरणीय क्षरण और बुनियादी ढांचे की कमियों से जूझ रहा है। यह अध्ययन केवल वैज्ञानिक डेटा नहीं, बल्कि हमारे सामाजिक व प्रशासनिक ढांचे की गहरी उपेक्षा का संकेतक है। भोजपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, कटिहार और नालंदा जैसे जिलों से लिए गए चालीस नमूनों में यूरेनियम का मिलना एक स्थानीय घटना नहीं, बल्कि एक व्यापक पर्यावरणीय संकट की ओर इशारा करता है। सबसे अधिक चिंताजनक यह तथ्य है कि ये नमूने उन महिलाओं के थे, जो नवजात शिशुओं को स्तनपान करा रही थीं—अर्थात यह प्रदूषण सीधे उन सबसे नाजुक शरीरों तक पहुंच रहा है, जिन्हें जीवन की शुरुआत में सबसे स्वच्छ भोजन मिलना चाहिए। महावीर कैंसर संस्थान, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी और द्वद्व्स दिल्ली द्वारा किए गए इस संयुक्त शोध ने यह स्पष्ट किया है कि नवजात शिशुओं में संभावित गैर-कैंसरोजेनिक स्वास्थ्य जोखिमों का संकेत 70 प्रतिशत से अधिक मामलों में देखा गया। हालांकि कुल यूरेनियम स्तर निर्धारित वैश्विक सीमा के भीतर बताए गए हैं, लेकिन यह भी सच है कि ब्रेस्ट मिल्क में यूरेनियम के लिए कोई सार्वभौमिक मानक ही मौजूद नहीं है। ऐसे में यह कहना कि जोखिम सीमित है, कहीं न कहीं असहज करता है। वैज्ञानिकों के अनुसार, बच्चों के शरीर में तत्वों को बाहर निकालने की क्षमता कम होती है, इसलिए उनकी किडनी, न्यूरोलॉजिकल विकास, द्बक्तऔर मानसिक स्वास्थ्य पर इसके दीर्घकालीन प्रभाव संभव हैं। यह तथ्य अकेले ही राज्य और केंद्र सरकार को चौकन्ना करने के लिए पर्याप्त होना चाहिए। फिर भी विशेषज्ञों ने स्तनपान बंद करने की सलाह नहीं दी है, क्योंकि मां के शरीर में पहुंचा अधिकांश यूरेनियम मूत्र के माध्यम से बाहर निकल जाता है और स्तन के दूध में इसकी मात्रा अपेक्षाकृत कम होती है। यह सलाह व्यावहारिक भी है और सार्वजनिक स्वास्थ्य के व्यापक परिप्रेक्ष्य में आवश्यक भी, क्योंकि स्तनपान बंद करने से बच्चों की पोषण व्यवस्था पर गहरा असर पड़ेगा। लेकिन यही तर्क सरकारों की जिम्मेदारी कम नहीं करता। यह समझना जरूरी है कि समस्या स्तनपान नहीं—बल्कि प्रदूषण का स्रोत है। जब भूजल, मिट्टी और खाद्य श्रृंखला में यूरेनियम प्रवेश कर चुका हो, तब इसका असर केवल एक पीढ़ी पर नहीं, आने वाली पीढ़ियों पर भी पड़ेगा। इस अध्ययन का दायरा 2021 से 2024 तक रहा, जो बताता है कि यह कोई अचानक उत्पन्न हुई परिस्थिति नहीं, बल्कि एक लंबे समय से पनप रही समस्या है। जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया भी अब इसके स्रोत की जांच कर रहा है, लेकिन यह प्रश्न अनुत्तरित है कि आखिर कौन से कारक इतने संवेदनशील जिलों में यूरेनियम की मात्रा बढ़ा रहे हैं। क्या यह प्राकृतिक भू-वैज्ञानिक संरचना का परिणाम है, या कृषि रसायनों, खनन गतिविधियों, औद्योगिक कचरे और भूजल के अंधाधुंध दोहन के कारण उत्पन्न मानवजनित प्रदूषण? और यदि प्रदूषण का स्रोत वर्षों पुराना है, तो इसका पता लगाने और रोकथाम में प्रशासन इतना विलंब क्यों करता रहा? इस मुद्दे की गंभीरता इसलिए भी बढ़ जाती है क्योंकि प्रभावित आबादी मुख्यतः ग्रामीण है, जहां स्वास्थ्य सेवाएं पहले से कमजोर हैं और भूजल ही पीने और दैनिक उपयोग का प्राथमिक स्रोत है। यदि यही जल प्रदूषित हो चुका है, तो समस्या केवल माताओं और बच्चों तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे समाज की है। यह भी स्पष्ट है कि यूरेनियम जैसे भारी धातुओं का असर धीमा लेकिन स्थायी होता है—वे शरीर में जमा होते हैं और वर्षों तक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं। ऐसे में यह मान लेना कि वर्तमान स्तर सुरक्षित हैं, एक खतरनाक सरलता है। इस दृष्टि से सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि इस शोध के सामने आने के बाद क्या सरकारें केवल चिंता व्यक्त कर संतुष्ट हो जाएंगी, या वास्तव में यह घटना एक व्यापक नीति परिवर्तन का आधार बनेगी। बिहार में पेयजल शुद्धिकरण, वैकल्पिक जल स्रोतों की उपलब्धता, भूजल परीक्षण की नियमित व्यवस्था, और पर्यावरणीय निगरानी जैसे उपाय वर्षों से घोषणाओं में ही अटके हुए हैं। अब समय आ गया है कि इन घोषणाओं को जमीन पर उतारा जाए। इसके अतिरिक्त, महिलाओं और बच्चों के लिए एक दीर्घकालीन स्वास्थ्य सर्वेक्षण अनिवार्य होना चाहिए। यदि स्वास्थ्य पर कोई प्रभाव पड़ा है, तो उसके लिए त्वरित चिकित्सा सहायता और दीर्घकालिक मॉनिटरिंग की व्यवस्था की जानी चाहिए। यह केवल बिहार का मामला नहीं; यह देश के लिए एक चेतावनी है। यूरेनियम या अन्य भारी



धातुओं से प्रदूषण सीमाओं में कैद नहीं रहता। यह धीरे-धीरे फैलता है, खाद्य श्रृंखला को प्रभावित करता है और अंत में मनुष्य के शरीर में प्रवेश करता है। यदि आज इन छह जिलों में यह समस्या दिख रही है, तो हमें यह मानने से इंकार नहीं करना चाहिए कि अन्य राज्यों में भी इसी तरह की स्थितियाँ मौजूद हों और अब तक सामने न आई हों। भारत में पर्यावरणीय निगरानी की व्यवस्था बिखरी हुई और सीमित है। ऐसे में यह अध्ययन उस गहरी खामोशी को तोड़ता है जिसके भीतर हमारा पारिस्थितिक संकट छिपा रहता है। इसलिए आवश्यकता केवल वैज्ञानिक जांच या स्वास्थ्य पर शोध की नहीं—बल्कि एक व्यापक सामाजिक-राजनीतिक इच्छाशक्ति की है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि विकास का मॉडल यदि पर्यावरणीय सुरक्षा की अनदेखी करता है तो उसकी कीमत अंततः समाज के सबसे कमजोर हिस्से को चुकानी पड़ती है। नवजात शिशुओं के शरीर में यूरेनियम का पहुंचना इस विडंबना की सबसे भयावह अभिव्यक्ति है। यह वह क्षण है जब वैज्ञानिक अनुसंधान, मीडिया, प्रशासन और समाज को मिलकर एक संयुक्त प्रयास करना चाहिए ताकि यह संकट केवल आँकड़ों में दर्ज होकर न रह जाए, बल्कि वास्तविक परिवर्तन का कारण बने। यह शोध हमें याद दिलाता है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य केवल अस्पतालों, दवाओं और उपचारों से सुरक्षित नहीं होता। यह स्वच्छ पर्यावरण, सुरक्षित जल, और वैज्ञानिक नजरिये से संचालित नीतियों से संरक्षित होता है। बिहार की यह घटना हमें यही सिखाती है कि यदि हम पर्यावरण को सुरक्षित नहीं रख पाए, तो भविष्य की पीढ़ियों की सुरक्षा का दावा करना केवल आत्मवंचना होगा।

**महेन्द्र तिवारी**

# आतंकवाद के मासूम चेहरों के पीछे छुपी है क्रूरता और विध्वंस

आतंकवाद जाति और मज़हब के नाम पर गहरा धब्बा हैं। जो लोग भी इस कृत्य में शामिल होते है उनकी जीवन प्रत्याशा अपने आप ही कम जाती हैं। एक ओर जहां आतंकी नेटवर्क को चलाने के लिए बालकों के दिमाग में ज़हर और नफ़रत भरकर उनको कम उम्र में ही इस काम में धकेल दिया जाता है। वही दूसरी और युवाओं को रूपये और उनके परिवार का पोषण का जूठा वादा करके आतंकी बनने के लिए घसीट लिया जाता है।

**अव्वल दर्जे की मनोवैज्ञानिक ट्रेनिंग का नतीजा होते हैं आतंकी**

बदलते परिवेश में मनोवैज्ञानिक तरीके से युवक और युवतियों का धीरे-धीरे ब्रेनवाश करके 15 से 16 वर्ष की आयु तक उन्हें एक ट्रेंड और क्रूर आतंकी बना दिया जाता है। फिर ये मासूम एक ऐसे व्यक्ति बन जाते है जिसका खुद का दिमाग चलना ही बंद हो जाता है। और जो भी उन्हें आदेश या टारगेट दिए जाते हैं वे अपना दिमाग बिना चलाए आंख मूंद कर उन टारगेटों को पूरा करने के लिए निकल जाते हैं। फिर चाहे उन्हें सुसाइड बंबर बनकर अपने ही शरीर के चीथड़े ही क्यों ना उडाने पड़े। आतंकवादियों को जरा भी इस बात का इल्म नहीं होता कि उन्होंने उनके इस काम से कितने मासूमो को मारा है । इतनी क्रूरता आखिर किस लिए सिर्फ? सरकार को दिखाने के लिए या जनता को डराने के लिए? या फिर अपने नाकाम मानसून को पूरा करने के लिए? इस पर मैं बस इतना कहूंगी कि ये घटनाएं सिर्फ एक क्रूर मनुष्य के दिमाग़ से जन्म लेती है और विचलित, ब्रेन लॉक मनुष्य के द्वारा अंजाम तक पहुंचाई जाती हैं। जिनका मकसद सिर्फ समाज में आतंकवाद डर को फैलाना होता है।

**कश्मीर की आड़ में अपने खूनी मंसूबों को अंजाम देते हैं आतंकी**

आतंकवादी ऐसे लक्ष्य विहीन लोग होते है जो,कश्मीर की आड़ में कश्मीर को ही खोखला कर रहे है। कश्मीर में रहने वाला शायद ही कोई ऐसा परिवार होगा जिसने आतंक के इस डरावने चेहरे का सामान न किया हो। पाकिस्तान मैं बैठे कुछ लोग अगर कश्मीर की आजादी की बात कर रहे है तो इसमें कोई भी दो मत नहीं है कि जितना वह आतंक और नरसंहार फैला रहे है उसके बाद उनसे शांति और करुणा की बात करना बेफिजूल ही है । ये न केवल अपने खूनी मंसूबों को ही अंजाम दे रहे हैं। बल्कि हथियारों का निर्माण और उनकी तस्करी करने वालों को भी सीधा फ़ायदा पहुंचा रहे हैं। हथियारों की तस्करी करने वाले ये लोग तो अमीर देशो में बैठे हुए हैं। और आतंकवादी बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता हैं मिडिल क्लास और निम्न तबगे के लोगों का। जबकि इन आतंकियों के जो हुक्मरान होते हैं वह खुद अपने बच्चों और परिवार को तो लग्जरी लाइफ देते हैं और आम जन को बली चढ़ाने के लिए आतंकवाद की आग में झोंक देते हैं।

**दिल्ली में विस्फोट के पीछे का काला सच**

वर्तमान घटना क्रम की बात करे तो, दिल्ली लाल किले के पास हुए जोरदार कार धमाके में डॉ. उमर नबी ने करीब 30-40 किलोग्राम विस्फोटक का इस्तेमाल किया था। पुलिस इस बात की आशंका जता रही हैं। कि इस धमाके में अमोनियम नाइट्रेट का इस्तेमाल हुआ है।सूत्रों के मुताबिक आतंकी ने विस्फोट को और खतरनाक बनाने के लिए अमोनियम नाइट्रेट के अलावा दूसरे पदार्थों का भी इस्तेमाल भी किया होगा। जिसकी जांच अभी चल रही है। इन्हीं केमिकल पदार्थों के द्वारा ही धमाका काफी जोरदार हुआ था और इसकी गूंज काफी दूर तक सुनाई दी थी। मार्च 2020 में गिरफ्तार अलीपुर महिला सुधार गृह में बंद परवीन जो मौलाना मसूद अज़हर की बहन, है और लश्कर - ए -तैयबा की एक हैंडलर भी है से पूछ ताछ में पता चला है कि वह खुद जैश की महिला शाखा की प्रमुख सईदा अज़हर के निर्देशों पर काम करती थी। परवीन कथित तौर पर आतंकवादियों के लिए ऑनलाइन भर्ती का काम संभालती थी और उसकी गतिविधियों पर नज़र रखती थी है। आज आतंकी सिर्फ पहाड़ों में छिपे बंदूकधारी नहीं रह गए है, बल्कि यहां तो यूनिवर्सिटी में पढने वाले डॉक्टर, इंजीनियर और टेक-सेवी नौजवानो को भी आतंकी बनाया जा रहा हैं। भारत के भीतर व्हाइट कॉलर टेरर का ऐसा नेटवर्क तैयार किया गया है, जो मेडिकल पेशे की आड़ में देश को अस्थिर करने की साजिश रच रहा था।

**घटना के बाद परिवार द्वारा शव का बहिष्कार**



फ़िदायीन आतंकी डॉ. उमर नबी जिसके इस विस्फोट में टुकड़े टुकड़े हो गए थे, उसके शव के कई टुकड़े मोर्चरी में रखे हुए हैं। डीएनए से उसके शव की पहचान भी हो गई है। फिर भी उमर का शव लेने के लिए अभी किसी ने भी दावा नहीं किया है। ये वही डॉ. उमर है जो पहले विस्फोटक से लदी कार लेकर दिल्ली के वीआईपी इलाकों में घूमता रहा और बाद में इसने इस भयानक विस्फोट को अंजाम दिया। उमर की उम्र 43 वर्ष ही थी और वह अल फलाह यूनिवर्सिटी फरीदाबाद से जुड़ा हुआ था। हालांकि सुरक्षा एजेंसियां उसके परिवार से लगातार पूछताछ कर रही हैं। पर विचार करने वाली बात यही है की, ऐसे नौजवान जो आतंक के हत्थे चढ़ जाते है अपने पीछे अपने पूरे परिवार को जीवन भर के लिए बदनामी और सामाजिक बहिष्कार का हिस्सा बना जाते है।

लेखिका फॉर्मर यू.जी.सी. सीनियर रिसर्च फैलो (रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन), दिल्ली रह चुकी हैं।

**डॉ. अंशुल उपाध्याय**

# अमीर अली: सात सौ हत्याएं करने वाला ठग

फिलिप मिडोज टेलर की पुस्तक एक ठग की दास्तान का हिंदी में अनुवाद राज नारायण पांडेय ने किया है। 700 से अधिक हत्याएँ करके अपराध के महासिन्धु में डूबा हुआ अमीर अली जेल में सामान्य बन्दियों से पृथक बड़े ठाट-बाट से रहता था। वह साफ कपड़े पहनता, अपनी दाढ़ी सँवारता और पाँचों वक्त की नमाज अदा करता था। उसकी दैनिक क्रियाएँ नियमपूर्वक चलती । अपराधबोध अथवा पश्चात्ताप का कोई चिह्न उसके मुख पर कभी नहीं देखा गया। उसे भवानी की अनुकम्पा और शकुनों पर अटूट विश्वास था। एक प्रश्न के उत्तर में उसने कहा था कि भवानी स्वयं उसका शिकार उसके हाथों में दे देती है, इसमें उसका क्या कसूर? और अल्लाह की मर्जी के बिना एक पत्ता भी नहीं हिल सकता। उसका यह भी कहना था कि यदि वह जेल में न होता तो उसके द्वारा शिकार हुए यात्रियों की संख्या हजार से अधिक हो सकती थी। पुस्तक 'एक ठग की दास्तान' 19वीं शताब्दी के आरम्भकाल में मध्य भारत, महाराष्ट्र तथा निजाम के समस्त इलाकों में सड़क मार्ग से यात्रा करनेवाले यात्रियों के लिए आतंक का पर्याय बने ठगों में सर्वाधिक प्रसिद्ध अमीर अली के विभिन्न रोमांचकारी अभियानों की तथ्यपरक आत्मकथा है। इसे लेखक ने स्वयं जेल में अमीर अली के मुख से सुनकर लिपिबद्ध किया है। 'एक ठग की आत्मकथा' – एक अत्यंत चर्चित कृति है। यह उपन्यास 1839 में प्रकाशित हुआ था और इसे भारतीय समाज, अपराध, धार्मिक अंधविश्वास तथा ब्रिटिश औपनिवेशिक दृष्टिकोण को समझने के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज़ माना जाता है।टेलर स्वयं ब्रिटिश अधिकारी थे और उन्होंने लंबे समय तक भारत में कार्य किया। भारतीय संस्कृति, भाषा और समाज की गहरी समझ होने के कारण उन्होंने इस उपन्यास को न केवल अपराध की कथा के रूप में, बल्कि भारतीय जीवन के एक यथार्थ चित्र के रूप में प्रस्तुत किया। फिलिप मीडोज़ टेलर (1808-1876) ब्रिटिश अधिकारी, प्रशासक, और लेखक थे। उन्होंने अपने जीवन का अधिकांश समय भारत में बिताया, विशेषकर दक्षिण भारत के क्षेत्रों में। टेलर का झुकाव भारतीय जीवन, लोककथाओं और रहस्यमयी घटनाओं की ओर था। उन्होंने भारतीय समाज को केवल शासन की दृष्टि से नहीं, बल्कि मानवता और संस्कृति की दृष्टि से भी गहराई से समझा। 'एक ठग की आत्मकथा' मूल रूप से एक अपराधी ठग, अमीर अली, की आत्मकथा है जिसे ब्रिटिश पुलिस पकड़ लेती है। कहानी का अधिकांश भाग अमीर अली के अपने अपराधी जीवन के वर्णन पर आधारित है, जिसे वह एक अंग्रेज अधिकारी को सुनाता है। अमीर अली मुस्लिम पृष्ठभूमि का व्यक्ति है, जो ठगों के एक संगठन से जुड़ जाता है। ये ठग धार्मिक और रहस्यमयी विश्वासों से प्रेरित होकर यात्रियों की हत्या करते थे और उनका धन लूट लेते थे। वे देवी काली की पूजा करते थे और मानते थे कि उनकी हत्या 'धार्मिक बलिदान' का एक रूप है। अमीर अली अपने ठग जीवन के आरंभ, प्रशिक्षण, धार्मिक विश्वासों, यात्राओं, और अंततः गिरफ्तारी तक की कथा बड़े आत्मविश्वास और विस्तार से सुनाता है। कथा में भारत के विभिन्न भूभागों – मध्य भारत, बुंदेलखंड, मालवा, दक्षिण, आदि – के दृश्य आते हैं, जो 19वीं शताब्दी के भारत की सामाजिक और भौगोलिक झलक प्रस्तुत करते हैं। अमीर अली का बाप भी ठग है। वह अपने बेटे काठगी की विधिवत ट्रेनिंग देता है। ये ठग अपने शिकार की एक रूमाल से हत्या करते हैं। रूमाल के एक किनारे में एक सिक्का बंधा होता है। ये अपने शिकार को बातों में लगाकर उसके गले में रूमाल डालकर उसे ऐंठ देते हैं।इससे शिकार का गला घुट जाता है और कुछ ही पल में मौत हो जाती है।ये मरे शिकार का पेट फाड़कर उसे जगह में दाब देतें हैं, जहां पता न लग सके। पुस्तक के तीन पात्र हैं-1. अमीर अली - कहानी का नायक और कथावाचक। वह एक बुद्धिमान, साहसी, परंतु नैतिक दृष्टि से भ्रष्ट ठग है। उसके भीतर अपराध और आस्था का विचित्र मिश्रण है। 2.कैप्टन विलियम्स - ब्रिटिश अधिकारी जो अमीर अली से पूछताछ करता है और उसकी आत्मकथा को सुनता है। यह पात्र लेखक का प्रतिनिधि है । 3. ठगों का गिरोह - यह समूह संगठित अपराध का प्रतीक है, जो धार्मिक प्रतीकों और परंपराओं का सहारा लेकर हत्याओं को न्यायोचित ठहराता है। पुस्तक में लेखक टेलर ने दिखाया कि कैसे धर्म और अंधविश्वास को अपराध का औचित्य सिद्ध करने के लिए प्रयोग किया जा सकता है। ठग देवी काली की सेवा के नाम पर यात्रियों की हत्या करते थे। कथा में विभिन्न भाषाएँ, रीति-रिवाज, परिधान, और लोकधारणाएँ शामिल हैं, जो भारत की बहुरंगी सामाजिक संरचना को दर्शाती हैं। अमीर अली का चरित्र गहराई से मनोवैज्ञानिक है। वह अपराधी है, परंतु पूरी तरह निर्दयी नहीं। वह अपने कर्मों को धार्मिक औचित्य से जोड़ता है, जिससे उसके भीतर द्वंद्व उत्पन्न होता है। टेलर की भाषा सरल, प्रभावशाली और चित्रात्मक है। उन्होंने अंग्रेज़ी में लिखा, लेकिन भारतीय शब्दों – जैसे ठग, फकीर, देवी, नमाज़, काली – का प्रयोग प्रचुर मात्रा में किया, जिससे पाठक को भारतीय वातावरण का यथार्थ अनुभव होता है। संवाद-शैली ने उपन्यास को जीवंत बनाया है। अमीर अली के कथन आत्मस्वीकारोक्ति के रूप में हैं, जो उसे विश्वसनीय बनाते हैं। 'एक ठग की आत्मकथा अंग्रेजी साहित्य में पहला ऐसा उपन्यास था जिसने भारत के अपराध-जगत और औपनिवेशिक यथार्थ को इतने जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। यह उपन्यास थ्रिलर शैली का प्रारंभिक उदाहरण भी माना जाता है, क्योंकि इसमें रहस्य, हत्या और मनोवैज्ञानिक तनाव का उत्कृष्ट संयोजन है। साथ ही, इस उपन्यास ने पश्चिमी पाठकों के बीच भारत के रहस्यमयी और अंधविश्वासी रूप की एक स्थायी छवि बनाई, जो बाद में औपनिवेशिक साहित्य की विशेषता बन गई। उपन्यास उस समय लिखा गया जब ब्रिटिश सरकार भारत में ठगों के उन्मूलन के अभियान में जुटी थी।वास्तव में, 1830 के दशक में कैप्टन विलियम स्लीमैन ने ठगों के गिरोहों के विरुद्ध बड़े पैमाने पर कार्रवाई की थी।टेलर ने इसी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को आधार बनाकर अपने उपन्यास की रचना की। इस प्रकार यह रचना केवल साहित्यिक कल्पना नहीं, बल्कि एक सामाजिक-ऐतिहासिक दस्तावेज़ भी है। उपन्यास यह संदेश देता है कि जब अंधविश्वास और धार्मिक कट्टरता मानव बुद्धि पर हावी हो जाते हैं, तो अपराध को भी 'धर्म का रूप मिल जाता है। अमीर अली जैसे पात्र यह दिखाते हैं कि नैतिकता केवल कानून से नहीं, बल्कि विवेक और सहानुभूति से आती है। यह रचना यह भी इंगित करती है कि समाज में शिक्षा और विवेक का प्रसार ही ऐसे अपराधों का अंत कर सकता है। फिलिप मीडोज़ टेलर की 'एक ठग की आत्मकथा' केवल अपराध की कहानी नहीं, बल्कि भारतीय समाज के एक ऐसे अंधेरे पक्ष की गाथा है जहाँ धर्म, अंधविश्वास और लालच आपस में उलझे हैं। यह उपन्यास औपनिवेशिक युग के भारत को समझने का एक सशक्त माध्यम है।अमीर अली का चरित्र अपराधी होते हुए भी मानवीय जटिलताओं से भरा है, जो पाठक को यह सोचने पर विवश करता है कि अपराध केवल व्यक्ति का नहीं, समाज का भी दर्पण होता है ।

**अशोक मधुप**

# दिवालिया,कंगाल पाकिस्तान में इमरान खान की हत्या की साजिश

**हकीकत या अफसाना।**

दिवालिया और कंगाल होते जा रहे पाकिस्तान में इन दिनों एक भयावह अफवाह तेज़ी से फैल रही है कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जेल में हत्या कर दी गई है और इस अफवाह ने पूरे देश में भूचाल ला दिया है। इमरान खान की बहनों ने आरोप लगाया है कि उन्हें मुलाक़ात का अधिकार नहीं दिया जा रहा है और पुलिस ने जेल के बाहर उनके साथ बदसलूकी की, जिसके बाद यह अफवाह और तेज़ी से फैल गई। सोशल-मीडिया पर कई पोस्टों में दावा किया गया कि इमरान खान को मार दिया गया है, जबकि स्वतंत्र रिपोर्टें अब तक इन अफवाहों की पुष्टि नहीं कर पाई हैं, परंतु उनकी स्थिति को लेकर गंभीर चिंता और संदेह पूरे पाकिस्तान में फैल चुका है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अफवाहों और आरोपों की लहर पाकिस्तान की राजनीतिक अस्थिरता और सत्ता संघर्ष की गहराई को और उजागर करती है, क्योंकि सेना और फील्ड मार्शल असीम मुनीर के साथ इमरान खान का टकराव अब खुला और तीखा रूप ले चुका है। इस समय पाकिस्तान खुद आर्थिक बर्बादी के ऐसे गर्त में खड़ा है जहाँ से उबरने की कोई सुस्पष्ट आशा दिखाई नहीं देती। पाकिस्तान पर विदेशी कर्ज का पहाड़ टूट चुका है और उसकी आर्थिक धमनियाँ लगभग सूख चुकी हैं। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड द्वारा कई बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था लगातार नीचे की ओर जा रही है, क्योंकि इंटरनेशनल मोनेटरी फंड ने भी स्पष्ट रूप से कहा है कि पाकिस्तान की आर्थिक तबाही का मूल कारण भ्रष्टाचार और व्यवस्था की विफलता है, और यदि पाकिस्तान प्रशासनिक सुधार नहीं करता तो उनके सकल घरेलू उत्पाद में 6.5% तक की भारी गिरावट का खतरा है । महंगाई ने जनता का जीवन नर्क बना दिया है, आटा 300 रुपये किलो से ऊपर, चीनी 400 रुपये किलो से ऊपर और सब्जियों-फल-दवा-बीज-बिजली सभी में आग लगी है, जबकि पाकिस्तान के ख़ज़ाने में सरकारी कर्मचारियों की तनख्वाह देने तक के पैसे नहीं हैं। पाकिस्तान की जनता रोज़मर्रा की वस्तुओं के लिए घंटों लाइन में खड़ी होकर भी जीवन-यापन के लिए संघर्ष कर रही है और देश की मुद्रा रुपये की कीमत गिरते-गिरते ऐतिहासिक न्यूनतम स्तर पर पहुँच चुकी है, वहीं इंटरनेशनल मोनेटरी फंड की मदद भी महज़ अस्थायी ऑक्सीजन मात्र साबित हुई है। सेना पर अत्यधिक निर्भरता और राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण शासन व्यवस्था पूरी तरह लकवाग्रस्त हो चुकी है, लोकतांत्रिक मूल्यों का ह्रास हो चुका है और इमरान खान से टकराव के बाद विपक्ष और आवाम दोनों ही सड़कों पर उतर आए हैं। यह स्थिति पाकिस्तान की राजनीतिक नेतृत्वहीनता को उजागर करती है, क्योंकि न वहाँ कोई ऐसा मंत्री है जो दूरदर्शिता रखता हो और न कोई ऐसी योजना है जो जनता को राहत दे सके। कर्ज का कर्ज चुकाने के लिए पाकिस्तान फिर नए कर्ज लेने को मजबूर है, इंटरनेशनल मोनेटरी फंड यूएई और अमेरिका और विश्व बैंक से मिलने वाला सहायता-पैकेज भी देश की अर्थव्यवस्था में स्थायी सुधार का उपाय नहीं बन पा रहा है। चीन पाकिस्तान को महज़ अपना कर्ज-गुलाम समझता है और उसका चीन पाकिस्तान इकोनामिक कॉरिडोर प्रोजेक्ट भी अब पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पर बोझ के रूप में साबित हो रहा है। ऐसे में पाकिस्तान के सत्ताधारियों द्वारा भारत की ओर नफरत और युद्ध-बयानों को हवा देना केवल जनता का ध्यान असली मुद्दों से हटाने की हताशा-पूर्ण राजनीतिक चाल भर है, क्योंकि जिस देश की हालत यह है कि बिजली उत्पादन ठप, उद्योग बंद, उत्पादन त्नष्क्क जमीन पर, गरीबी चरम पर, और आतंकवाद के एफएटीएफ की ग्रे-लिस्ट में नाम शामिल है, वह भारत जैसी स्थिर, शक्तिशाली और प्रगतिशील अर्थव्यवस्था को चुनौती दे, यह वास्तविकता नहीं बल्कि मुंगेरीलाल के हसीन सपनों की तरह है। इसी बौखलाहट का परिणाम था कि पाकिस्तान ने अपनी खुफिया एजेंसी और आतंकी तत्वों के माध्यम से जम्मू-कश्मीर में ड्रोन हमला जैसे कायरतापूर्ण प्रयास किए, जबकि दुनिया जानती है कि पाकिस्तान की कथनी और करनी में इतना अंतर है कि आतंकवाद उसके अस्तित्व का स्थायी सहारा बन चुका है। इमरान खान जिन्होंने क्रिकेट विश्व कप जीतकर कभी पाकिस्तान को एक पहचान दिलाई थी, वही आज अपने राजनीतिक करियर की सबसे काली सुरंग में फँस चुके हैं और सत्ता की लालच और अपरिपक्व



नेतृत्व के कारण उन्होंने पाकिस्तान को दो वर्षों में ही ऐसे गर्त में धकेला जहाँ से वापसी लगभग असंभव दिखती है अब इमरान खान का कैरियर और जिंदगी अंतिम सांस ले रही है। दूसरी तरफ विपक्ष लगातार शाहबाज शरीफ के इस्तीफे की मांग कर रहा है, जनता गुस्से में है, महिलाएँ उनके विवादित बयानों से आहत हैं, और पाकिस्तान की जनता अब भूख और भय के दो पाटों के बीच पिस रही है। यदि हालात ऐसे ही रहे तो आने वाले समय में द्वस्न्न-विश्व बैंक-और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाएँ पाकिस्तान को ब्लैकलिस्ट में डाल सकती हैं और वह नाममात्र राष्ट्र के अस्तित्व से भी बाहर हो सकता है। यह भयावह स्थिति दर्शाती है कि पाकिस्तान न केवल आर्थिक रूप से दिवालिया है, बल्कि राजनीतिक-सामाजिक-नैतिक रूप से भी ढह चुका है और इमरान खान को लेकर फैली हत्या-अफवाह इस ढहते राष्ट्र की बेचैनी, अविश्वास और अंधकारमय भविष्य का प्रतीक है।

**संजीव ठाकुर**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## लोक सेवक सन्तोष वर्मा की बदजुबानी पर आग बबूला हुए अधिवक्ता



–कठोर कार्रवाई की मांग

**रूद्रपुर, देवरिया।** मध्य प्रदेश में तैनात लोक सेवक संतोष वर्मा की बदजुबानी पर रुद्रपुर अधिवक्ता संघ आग बबूला हो गया। उन्होंने गुरुवार को उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए आरोपी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने व सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की जोरदार मांग की। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि बिगड़े बोल वाले आई ए एस के विरुद्ध शासन प्रशासन ने कार्यवाही नहीं की तो अधिवक्ता संघ पुतला दहन करने का कार्य करेगा और अपने स्तर से विरोध करेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। विदित हो कि उक्त आरोपी ने सोशल मीडिया पर ब्राह्मण की बहन बेटियों के विरुद्ध शर्मनाक टिप्पणी की थी। जिसे सुनकर पूरा ब्राह्मण समाज आहत है। इसी क्रम में रुद्रपुर के अधिवक्ताओं ने ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर आनन्द प्रकाश मिश्र, राजेश त्रिपाठी, एडवोकेट कृष्णमूर्ति त्रिपाठी, बालेन्दु पाण्डेय,बृज बिहारी पाण्डेय,विकास त्रिपाठी, अनिल पाण्डेय,सत्य प्रकाश सिंह,रमेश मणि,कौशल पाठक आदि लोग मौजूद रहे।

## ग्रामीणों ने दुकानदार पर घट तौली को लेकर डीएम को सौंपा प्रार्थना-पत्र

**सलेमपुर,देवरिया।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के सवरेजी ग्रामसभा के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी देवरिया दिव्या मित्तल को प्रार्थना-पत्र देकर आरोप लगाया है कि सवरेजी चौराहे पर विनोद गुप्ता जिसकी खाद व बीज की दुकान है, ग्रामीणों से फर्जी तरीके से खाद व बीज बेचता व घट तौली करता है। ग्रामीणों का कहना है कि दुकानदार द्वारा मनमाने ढंग से अतिरिक्त राशि ली जाती है, जिससे गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों का आर्थिक शोषण हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि विरोध करने पर दुकानदार उन्हें डराने-धमकाने का काम करता है। कुछ ग्रामीणों ने यह भी बताया कि शिकायत उठाने पर उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया, जिससे इलाके में भय का माहौल है। ग्रामवासियों ने डीएम से मांग की है कि संबंधित दुकान की जांच कराई जाए, फर्जी वसूली की सत्यता की जांच हो,गरीबों से की जा रही आर्थिक लूट पर रोक लगे व दुकानदार के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी को दिए गए आवेदन में ग्रामीणों ने कहा कि मामला अत्यंत गंभीर है और तत्काल जांच आवश्यक है।

## वीएलओ रंजू दुबे की मृत्यु मामले में मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना का आरोप, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय परिजनों से करेंगे मुलाक़ात

**देवरिया।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह ने एक विशेष मुलाक़ात में जिला प्रशासन पर आरोप लगाया है कि चुनाव कार्य में तैनात महिला वीएलओ रंजू दुबे की मौत अनर्गल दबाव और मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना के कारण हुई है। उन्होंने कहा कि सरकारी दबावों के चलते रंजू दुबे कल अपनी जान से हाथ धो बैठीं, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की है। मामले को गंभीर बताते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय रुद्रपुर के मांझा नारायनपुर स्थित उनके गांव पहुंचेंगे। अजय राय के साथ कांग्रेस पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद रहेगा। परिजनों से मुलाकात कर शोक व्यक्त करेंगे और घटना की निष्पक्ष जांच तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग होगी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि चुनावी ड्यूटी में लगे कार्मिकों पर बढ़ता दबाव चिंताजनक है और इस घटना ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## पुलिस का अपराध व यातायात नियंत्रण पर बड़ा एक्शन

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने, अपराध नियंत्रण, अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई तथा यातायात नियमों के अनुपालन को पूरे दिन कई प्रभावी अभियान चलाए गए। मॉर्निंग वॉकर चेकिंग अभियान के तहत जनपद के सभी थाना प्रभारियों ने स्थानीय लोगों से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। अभियान के तहत संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की तलाशी, मोडिफाइड साइलेंसर, तीन सवारी, नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर कार्रवाई व असलहा व अवैध मादक पदार्थों पर विशेष निगरानी की गयी। अभियान के दौरान 20 स्थानों पर चेकिंग, 417 व्यक्तियों और 242 वाहनों की जांच की गई।

# तहसील स्तरीय दिव्यांग खेलकूद प्रतियोगिता में चमका बच्चों का उत्साह, 85 प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर - विजेता होंगे जिले में सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ख़जनी-गोरखपुर।** ख़जनी बीआरसी परिसर में दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और जज्बे से भरपूर तहसील स्तरीय दिव्यांग खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन गुरुवार को बीआरसी प्रांगण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सावन कुमार दुबे ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता की विधिवत शुरुआत की। उनके साथ मौजूद शिक्षकों और अभिभावकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने बच्चों का मनोबल और भी बढ़ाया। पूरे प्रांगण में सुबह से ही उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। इस विशेष खेल समारोह में कुल 85 दिव्यांग बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर साबित किया कि प्रतिभा किसी बाधा की मोहताज नहीं होती।

**दृष्टि दिव्यांग बच्चों का अनुकरणीय प्रदर्शन**

दृष्टि दिव्यांग बच्चों ने अपनी आत्मशक्ति और एकाग्रता का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ब्रेल लेखन एवं ब्रेल पठन प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इनके अलावा उन्होंने कुर्सी दौड़ और 100 मीटर दौड़ में भी शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों की खूब तालियां बटोरीं।

**बौद्धिक दिव्यांग बच्चों की दमदार भागीदारी**



बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के लिए आयोजित रिंग थ्रो प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही। बच्चों की दूर से सटीक थ्रो करने की क्षमता ने सभी को प्रभावित किया और उनकी जिजीविषा देख सभी उत्साहित हो उठे।

**श्रवण बाधित बच्चों की कला व गति का संगम**

श्रवण बाधित बच्चियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन मेहंदी प्रतियोगिता में किया। सुंदर और आकर्षक डिजाइनों ने निर्णायकों को भी मंत्रमुग्ध कर दिया। ,वहीं श्रवण बाधित बालकों ने 100 मीटर दौड़ में अपनी फुर्ती और दमखम का परिचय दिया।

**ट्राई साइकिल दौड़ बनी आकर्षण का केंद्र**

विशेष रूप से ट्राई साइकिल से चलने वाले बच्चों ने ट्राई साइकिल रेस में भाग लेकर सभी को प्रेरित किया। बच्चों का जोश देखते ही बन रहा था और पूरे मैदान में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी।

**विजेताओं को शुभकामनाएं, जिला स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगे प्रतिभाग**

मुख्य अतिथि सावन कुमार दुबे ने सभी प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार और अल्पाहार प्रदान किया। उन्होंने घोषणा की कि यहाँ के विजयी बच्चे आगामी 3 दिसंबर को विश्व विकलांग दिवस पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे, जो उनके लिए एक बड़ा अवसर है।

**कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का योगदान**

इस आयोजन को सफल बनाने में ब्लॉक अध्यक्ष राजेश पांडे, प्रधानाध्यापक सुरेंद्र बहादुर सिंह, शिक्षिका सुषमा त्रिपाठी, सिम्मी सिंह, शिक्षक रजनीश चौरसिया, तथा स्पेशल एजुकेटर रजनीश तिवारी, अजय सिंह, विजय प्रताप सिंह, यतेंद्र, संदीप पांडे, हिमांशु मोर्या, राम सुरेश, राजबाला, रूबी, अंजली मोर्या का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चे खुशियों के साथ, अपने पुरस्कार व अल्पाहार लेकर हंसी-खुशी घर लौटे। यह आयोजन न सिर्फ खेल प्रतियोगिता था, बल्कि दिव्यांग बच्चों के आत्मविश्वास, क्षमता और उज्ज्वल भविष्य का उत्सव बनकर सामने आया।

## जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण



**सुरक्षा व व्यवस्थाओं को लेकर दिए कड़े निर्देश**

**देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने गुरुवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था, कैदियों की देखभाल तथा उपलब्ध सुविधाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन करना रहा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कारागार में सुरक्षा तंत्र की विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कैदियों को उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, भोजन की गुणवत्ता तथा स्वच्छता व्यवस्था की जांच की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। कहा कि कैदियों को निर्धारित मानकों के अनुसार सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने कारागार सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सुरक्षा में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कैमरों के प्रभावी संचालन और निगरानी व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कारागार अधीक्षक व स्टाफ को नियमित रूप से निरीक्षण करते रहने तथा व्यवस्थाओं को दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश दिए।

# एसडीएम गोला ने राजनीतिक दलों संग की अहम बैठक, एसआईआर प्रक्रिया में तेजी लाने पर दिया जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ग़ोला बाजार गोरखपुर** – ( ग़ोला बाजार ) विशेष गहन पुनरीक्षण ( Special Intensive Revision - SIR ) कार्यक्रम को सुचारू और तेजी से पूरा कराने के उद्देश्य से गोला तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी अमित कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में एसडीएम ने सभी दलों को गणना प्रपत्र भरने, डिजिटाइजेशन और बूथ स्तर पर किए जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराते हुए कई आवश्यक दिशानिर्देश दिए। एसडीएम अमित कुमार जायसवाल ने राजनीतिक दलों को संबोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन कार्य लोकतंत्र की नींव है, इसलिए इसकी प्रत्येक प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने गणना प्रपत्र भरने की पूरी प्रक्रिया का बिंदुवार विवरण देते हुए बताया कि बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर किए जा रहे सत्यापन, फॉर्म-6, 7, 8 एवं 8ए के संग्रहण और अपलोडिंग कार्य की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि राजनीतिक दलों को अपने बूथ लेवल एजेंट ( BLO ) के माध्यम से सक्रिय सहयोग सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने अपील की कि सभी दल



अपने बीएलए को निर्देशित करें कि वे फॉर्म संग्रह की कार्रवाई जल्द से जल्द पूरी कराएं, ताकि अंतिम तिथि से पहले ही सभी दस्तावेजों का डिजिटाइजेशन पूरा हो सके। उन्होंने चेताया कि अंतिम समय में भीड़ बढ़ने पर त्रुटियों की संभावना भी बढ़ जाती है, इसलिए समय रहते पूरा कार्य कराना ही हितकर है। एसडीएम ने यह भी कहा कि बीएलओ के साथ समन्वय बनाकर काम करने से प्रक्रियाएं तेज और सुचारू होती हैं। उन्होंने बताया कि एसआईआर के अंतर्गत मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, मृतक मतदाताओं के नाम हटाने, स्थानांतरण और संशोधन जैसे सभी महत्वपूर्ण कार्य समयबद्ध तरीके से संपन्न होने चाहिए। निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो, इसके लिए राजनीतिक दलों की भूमिका अहम है।

# महिला की फर्जी आईडी से 40 हजार का लोन, किस्त वसूली को पहुंची टीम तो भौंचक्की रह गई पीड़िता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवा -गोरखपुर-** जनपद के सहजनवां क्षेत्र में फर्जीवाड़े और पहचान चोरी का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। सहजनवां नगर पंचायत वार्ड नंबर 4 में किराए के मकान में अपने दिव्यांग बच्चे के साथ रहने वाली एक महिला के नाम पर किसी जालसाज ने फर्जी पहचान पत्र तैयार कर फाइनेंस कंपनी से 40 हजार रुपये का लोन उठा लिया। पीड़िता को इस ठगी की भनक तब लगी जब फाइनेंस कंपनी की वसूली टीम उसके दरवाजे पर पहुंचकर बकाया किस्त जमा करने का दबाव बनाने लगी। अचानक आए इस झटके से दहली महिला ने तत्काल पुलिस अधिकारियों और शासन से न्याय की गुहार लगाई है। जानकारी के मुताबिक, मोलनापुर, थाना महुली, जिला संतकबीरनगर निवासी मालती देवी पिछले कुछ वर्षों से सहजनवां में रहकर मेहनत-मजदूरी करती हैं। उन्होंने कभी किसी फाइनेंस कंपनी से ऋण नहीं लिया। लेकिन कुछ दिन पहले कुशीनगर की रहने वाली एक महिला—जिसका नाम भी मालती देवी से मिलता-जुलता बताया जा रहा है—ने





उनकी पहचान का दुरुपयोग करते हुए फर्जी कागजात तैयार कराए और एक फाइनेंस कंपनी से 40 हजार रुपये का लोन आसानी से निकलवा लिया। लोन मंजूर होने के बाद जालसाज रकम लेकर गायब हो गया, जबकि लोन का बोझ असली मालती देवी पर डाल दिया गया।

पीड़िता ने बताया कि दो कर्मचारी उसके घर आकर किस्त न जमा होने पर कड़ा रुख अपनाते हुए तत्काल भुगतान की मांग करने लगे। जब उन्होंने लोन न लेने की बात कही, तो कर्मचारियों ने मोबाइल पर उसका फर्जी दस्तावेज और ऋण विवरण दिखाया। कागजात देखकर मालती देवी हैरान रह गईं। उन्हें समझ ही नहीं आया कि कब और कैसे उनकी पहचान का इस्तेमाल कर फर्जी लोन निकाल लिया गया। घटना से आहत मालती देवी ने तुरंत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर को पूरी घटना की जानकारी देते हुए लिखित शिकायत भेजी। साथ ही सीएम पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराते हुए न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने मांग की है कि फर्जी आईडी बनवाकर उनके नाम पर लोन लेने वाले जालसाज की गिरफ्तारी की जाए और उन्हें गलत तरीके से थोपे गए ऋण भार से मुक्त किया जाए।

मामले को गंभीरता से लेते हुए सीओ गीडा कमलेश प्रताप सिंह ने कहा कि शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। प्रथम दृष्टया यह मामला पहचान चोरी और दस्तावेजी फर्जीवाड़े का प्रतीत होता है। पुलिस टीम फाइनेंस कंपनी से दस्तावेज लेकर संदिग्ध महिला की तलाश कर रही है। दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा जोरों पर है। आम लोगों में पहचान पत्रों के दुरुपयोग और बढ़ते फर्जीवाड़े को लेकर डर व्याप्त है। विशेषज्ञों का कहना है कि डिजिटल युग में पहचान सुरक्षा और भी कड़ी होने की जरूरत है। जागरूकता की कमी और दस्तावेज सत्यापन की कमजोर प्रक्रिया ऐसे अपराधों को बढ़ावा दे रही है। यदि समय रहते प्रभावी कदम न उठाए गए, तो इस तरह की घटनाएं और बढ़ सकती हैं।

# गौर थाना क्षेत्र में फिर दिखी दबंग की दबंगई लाठी-डंडों से बेरहमी से पिटाई 3 लोग गंभीर रूप से घायल

**●पूर्व में गौर पुलिस कार्रवाई करती तो दबंगों के हौसले बुलंद नहीं होते दोबारा जमीन कब्जा को लेकर मारपीट ना होता दबंग का साथ दे रहे गौर पुलिस**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के गौर थाना क्षेत्र क्षेत्र के बलुआ गांव मैं दबंगों द्वारा जमीन कब्जा को लेकर एक परिवार की पांच सदस्यों को मारपीट कर घायल कर दिया जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया पुलिस पिछली बार कार्रवाई करती तो ऐसी घटना दोबारा ना घटती है पुलिस किसी गंभीर घटना का इंतजार कर रहे हैं सवाल या खड़ा हो रहा है दबंग पर कार्रवाई न होने से दबंग के हौसले पड़ गए हैं एक बार फिर दबंगई का चौंकाने



वाला वीडियो सामने आया है। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे इस वीडियो में दबंगों द्वारा महिलाओं और पुरुषों को लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटते हुए साफ देखा जा सकता है। घटना में कुल पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं।

पीड़ितों का आरोप पहले भी कर चुके हैं मारपीट, कार्रवाई न होने से बढ़े हौसलेपीड़ितों ने बताया कि आरोपी पहले भी इस तरह की मारपीट की घटना को अंजाम दे चुके हैं। लेकिन उचित कार्रवाई न होने से उनके हौसले इतने बढ़ गए कि उन्होंने दोबारा हमला कर दिया। जमीन विवाद को लेकर पुलिस सक्रिय नहीं दिखी इसलिए दोबारा घटना घट गई इससे पुलिस की लापरवाही साबित होती हैजमीन पर कब्जे की कोशिश से जुड़ा विवादसूत्रों के मुताबिक आरोपी पहले सरकारी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। अब वे निजी जमीन पर भी अवैध कब्जा जमाने की कोशिश में लगे हुए थे। इसी विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। दबंग के आगे पुलिस लापरवाहीनजर आ रही है बड़ी घटनाएं घट सकती हैं ऐसे पुलिस कर शैली पर सवाल उठ रहे हैंवीडियो वायरल होने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाललगातार हो रही घटनाएं और अब वायरल वीडियो पुलिस प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। लोगों का कहना है कि यदि पहले ही कड़ी कार्रवाई होती, तो यह घटना दोबारा नहीं होती। गौर थाना क्षेत्र के मजरा बलुआ गांव का बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। देखना यह है की पुलिस जांच करके दबंग के ऊपर कठोर कार्रवाई करती है कि नहीं।

# चीनी मिलों को निर्देशित किया है कि किसान भाइयों से अतिरिक्त शुल्क, जबरन कटौती या किसी प्रकार का अवैध भुगतान न लिया जाए: गन्ना आयुक्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ/गोंडा।** प्रदेश में गन्ना पेराई सत्र 2025-26 के सुचारू संचालन और किसानों को बिना किसी शोषण के गन्ना आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए गन्ना एवं चीनी विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है। गन्ना आयुक्त कार्यालय से जारी निर्देशों में कहा गया है कि मिल गेट तथा बाह्य क्रय केंद्रों पर किसानों से किसी भी प्रकार की अवैध वसूली बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया कि यदि किसी केंद्र पर लोडिंग या अनलोडिंग शुल्क लिया जाता है तो संबंधित चीनी मिल अधिकारी एवं अनुबंधित ट्रांसपोर्टर पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। गन्ना आयुक्त ने प्रदेश की सभी चीनी मिलों को निर्देशित किया है कि किसान भाइयों से अतिरिक्त शुल्क, जबरन कटौती या किसी प्रकार का अवैध भुगतान न लिया जाए। इस संबंध में प्राप्त शिकायतों के आधार पर विभाग ने क्षेत्रीय अधिकारियों को संबंधित क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। विभाग के अनुसार अधिकांश चीनी मिलों में पेराई कार्य प्रारंभ हो चुका है। ऐसे में क्रय केंद्रों पर अनुशासन, पारदर्शिता और सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे किसानों की समस्याओं का समय पर निस्तारण करते हुए गड़बड़ियों पर अंकुश लगाएँ। सहकारी व निजी सभी मिलों को आदेशित किया गया है कि गन्ना क्रय केंद्रों पर ताजा, स्वच्छ और साफ-सुथरे गन्ने की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा गन्ना खरीद प्रक्रिया में किसी प्रकार की अवैध वसूली पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जाए। विभाग ने किसानों से भी अपील की है कि यदि किसी प्रकार की अवैध वसूली या कटौती की शिकायत हो तो संबंधित अधिकारियों को तुरंत सूचना दें।

**बलरामपुर चीनी मिल के अंतर्गत संचालित कई गन्ना क्रय केंद्रों पर प्रति गाड़ी 80-100 रुपये की अवैध वसूली**

बलरामपुर चीनी मिल के अंतर्गत संचालित कई गन्ना क्रय केंद्रों पर अवैध वसूली का मामला लगातार सामने आता रहा है। किसानों ने बताया कि एक गाड़ी गन्ना उतरवाने के नाम पर 80 से 100 रुपये तक वसूले जा रहे हैं। यह कोई नया मामला नहीं है, बल्कि गन्ना केंद्र संचालित होने की शुरुआत से ही यह प्रथा चली आ रही है।

**किसानों के अनुसार—** शुरुआती दौर में 50 प्रति गाड़ी वसूला जाता था, कुछ वर्षों बाद यह बढ़कर 60 हुआ

वर्तमान में कई केंद्रों पर 80 से 100 प्रति गाड़ी वसूली की जा रही है।किसानों का कहना है कि यह अवैध वसूली खुलेआम की जाती है और कोई रोकने-टोकने वाला नहीं होता। अब विभाग द्वारा जारी सख्त निर्देश के बाद इस पर कितना प्रभावी रूप से कार्रवाई होगी, यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा। किसान बताते हैं कि अधिकारी कभी भी किसी भी गन्ना किसान से यह जानकारी ले सकते हैं, क्योंकि अवैध वसूली का यह मामला लंबे समय से चला आ रहा है और किसान इसके गवाह हैं।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को जागरूक करने में सक्रिय हुई बलरामपुर पुलिस

**●महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को प्राथमिकता देते हुए चलाया गया विशेष अभियान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक बलरामपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के अंतर्गत 27 नवम्बर 2025 को व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह कार्यक्रम जनपद के सभी थानों की महिला सुरक्षा टीमों द्वारा स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों और ग्राम चौपालों में संचालित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाओं व छात्राओं ने भाग लिया।अभियान के दौरान महिला बीट अधिकारियों ने ग्राम सभाओं में पहुंचकर महिलाओं की समस्याएं सुनीं और मौके पर शिकायतों के निस्तारण का भरोसा दिलाया। टीमों ने महिलाओं तथा बालिकाओं को वूमेन पॉवर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एम्बुलेंस 108, चाइल्ड लाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इसके साथ ही छात्राओं को गुड टच-बैड टच, साइबर अपराध, सोशल मीडिया सुरक्षा, घरेलू हिंसा, महिला अधिकारों और उनसे जुड़े कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया। अधिकारियों ने उपस्थित जनसमूह को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महिला कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर पम्पलेट भी वितरित किए। अभियान के तहत थानों में स्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों की भूमिका, वहां उपलब्ध सुविधाएं एवं शिकायत निस्तारण की प्रक्रिया के बारे में भी महिलाओं को अवगत कराया गया, ताकि वे आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षित और सहज तरीके से इन सेवाओं का लाभ उठा सकें।



पुलिस प्रशासन का कहना है कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और उनके सम्मान एवं अधिकारों को और अधिक मजबूत करना है। बलरामपुर पुलिस द्वारा लगातार ऐसे कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे समाज में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और गरिमा सुनिश्चित हो सके। पुलिस का प्रयास है कि जनपद की प्रत्येक नारी भयमुक्त, सुरक्षित व स्वाभिमानी जीवन जी सके और समाज में नारी सशक्तिकरण की दिशा में मजबूत संदेश स्थापित हो।

# राजभाषा सप्ताह समारोह 2025: हिन्दी क्विज प्रतियोगिता में सीमा शुक्ला प्रथम, विभाग में खुशी की लहर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** राजभाषा सप्ताह समारोह-2025 के अंतर्गत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आयोजित हिन्दी क्विज प्रतियोगिता में मुख्य कार्यालय अधीक्षक सीमा शुक्ला ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विभाग का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 22 सितंबर 2025 को आयोजित की गई थी, जिसके परिणाम मुख्य राजभाषा अधिकारी द्वारा अनुमोदित कर विभाग को भेज दिए गए। प्रतियोगिता में यातायात निरीक्षक अजय कुमार शुक्ला ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि सीनियर सीसीटीसी तूलिका पाण्डेय तृतीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों हेतु हिन्दी भाषा से जुड़े 150 प्रश्न तथा सामान्य ज्ञान के 200 प्रश्न तैयार किए गए थे। अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



सीमा शुक्ला के प्रथम स्थान हासिल करने की खबर मिलते ही विभाग में उत्साह का माहौल बन गया। सहकर्मियों ने उन्हें मिठाई और रसगुल्ले खिलाकर बधाई दी, वहीं कई लोगों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान व्यक्त किया। विभागीय स्तर पर भी सीमा शुक्ला के ज्ञान, लगन और प्रयासों की सराहना की जा रही है। राजभाषा सप्ताह के अवसर पर आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य कर्मचारियों में हिन्दी भाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, भाषा के उपयोग को प्रोत्साहित करना और सामान्य ज्ञान को सुदृढ़ करना था। प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी प्रतियोगिता ने प्रतिभागियों में नई ऊर्जा भरी और राजभाषा हिन्दी के महत्व को एक बार फिर रेखांकित किया। प्रतियोगिता की सफलता से आयोजन समिति और विभागीय अधिकारियों में भी संतोष का भाव देखने को मिला।

# वार्ड नं. 10 में सड़क निर्माण में खुली लूट!

**●ठेकेदार-अधिकारियों की मिलीभगत का सनसनीखेज आरोप, ग्रामीणों का गुस्सा चरम पर**

**किसान यूनियन भानु का हंगामा तेज, एसडीएम ने पहुंचकर शांत कराया प्रदर्शन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर** –नगर पंचायत पचपेड़वा के वार्ड नंबर 10, मरही माता मंदिर मार्ग पर हो रहा सड़क निर्माण इन दिनों भ्रष्टाचार का गढ़ बन गया है। ग्रामीणों और भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने आरोप लगाया है कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री और मानकों की अनदेखी ने पूरे कार्य पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यूनियन ने इसे 'जनता के पैसों की दिन-दहाड़े लूट' बताते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। किसान यूनियन



(भानु) के तहसील उपाध्यक्ष मोहम्मद आलम खान द्वारा जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि मिट्टी ठीक से दबाई नहीं गई, रोलर का इस्तेमाल अधूरा है, गिट्टी-मौरंग की गुणवत्ता बेहद निम्नस्तरीय है और मोटाई मानकों के विपरीत है। ग्रामीणों द्वारा कई बार आपत्ति जताने के बावजूद निर्माण स्थल से जुड़े लोग शिकायतों की अनदेखी करते रहे। ग्रामीणों का आरोप है कि भ्रष्टाचार को लेकर सवाल उठाने पर निर्माण से जुड़े लोग अभद्रता तक पर उतर आते हैं। 'हम आवाज उठाएँ तो भी विभाग सुनने को तैयार नहीं,' ग्रामीणों ने यही पीड़ा अधिकारियों तक पहुंचाई है। यूनियन ने आरोप लगाया कि जांच के नाम पर विभागीय अधिकारी सिर्फ खानापूर्ति कर रहे हैं—कुछ मिनट खड़े होकर तुरंत क्लीन चिट दे देते हैं, जबकि वास्तविक स्थिति इसके बिल्कुल उलट है। मौके पर माहौल तनावपूर्ण होता देख ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन बढ़ता देख उप जिलाधिकारी तुलसीपुर मौके पर पहुंचे और लोगों को शांत कराया। उन्होंने आश्वासन दिया कि निर्माण कार्य की पूरी जांच कराई जाएगी और दोषियों पर कार्रवाई तय है। SDM के आश्वासन के बाद ही प्रदर्शन शांत हुआ, लेकिन ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि यदि सुधार नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। यूनियन ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल तकनीकी टीम द्वारा पूरे कार्य की दोबारा जांच कराई जाए और दोषी ठेकेदार व अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे प्रमुख पदाधिकारी तहसील उपाध्यक्षः मोहम्मद आलम खान, तहसील उपाध्यक्षः रोहित गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्षः सादम कुरैशी, नगर अध्यक्षः घनश्याम भारती, नगर सचिवः मंजूर आलम, ग्राम अध्यक्षः कमलेश पांडे, वार्ड अध्यक्षः राधेश्याम गौतम, वार्ड अध्यक्षः अकबर बागबान, वार्ड अध्यक्षः राम आसरे सहित बड़ी संख्या में किसान यूनियन भानु के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### खेलकूद प्रतियोगिताओं में जमकर छात्र-छात्राओं ने भाग लिया



**बरेली।** उच्च प्राथमिक विद्यालय हरूनगला-2, नगर क्षेत्र, बरेली में समेकित शिक्षा के अन्तर्गत तहसील स्तर पर दिव्यांग बच्चों के खेल-कूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खेल-कूद कार्यक्रम में विकास खण्ड क्यारा, भोजीपुरा, बिथरी चैनपुर एवं नगर क्षेत्र, के विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में कुर्सी दौड़, साधरण दौड़, सुलेख एवं कला प्रतियोगिता के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किये गये। कार्यक्रम में आये समस्त दिव्यांग बच्चों को प्रतियोगिताओं के उपरान्त भोजन कराया गया गया तथा अन्त में दिनेश चन्द्र जोशी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, नगर क्षेत्र, मदन मोहन उपाध्याय, ए0आर0पी0 (विज्ञान) नगर क्षेत्र, बरेली ने प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किये गये। कार्यक्रम का आयोजन शिल्पी श्रीवास्तव, जिला समन्वयक, समेकित शिक्षा एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी, नगर क्षेत्र, बरेली के नेतृत्व में सुचारू रूप से किया गया। खेल-कूद कार्यक्रम में विभिन्न विकास क्षेत्रों में कार्यरत स्पेशल एजुकेटर अनीता सक्सेना, रीमा गुप्ता, सुशील शर्मा, संजीव गंगवार, उदयराज, ओम प्रकाश, इंतजार हसैन, रेनू गुप्ता, स0अ0, वि0ख0 क्यारा एवं फराह बेगम, इं0अ0, उ0प्रा0वि0 हरूनगला-2 आदि उपस्थित रहे।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में रोगियों का परीक्षण कर दवाएं वितरित कीं



**बरेली/रिठौरा।** राजश्री आयुर्वेदिक मेडिकल संस्थान एवं अस्पताल द्वारा हेल्थ कैंप का आयोजनः नाड़ी परीक्षण द्वारा किया गठिया अर्थराइटिस जोड़ों के दर्द का निवारण कस्बा रिठौरा के निकट लभेड़ा स्थित राजश्री आयुर्वेदिक मेडिकल संस्थान एवं अस्पताल द्वारा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत आदर्श कृष्णा इंटर कॉलेज, नवदिया झादा, बरेली में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं, अध्यापकों और क्षेत्र के लोगों ने स्वास्थ्य परामर्श प्राप्त किया। संस्थान के चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने बताया कि आयुर्वेद ही चिकित्सा क्षेत्र का भविष्य है, इसके प्रचार-प्रसार के लिए और बिना किसी साइड इफेक्ट के स्वास्थ्य लाभ के लिए राजश्री आयुर्वेदिक अस्पताल जन समुदाय की सेवा के लिए प्रयासरत है। कैंप में गाड़ी परीक्षण द्वारा आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से रोगियों की जांच और स्वास्थ्य परामर्श के लिए चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 आर. के. गुप्ता, गठिया रोग अर्थराइटिस की विशेषज्ञ डॉ0 नीतू प्रसाद, पंचकर्म विभाग तथा फिजियोथैरेपिस्ट जगन्नाथ ने कैंप में लगभग 54 से अधिक रोगियों को परामर्श और चिकित्सा पद्धतियों का मार्गदर्शन किया। हेल्थ कैंप के आयोजन में संस्थान के रजिस्ट्रार दुष्यन्त माहेश्वरी, लैब टैक्नीशियन मोनू, चतुर बिहारी आदि का सहयोग रहा।

### लखीमपुर खीरी में राष्ट्रवाद की अलख,भाजपा नेता शेर अली खान



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** 25 नवंबर 2025, एक ऐतिहासिक दिन, जब उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के कुकरा न्यायपंचायत के पहाड़ नगर, बरौछा और सुनेहरा भूड़ गांवों में ,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) का संदेश गूंजा। शेर अली खान, एक समर्पित कार्यकर्ता, ने घर-घर जाकर ,भारत माता का चित्र, संघ साहित्य और प्रेरणादायक पत्रक, वितरित किए। इस अभियान में RSS के वरिष्ठ कार्यकर्ता ,श्रवण कुमार वाजपेई, ने उनका साथ दिया। एकता का संदेश, समरसता का संकल्प शेर अली खान, जो ,मुस्लिम राष्ट्रीय मंच, के सक्रिय सदस्य हैं, ने इस पहल से ,हिंदू-मुस्लिम भाईचारे, को मजबूत करने का प्रयास किया। उनके प्रयासों से ,सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्य, का संदेश गांवों तक पहुंचा। RSS का शताब्दी वर्षः हर घर में राष्ट्रवाद यह कार्यक्रम ,ऋस्र के 100वें वर्ष के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे 'हर घर संपर्क अभियान' का हिस्सा था। 2 अक्टूबर से शुरू इस मुहिम में 20 लाख स्वयंसेवक 2.5 करोड़ घरों तक पहुंचेंगे। शेर अली खान का यह कदम लखीमपुर खीरी में राष्ट्रवाद की नई अलख जगा रहा है। शेर अली खान की यह पहल बताती है कि राजनीति से परे,,राष्ट्रहित सर्वोपरि, है। उन्होंने साबित किया कि भाईचारा और समर्पण से समाज को बदला जा सकता है।

# विद्युत उपभोक्ताओं के लिए खुशखबरी : बिजली विभाग ने खोला राहत का खजाना

### ●31 मार्च 2025 तक के बकाएदारों को मिलेगी बड़ी छूट, 1 दिसम्बर से शुरू होगी योजना




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पलियाकलां-खीरी।** बिजली बिल के लंबे समय से बकाएदार उपभोक्ताओं के लिए राहत की बड़ी सौगात सामने आई है। विद्युत विभाग ने ऐसी विशेष छूट योजना लागू की है, जिसका लाभ घरेलू एक किलोवाट व दो किलोवाट तथा कमर्शियल एक किलोवाट भार के उपभोक्ताओं को मिलेगा। यह योजना उन उपभोक्ताओं के लिए वरदान साबित होगी, जो लंबे समय से आर्थिक तंगी के चलते बिल जमा नहीं कर पा रहे थे। जेई प्रमोद कुमार राना ने बताया कि यह विशेष छूट योजना 01 दिसम्बर 2025 से लागू होगी। विभाग का उद्देश्य पुराने बकाए को सरलता से निपटाना और उपभोक्ताओं को आर्थिक रूप से राहत देना है। उन्होंने कहा कि सभी बकाएदार उपभोक्ता समय से पहले बिल जमा करके इस सुनहरे अवसर का लाभ लें। योजना का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ता को पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा, जिसके लिए 2000 रुपये पंजीकरण शुल्क निर्धारित किया गया है। पंजीकरण उपभोक्ता www.uppcl.org वेबसाइट, विभागीय खंड/उपखंड कार्यालय, कैश काउंटर, PPCL Consumer App, जन सेवा केंद्र, फिनटेक प्रतिनिधि या मीटर रीडर के माध्यम से करा सकेंगे। पंजीकरण के दौरान उपभोक्ता को अपना मोबाइल नंबर देना अनिवार्य होगा। ओटीपी वेरिफिकेशन के बाद ही पंजीकरण पूर्ण माना जाएगा। पंजीकरण कराने वाले उपभोक्ताओं के लिए विभाग ने तीन भुगतान विकल्प निर्धारित किए है, जिनमें पहला एकमुश्त भुगतान, दूसरा मासिक किश्त 750 रुपये एवं तीसरा विकल्प मासिक किश्त 500 रुपये। उपभोक्ता अपनी सुविधा के अनुसार इनमें से किसी भी विकल्प का चयन कर सकेंगे। योजना के तहत भुगतान की प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी करनी होगी, जिनमें पहला 01 दिसम्बर 2025 से 31 दिसम्बर 2025, दूसरा 01 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 एवं तीसरा चरण 01 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 सुनिश्चित किया गया है। जेई ने बताया कि विभाग की यह पहल उपभोक्ताओं को राहत देने के साथ-साथ राजस्व सुधार में भी बड़ी भूमिका निभाएगी। उन्होंने अपील की है कि सभी बकाएदार उपभोक्ता निर्धारित तिथि से पहले पंजीकरण कराके विभाग की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ जरूर उठाएं।

## दुष्कर्म के आरोपी ने जींस के बटन से गर्दन रेतने का किया प्रयास, कोर्ट परिसर में मची अफरा-तफरी

**फिरोजाबाद।** न्यायालय में पेश करने के लिए लाए गए दुष्कर्म के आरोपित ने परिसर में सनसनी फैला दी। न्यायालय से निकलते समय अपनी जींस का बटन तोड़कर चीखते हुए गला रेतने लगा। पुलिस ने आनन-फानन में बटन छीन लिया। बटन से गले में खरोंचें आई। पुलिस ने आरोपित को कड़ी सुरक्षा में भेज दिया है। शहर के लाइनपार थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी राजू के विरुद्ध दो दिन पहले कोर्ट के आदेश पर दुष्कर्म मुकदमा दर्ज हुआ था। मुकदमे में बताया कि आरोपित ने इंस्टाग्राम पर युवती से दोस्ती की। युवती का पति नौकरी पर बाहर गया हुआ था। युवती को अकेला देख आरोपित उसके घर में घुस गया और दुष्कर्म किया। लाइनपार थानाध्यक्ष अमित आर्या ने बताया कि बुधवार सुबह पांच बजे रामनगर से गिरफ्तार कर लिया। दोपहर में उसे रिमांड के लिए न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय से लौटते समय एसआइ और सिपाही बाहर निकले तो आरोपित एक चबूतरे पर बैठ गया।

## बाबा नीम करौरी महाराज की जन्मस्थली पहुंचे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक





### ● वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की पूजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**टूण्डला** – बाबा नीम करोरी महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर उनकी जन्मस्थली ग्राम अकबरपुर तहसील टूण्डला में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का आगमन हुआ, उन्होने यहां पर बाबा के चरणों में नतमस्तक होने के साथ-साथ वैदिक मंत्रौच्चार के साथ पूजा अर्चना की, साथ ही साथ उन्होने बाबा के परिजनों से भी मुलाकात की, इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने बाबा नीम करोरी जी महाराज के जीवन और संदेश पर निर्मित कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया, इस अवसर पर बोलते हुए उन्होने कहा कि मेरी प्रार्थना है कि पूरे प्रदेश के लोग नीम करोरी बाबा के आशिर्वाद से सुखी हो और विकास के पथ पर सदैव अग्रसर हो, बाबा का ध्यान संकटहरण करता है, परेशान जनमानस को रास्ता दिखाता है, बाबा के वचन सनातन संस्कृति को प्रगाढ़ बनाने का काम कर रहे है, यही कारण है कि आज उनकी ख्याति देश के साथ-साथ पूरी दुनिया में है, ऐप्पल के मालिक से लेकर आम जनमानस के हृदय मे बाबा निवास करते है और उनके संकट का हरण करते है, बाबा के आशिर्वाद से सनातन संस्कृति का ध्वज पूरे विश्व में लहरा रहा है, इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह और बाबा के दामाद जगदीश भटेरे भी उपस्थित रहे।

## फ़िरोज़ाबाद से दूसरी बार जिलाध्यक्ष बने उदय प्रताप सिंह







स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**टूण्डला-** भारतीय जनता पार्टी, उत्तर प्रदेश द्वारा विभिन्न जिलों में नए जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा की गई। इसी श्रृंखला में भारतीय जनता पार्टी फिरोजाबाद जिला अध्यक्ष पद को सुशोभित कर रहे संगठन में एक अलग प्रकार की पकड़ रखने वाले यशस्वी, ईमानदार, निर्भीक जनता के मुद्दे प्रखरता से उठाने वाले, बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं के हृदय में अपना स्थान रखने वाले, भारतीय जनता पार्टी फिरोजाबाद के जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह को शीर्ष नेतृत्व ने पुनः निर्वाचित किया। निर्वाचित होते ही संपूर्ण जिले में हर्षोल्लास का माहौल है। बूथ स्तर से जिला स्तर के सभी कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह को पुनर्निर्वाचित होने पर जगह जगह उनका स्वागत कर बधाई दे रहे हैं व उत्सव की तरह मना रहे हैं। इसी क्रम में मण्डल प्रभारी वीरेंद्र प्रताप सिंह,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सचिन जैन ने जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह के आवास पर जाकर फूलमाला पहनाकर, पुष्पगुच्छ देकर व मिष्ठान खिलाकर जिला अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर हर्ष जताया।

## मुख्यमंत्री के दौरे से पहले बरेली में तैयारियां तेज, दो किसानों को सीएम दिलाएंगे नई टाउनशिप का पहला मुआवजा

**बरेली।** शहर में मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को देखते हुए बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) के अधिकारियों की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान पीलीभीत रोड टाउनशिप में लाभार्थी पहले दो किसानों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों मुआवजा वितरित कराया जाएगा। इसके साथ ही ग्रेटर बरेली और रामगंगा नगर आवासीय योजना में सबसे पहले भूखंड खरीदने वाले दो आवंटियों का भी सीएम के हाथ सम्मान दिलाने को लेकर मंथन किया जा रहा है। बीडीए उपाध्यक्ष डा. मनिकंडन ए. ने बताया कि आगामी चार से पांच दिनों में पीलीभीत रोड टाउनशिप का भूमि अधिग्रहण शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए प्राधिकरण की ओर से लगभग सभी प्रक्रियाओं को अंतिम रूप दे दिया गया है। संभावना जताई कि मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए पहले दो किसानों को मुख्यमंत्री के हाथों मुआवजा वितरण का चेक सौंपा जाएगा।

## खनन माफियायों से निपटना सबसे बड़ी चुनौती - एसओ सिंगाही

### ● केस दर्ज फिर भी एक हफ्ता बाद भी नहीं हुई गिरफ्तारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही खीरी।** अवैध खनन कराने के मामले में सिंगाही पुलिस काफी समय से बदनाम तो है। हमेशा खनन के काले कारोबार करने वाले आरोपियों के साथ सिंगाही पुलिस खड़ी होने के आरोप लगते रहे है। खनन माफियाओ के खिलाफ सिंगाही थाने में 18 नवम्बर को खनन इंस्पेक्टर पर तमंचा रखकर साथी गनर से राइफल छीनने सरकारी कर्मचारी से मारपीट कर सरकारी कार्य में बांधा पहुंचाने का मुकदमा पंजीकृत है। घटना के 10 दिन बाद सफेद रेती बालू के खनन के नामजद आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है जिसमें मुख्य भूमिका थाना प्रभारी और केस के विवेचक की है। बताते चले कि खनन को लेकर लगातार खबरों के प्रकाशन के कारण उच्च अधिकारियों ने खनन की समस्या को संज्ञान में लेते हुए बीते 18 नवम्बर की रात करीब 11 बजे खनन अधिकारी आशीष सिंह ने मोतीपुर के भौका घाट पर छापा मारा। इस दौरान टीम ने चार ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध बालू परिवहन करते पकड़ी गई। इनमें दो ट्रॉली बालू से भरी हुई थीं, जबकि दो खाली ट्रॉली बालू भरने जा रही थीं। वाहन चालकों के मोबाइल जब्त कर टीम ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंचने से पहले ही मोतीपुर निवासी मुन्ना खान, कल्लू पुरवा निवासी हीरालाल, कोतवाली तिकुनिया के गांव तकिया पुरवा निवासी रविंद्र भार्गव और बंजरिया फार्म थाना सिंगाही निवासी फतेह सिंह मौके पर चार-पांच अन्य साथियों के साथ पहुंच गए और कार्रवाई का विरोध करते हुए खनन अधिकारी से गाली-गलौज हाथापाई करने की कोशिश की। हमलावरों ने गनर प्रदीप कुमार पर तमंचा लगाकर उसकी राइफल छीनने का भी प्रयास किया और खनन अधिकारी पर भी तमंचा रखा। माफियाओं और अधिकारियों की तकरार के बीच दो खाली ट्रैक्टर ट्रॉली चालक सहित मौके का फायदा उठाकर भाग निकले। रोकने का प्रयास करते समय अवैध खनन निरीक्षक की पूरी टीम को ट्रैक्टर चढ़ाकर मारने का भी प्रयास किया।पुलिस के पहुंचने से पहले ही खनन माफिया दो खाली ट्रैक्टर ट्राली लेकर नौ दो ग्यारह हो गए। खनन निरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने 19 नवम्बर को सुसंगत धाराओं में उपरोक्त आरोपितों पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। उम्मीद थी कि पुलिस ऐसे आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए तत्काल कार्यवाही करेगी लेकिन ऐसा कुछ देखने को नही मिला, मुकदमा पंजीकृत के 10 दिन बाद भी आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। पुलिस की इस तरह के लापरवाह रवैये को देखते हुए मामला संदिग्ध लग रहा कि कहीं पुलिस आरोपियों के साथ तो नवागत थाना अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह के लिए नामजद बालू खनन माफियों की गिरफ्तारी किसी चुनौती से कम नहीं है।




## मृतक हरिपाल के घर पहुचा सपा प्रतिनिधि मंडल परिजनो से की मुलाकत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** 27 नवम्बर समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल गोला के पूर्व विधायक विनय तिवारी व समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल के नेतृत्व में गोला के लालाहपुर निवासी मृतक हरिपाल के घर पर जाकर परिवार के लोगों से मुलाकात की । विगत 23 जून 2025 को छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के प्राचीन शिव मंदिर में लगभग 30 वर्षो से मुख्य सेवादार के रुप मे कार्यरत हरिपाल (हरिजन) की सुबह पूजा आरती होने के बाद आरती पूजन आदि का सामान धोते समय बिजली करंट लगने से मृत्यु हो गई थी, जिसकी पत्नी श्रीमती ज्योति व उसके दो छोटे छोटे बच्चों जिनकी उम्र 3 व 5 वर्ष है से मिलकर सांत्वना व्यक्त की व समाजवादी पार्टी द्वारा जल्द ही आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया! पूर्व विधायक विनय तिवारी व अनुराग पटेल ने जिला प्रशासन से माँग की है कि मृतक दलित हरिपाल के परिवार को जो आर्थिक रूप से बहुत ही गरीब है को आर्थिक मदद दी जाये जिससे मृतका की पत्नी अपने दोनो छोटे छोटे बच्चों का लालन पोषण कर शिक्षित कर सके। पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल ने मन्दिर कमेटी सहित जिला प्रशासन पर आरोप लगाया है कि मुख्य सेवादार हरिपाल की मृत्यु को 5 माह हो गये लेकिन अभी न मंदिर प्रशासन व न शासन द्वारा अभी तक कोई मदद नहीं की गई है। समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि मंडल में पूर्व विधायक विनय तिवारी व समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष अनुराग पटेल के साथ पार्टी के जिला उपाध्यक्ष विजय पाठक, जिला सचिव दानिश अब्दुल्ला, छात्र सभा के जिलाध्यक्ष प्रवीन यादव, भूपेंद्र सिंह अन्नू, प्रभात गुप्ता सहित रमन मनार ने मृतक के परिवार से मुलाकात की!

## पलिया-निघासन रोड पर दर्दनाक हादसाः ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, परिवार में कोहराम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पलियाकलां-खीरी।** निघासन रोड पर नौगवां-बेलाकलां के बीच आज बुधवार की देर शाम एक दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। ट्रैक्टर-ट्राली की जोरदार टक्कर में ग्राम बड़ा पतवारा निवासी 25 वर्षीय अजय पुत्र छत्रपाल की मौके पर ही मौत हो गयी। अजय बाइक द्वारा अपने घर जा रहा था। हादसा इतना भीषण था कि युवक का सिर फट गया और वह सड़क पर ही दम तोड़ गया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस कर्मियों ने युवक को पलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां पहुंची पुलिस टीम ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उधर घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया और आनन-फानन? में सभी पलिया अस्पताल पहुंच गये। परिवारीजन रो-रोकर बेहाल हैं। घटनास्थल पर पहुंचे मझगई थाना प्रभारी राजू राव ने बताया कि हादसे में शामिल ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। हालांकि ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया है। परिजनों द्वारा तहरीर दिए जाने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बरेली में पुलिस मुठभेड़, शातिर बदमाश पारस के पैर में लगी गोली, गिरफ्तार

पुलिस के मुताबिक, नेकपुर निवासी राहुल श्रीवास्तव से बाइक सवार दो बदमाशों ने मेधास अस्पताल के पास उनका मोबाइल छीना था। मामले में पुलिस ने प्राथमिकी लिखी और आरोपित की तलाश शुरू कर दी। गश्त के दौरान पुलिस को बुधवार आधी रात के बाद एक बाइक सवार युवक दिखाई दिया। रोकने पर वह भागने लगा पुलिस टीम में पीछा किया तो पेट्रोल पंप के पास उसकी बाइक फिसल गई। जब पुलिस उसे पकड़ने पहुंची तो आरोपित ने पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने गोली चलाई तो उसके बाएं पैर में लगी। पूछताछ में उसके छिनेती की घटना को स्वीकार लिया है।

## जबरन यूरिया की बोरी के साथ किसानों को दिया जा रहा बिरला बलवान का थैला



**निघासन (खीरी ) :** निघासन ढखेरवा रोड गोलपाल दीक्षित धर्म कांटा के पास में जय किसान जंक्शन के नाम से स्थित दुकान पर भोले भाले किसानों को यूरिया की बोरी के साथ बिरला बलवान का थैला जबरन दिया जा रहा है।कोई लेना चाहें या ना फिर भी दुकानदार के द्वारा जबरन दिया जा रहा।किसान मौसमी फसलों पर यूरिया का इस्तेमाल करना चाह रहे।तो मजबूरन में किसानों को लेना पड़ रहा है। ओवर रेट के साथ यूरिया और दे रहा बिरला बलवान का जबरन थैला। निघासन ढखेरवा रोड पर चल रहा ओवर रेट का खेल संबंधित अधिकारी सो रहे कुंभकरण की नींद उनकी लापरवाही से किसान हमेशा रहते हैं परेशान कभी ओवर रेट से तो कभी यूरिया की किल्लत से। जय किसान जंक्शन दुकान के बाहर किसानों ने बताया की बोरी के साथ थैला दिया जा रहा है।

## नवागत थाना प्रभारी ने पत्रकारों के साथ हुए रूबरू



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

### ● थाना प्रभारी ने क्षेत्र की समस्याओं पर की चर्चा

**सिंगाही खीरी।** थाना सिंगाही में मनीष कुमार सिंह ने नवागत थाना प्रभारी के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने स्थानीय पत्रकारों के साथ बैठक कर परिचय प्राप्त किया। बैठक के दौरान थाना प्रभारी ने अपना परिचय देते हुए बताया कि मै प्रतापगढ़ गढ़ का मूल निवासी हूँ पुलिस में आने से पहले मैं प्राइमरी और इंटरमीडिएट का शिक्षक रहा हूं। थाना प्रभारी ने क्षेत्र की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए पत्रकारों को आश्वस्त किया कि वे अपने क्षेत्र में होने वाली किसी भी घटना की जानकारी सीधे साझा कर सकते हैं। थाना प्रभारी ने कहा कि जनता की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है। पुलिस हर समस्या के समाधान के लिए तत्पर रहेगी। उन्होंने अपराध नियंत्रण को विशेष महत्व देने की बात कही। साथ ही स्पष्ट किया कि किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। थानाध्यक्ष ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए मीडिया के साथ समन्वय बनाकर काम करने की बात कही पत्रकारों से सहयोग की अपील की। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र में होने वाली किसी भी घटना पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर पत्रकार मनोज गोस्वामी,आनन्द शुक्ला, प्रेम प्रकाश बाजपेई,मसरूर खान,नरोत्तम,जमीर अहमद,पुनीत शर्मा, सुग्रीव त्रिवेदी, इजहार हाशमी, नवीन दीक्षित आदि पत्रकार गण मौजूद रहे।

## सिकंदराबाद पुलिस चौकी के सामने फर्राटा भर रही मिट्टी की ओवरलोड ट्रालियां

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** थाना नीमगांव क्षेत्र के अंतर्गत सिकंदराबाद क्षेत्र के गावो में धड़ल्ले से चल रहा अवैध मिट्टी का खनन। जबकि कुछ दिन पहले लखीमपुर खीरी के खनन माफियाओं के द्वारा अवैध खनन कर रहे लोगो की ट्रालियो को पकडे के लिये गये हुये थे, वहां पर मौजूद खनन माफियाओ ने अधिकारियो पर जानलेवा हमला कर दिया गया था। इससे भी नीमगांव थाना पुलिस सीख नही ले रही है। वही देख जाए तो खनन माफियाओं के हौसले इतने बुलंद है जो कि दिन भर ट्रेक्टर ट्राली पीली बालू भरकर रोड पर सरेराह फर्राटे भरते नज़र आ रहे है। नीमगाँव थाना क्षेत्र की चौकी सिकंदराबाद क्षेत्र के गांव रायपुर,घुन्शी, पिपरा, सेहरा, रोशन नगर,



अमेठी के सहित लगभग ऐक दर्जन गावो से दिन के उजाले मे खनन माफिया अवैध रूप मिट्टी खनन कर ओवर लोड कर वाहनो से सिकंदराबाद पुलिस चौकी के सामने से गुजरती रहती है।लेकिन सिकंदराबाद पुलिस चौकी भी जानकर अन्जाम बनी रहती है क्यो कि मिट्टी खनन से पुलिस को मोटी कमाई होती है। प्रवीर गौतम नवागत थानाध्यक्ष नीमगांव ने बताया कि अभी हमने कल ही तो चार्ज लिया है हमे किसी भी प्रकार के मिट्टी खनन की जानकारी है। कैसी भी प्रकार का मिट्टी खनन विना परमीशन होने नही दिया जायेगा।

## सिर्फ 9 महीने में उजड़ा घर! महिला वकील की संदिग्ध मौत, दहेज के लिए प्रताड़ना का आरोप



**बरेली।** प्रेमनगर निवासी महिला अधिवक्ता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। स्वजन का कहना है कि रात में अचानक से तबियत बिगड़ी तो उसे अस्पताल लेकर दौड़े, लेकिन डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। महिला के मायके वालों ने पति समेत ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया है, पुलिस का कहना है कि गले पर एक निशान है। बाकी मौत की स्पष्ट वजह पोस्टमार्टम में पता चलेगी। पुलिस के मुताबिक, बारादरी थाना क्षेत्र निवासी महजबीन का निकाह इसी साल फरवरी में प्रेमनगर के शाहबाद निवासी डा. मेंहदी हसन के बेटे डा. तलहा के साथ हुआ था। तलहा बीएएमएस करने के बाद देवचरा में क्लीनिक चलता है। महिला अधिवक्ता थी, मृतक महिला के ताऊ हापुड़ में जज है और एक भाई एसडीओ और दूसरा अधिवक्ता है। मायके वालों का आरोप है कि, शादी के बाद से ही सभी ससुराल वाले उनकी बेटी महजबीन को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। गुरुवार को उन्हें सूचना मिली कि बेटी की तबियत खराब है। जब वह सब मौके पर पहुंचे तो देखा कि बेटी की मौत हो चुकी थी। उसकी आंखे बाहर की ओर उभरी थी। गले पर भी निशान था। प्रेमनगर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होगा। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में पति डा तलहा, देवर डा. हमजा, मोहम्मद जैद, ससुर डा. मेंहदी हसन सास आसमा, ननद उजमा, चमन और नंदोई फैजान पर प्राथमिकी लिखी है।

## संक्षिप्त खबरें

### भविष्य के निर्माण का आगाज़।

विज्ञान क्विज प्रतियोगिता बी आर सी सुरियावां पर संपन्न।



विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने और भविष्य के निर्माण को महत्वपूर्ण बनाने में नई पीढ़ी को वैज्ञानिक सोच से ओत प्रोत करने ,नई शिक्षा नीति को क्रियान्वित करते हुए,ब्लॉक संसाधन केंद्र सुरियावां पर राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई।प्रतियोगिता का प्रारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सुरियावां श्रीमान यशवंत सिंह जी द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।कुल 34विद्यालयों के यू पी एस और कंपोजिट विद्यालयों के 103 छात्र छात्राओं द्वारा सर्व प्रथम लिखित परीक्षा दी गई।तत्पश्चात सर्वश्रेष्ठ 25 विद्यार्थियों की मौखिक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई।जिसमें से 10 सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों का चयन जनपद स्तर के लिए किया गया।सभी विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र और पुरस्कार वितरित किया गया।परीक्षा संपन्न कराने में, ए आर पी भास्करानंद मिश्र,भैरवानंद यादव,मनोज प्रभाकर सिंह,संतोष कुमार,और देवेंद्र कुमार मिश्र का महत्वपूर्ण योगदान रहा।परीक्षा एस आर जी श्री विनय शंकर पाण्डेय जी के निर्देशन और नोडल संकुल,वेद प्रकाश,और भोलानाथ सरोज के सहयोग से संपन्न हुई।

### बीच सड़क पर मारपीट और लूट का आरोप ,मामला,मुकदमा दर्ज



**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के ज्ञानपुर रोड पर मंगलवार देर शाम बड़ी वारदात उस समय हो गई जब जंगीगंज महुआरी निवासी विजय कुमार जायसवाल अपने बेटे विक्रान्त और मित्र राशिद के साथ कार से घर लौट रहे थे। रास्ते में अचानक बरियापुर अजना चौराहा, थाना हडिया प्रयागराज के रहने वाले गुलाब यादव, रघुवेन्द्र यादव, धर्मेन्द्र यादव, जितेन्द्र यादव, प्रदीप यादव सहित अन्य लोगों ने उनकी कार को रोक लिया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावरों ने वाहन का शीशा तोड़ा, विजय और उनके बेटे विक्रान्त पर बुरी तरह हमला किया और विक्रान्त को जबरन अपने साथ उठा ले गए। मारपीट के दौरान मोबाइल फोन, 50 हजार रुपये नकद और सोने की सिकड़ी भी लूट लेने का आरोप लगाया गया है। घटना में विजय कुमार और उनके बेटे को गंभीर चोटें आई, जबकि विजय कुमार की टांग टूटने की जानकारी सामने आई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस सक्रिय हुई। पीड़ित की तहरीर पर संबंधित सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही पूरे प्रकरण का खुलासा कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### जिला मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठ द्वारा स्ट्रेस मैनेजमेंट कार्यशाला का आयोजन

**ज्ञानपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सन्तोष कुमार चक के निर्देश पर जिला मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठ की टीम ने गुरुवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय भदोही में स्ट्रेस मैनेजमेंट कार्यशाला एवं संगोष्ठी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, और आत्महत्या रोकथाम जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। छात्रों को मानसिक रोगों के प्रकार, उनके लक्षण, कारण और समय रहते की जाने वाली रोकथाम संबंधी उपायों पर जागरूक किया गया। कार्यशाला में विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य सहायता से जुड़े महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 9118570599 व टोल-फ्री नंबर: 14416 उपलब्ध कराए। इस अवसर पर जिला मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठ के मनोचिकित्सक डॉ. अभिनव पाण्डेय, डॉ. अशोक परासर, मनोचिकित्सकीय सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. शान्ति, महाविद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. माया, तथा डॉ. राजकुमार सिंह यादव, डॉ. रुस्तम अली, एवं डॉ. अंकिता तिवारी उपस्थित रहे और अपने विचार व मार्गदर्शन से छात्रों को लाभान्वित किया।

## भदोही के गुलौरी गंगा घाट पहुंची खनन विभाग की टीम, ग्रामीणों ने किया हंगामा।

●अवैध बालू खनन की शिकायत पर पहुंची थी टीम।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** जनपद में अवैध मिट्टी खनन और बालू की अवैध ढुलाई को लेकर प्रशासन समय-समय पर छापेमारी करती है और इस दौरान कई ट्रैक्टर को अवैध ढंग से परिवहन करने वाहनों पर कार्यवाही भी होती है। कभी-कभी प्रशासन के लोगों को कार्यवाही के दौरान विरोध का सामना भी करना पड़ता है। एक ऐसा ही मामला गुरुवार को गोपीगंज क्षेत्र के गुलौरी गंगा घाट पर देखने को मिला जहां खनन निरीक्षक को सूचना मिली थी कि गुलौरी गंगा घाट से बालू की अवैध ढुलाई हो रही है, जिसके क्रम में खनन निरीक्षक सुरेंद्र सिंह गोपीगंज पुलिस और जेसीबी के साथ गंगा घाट पर पहुंचे और गंगा घाट पर जाने वाले रास्ते को जेसीबी से खुदाई कराना शुरू किया जिससे कि गंगा घाट तक कोई ट्रैक्टर न जा सके, इस दौरान स्थानीय लोगों ने इसका विरोध करना प्रारम्भ कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि रास्ता अवरुद्ध हो जाने से गंगा स्नान करने वालों, अंतिम संस्कार करने जाने वालों और स्थानीय लोगों के आवागमन में काफ़ी मुश्किल होगी, इसलिए विभाग की कार्यवाही उचित नहीं है। हालांकि ग्रामीणों के हंगामा के बाद रास्ते की खुदाई बंद करा दी गई और चेतावनी दी गई कि कोई भी अवैध बालू की ढुलाई नहीं होगी। इस मामले पर खनन निरीक्षक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि जनपद में कहीं भी कोई अवैध मिट्टी खनन या अवैध बालू की ढुलाई करेगा तो उसके खिलाफ निश्चित रूप से कार्यवाही की जाएगी, बताया कि गुरुवार को एक ट्रैक्टर को भी सीज किया है।

## मिशन शक्ति 5.0 - नारी शक्ति का नया आयाम

●जनपद भदोही के थानों की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया 'मिशन शक्ति फेज-05' अभियान।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत पुलिस अधीक्षक श्री अभिमन्यु मांगलिक जनपद भदोही के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्री शुभम अग्रवाल जनपद भदोही के पर्यवेक्षण में आज दिनाँक 27.11.2025 को जनपद के थानों पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया । महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही 'मिशन शक्ति 5.0' अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 स्वानिधि योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/ हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

## ए.आर.सी.आई. हैदराबाद में शिवम मौर्य का हुआ चयन, क्षेत्र में खुशी की लहर

● मौर्य विकास समिति ने दी शुभकामनाएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** स्थानीय क्षेत्र के दशरथपुर पूरेगड़ेरिया के डॉ. श्यामधर मौर्य के छोटे पुत्र शिवम मौर्य ने क्षेत्र का मान बढ़ाते हुए ए.आर.सी.आई. हैदराबाद (सरकारी अनुसंधान एवं विकास केन्द्र) में रिसर्च एसोसिएट के पद पर चयनित होकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस सफलता के बाद गांव और आसपास के इलाके में हर्ष का माहौल है। शिवम मौर्य ने हाल ही में आई.आई.टी. पटना से अपनी पीएच.डी. पूर्ण की है। उनका शोध कार्य विमानन (एयरोस्पेस), ऑटोमोबाइल अनुप्रयोग, ऊर्जा भंडारण तथा उन्नत सतह अभियांत्रिकी (एडवांस्ड सरफेस इंजीनियरिंग) जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों पर केंद्रित रहा। उनके शोध के आधार पर कई रिसर्च पेपर प्रकाशित हुए हैं और अनेक पेटेंट भी दाखिल किए गए हैं, जो उनके उत्कृष्ट वैज्ञानिक योगदान का प्रमाण है। शिवम की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर मौर्य विकास समिति भदोही ने डॉ. श्यामधर मौर्य सहित पूरे परिवार को हार्दिक मंगलकामनाएं व बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## समीक्षा बैठक भाजपा जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र नरायण सिंह पटेल जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मीरजापुर।** गुरुवार को भाजपा बरौधा कचार मीरजापुर के सभागार में शिक्षक एमएलसी चुनाव - 2026 मीरजापुर जिले की समीक्षा बैठक भाजपा जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र नरायण सिंह पटेल जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । बैठक में मुख्य अतिथि काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री राजेश राजभर जी ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा संयोजक, बूथ संयोजक एवं सह संयोजक जिले के प्रत्येक विद्यालय में जाकर अधिक से अधिक शिक्षकों को मतदाता बनायें इसके लिए आप सभी का अभिनन्दन एवं आभार व्यक्त करता हूँ । विशिष्ट अतिथि प्रदेश सह संयोजक शिक्षक प्रकोष्ट अनिल श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षक एमएलसी मतदाता सूची 02 दिसम्बर 2025 को प्रकाशित होने वाली है । प्रत्येक विधानसभा संयोजक, बूथ संयोजक एवं सह संयोजक यह चेक कर लेंगे कि उनके द्वारा जमा किये गये फॉर्म के नाम की सूची प्रकाशन में है की / नहीं । जिनका नाम मतदाता सूची में फॉर्म भरने के बावजूद भी न हो उन लोगों का दावा आपत्ति समय से दर्ज करा दें । आगे उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय के लिए एक - एक प्रमुख नियुक्त करके सूची कार्यालय पर भेजवा दें । बैठक का संचालन एवं संयोजक जिलामंत्री भाजपा हेमंत त्रिपाठी जी रहे । बैठक में प्रमुख रूप से जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ नरेन्द्र श्रीवास्तव, जिला सह संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ डॉ0 सूर्य प्रताप सिंह, विधानसभा संयोजक अखिलेश सिंह, नागेश्वर तिवारी, राजेश कुमार, संजय सिंह, चन्द्रकान्त सिंह, शिव प्रसाद दूबे, अभिषेक जायसवाल, मनोज सिंह, समरेन्द्र सिंह, अजय दूबे, राघवेन्द्र सिंह, अविनाश यादव, रतन कुमार सिंह, प्रेमचन्द पटेल के साथ अन्य लोग उपस्थित रहें । उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश दूबे ने किया ।

## कामापुर कला गाँव में आदिवासी बस्ती के लोग पानी के लिए परेशान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गैपुरा, मिर्जापुर।** छानबे क्षेत्र के पहाड़ी गाँव कामापुर कला में डेढ़ सौ आबादी वाले सेतुहार जठ्ठहवां मजरे के कोल-आदिवासी बस्ती के लोग प्यास बुझाने के लिए नदी-नालों की पानी पर आश्रित हो गई है। परिषदीय स्कूल का समरसिबल पंप चलने पर बस्ती की महिलाएं बाल्टी व ड्रम लेकर दौड़ पड़ती हैं। किंतु स्कूल बंद होने पर उन्हें पहाड़ी नदी और नालों का पानी भरने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ती है। पानी इकट्ठा करने के लिए बस्ती से पांच सौ मीटर दूर चक्रमण करना पड़ता है। रीना,सुघरी,मंतोरा,पानकली,हीरावती,राज कली आदि महिलाओं ने बताया कि तीन साल पहले लगा नल मुंह चिढ़ा रहा है। नलों की टोटियों से पानी की बूंदे भी नहीं टपकती। हैंडपंप शो-पीस बने हुए हैं। सेतुहार स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण पांडेय ने बताया कि परिसर स्थित समरसिबल पंप से पानी भरने के लिए होने वाली भीड़ से पठन-पाठन प्रभावित होता है। प्रधान पूजा विश्वकर्मा ने बताया कि पाइप लाइन ध्वस्त हो जाने के कारण नल निस्प्रयोज्य साबित हो रहे हैं। विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया है। फिर भी सुधार नहीं हो पा रहा है।

### थाना दुर्गागंज की तत्परता से गुमशुदा बच्ची को मात्र 02 घंटे के अंदर सकुशल परिजनों को सुपुर्द किया गया।



दिनांक 27.11.2025 को सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना मिली कि एक बच्ची दुर्गागंज थाना क्षेत्र में अपने परिजनों से बिछड़कर दूर चली आई है।जो परिवारजनों के बारे में बताने में असमर्थ है। मामले को तत्काल संज्ञान में लेते हुए स्थानीय पुलिस द्वारा बच्ची को मिशन शक्ति केंद्र लाया गया तथा बीट क्षेत्र में कार्यरत पुलिसकर्मी द्वारा पता लगाने व आसपास के जनपदीय थानों पर बच्ची के परिजनों को जानकारी हेतु फोटो प्रसारित की गई जिससे मात्र 02 घंटों के भीतर बच्ची के परिजनों का पता लगाकर सकुशल सुपुर्द किया गया ।परिजनों द्वारा थाना दुर्गागंज पुलिस एवं जनपद पुलिस की इस त्वरित एवं सराहनीय कार्यवाही के लिए हृदय से आभार व्यक्त करते हुए भूरी भूरी प्रशंसा की गई। हम सिर्फ वर्दी नहीं, एक भरोसा हैं... एक परिवार हैं।

## ब्लॉक स्तरीय दिव्यांग बच्चों का खेलकूद का आयोजन पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुरियावा में संपन्न



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही/ सुरियावा** दिनांक 27 11 2025 को पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुरियावा के प्रांगण में ब्लॉक स्तरीय दिव्यांग बच्चों का खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विकास खंड सुरियावां के कुल 33 दिव्यांग बच्चों ने प्रतिभा ग किया । कार्यक्रम का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी यसवंत सिंह द्वारा माता सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत तथा देवी गीत के साथ किया गया। दिव्यांग बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में देशभक्ति गीत तथा सरस्वती वंदना आदि प्रस्तुत किया गया इसी क्रम में खेल के कार्यक्रम में कुर्सी दौड़और जलेबी दौड़ एवं चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कार्यक्रम को डॉ जयप्रकाश सिंह, राणा गोविंद शक्तिमान उपाध्याय विजय कुमार मौर्य राम सजीवन द्वारा संपन्न कराया गया इसके अलावा भास्करानंद मिश्र भैरवानंद मनोज प्रभाकर वेद प्रकाश राजीव रत्न विजय सिंह अनिल यादव तथा एल एल एफ के ब्लॉक कॉर्डिनेटर लाल चंद आदि शिक्षकों ने सहयोग किया।कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सुरियावां के महामंत्री, तथा ए आर पी देवेंद्र कुमार मिश्र द्वारा किया गया।धन्यवाद ज्ञापन एस आर जी विनय शंकर पाण्डेय जी ने किया।

## श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक संतोष जी महाराज ने शुकदेव जन्म, परीक्षित संवाद का किया विस्तृत वर्णन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



सुरियावां क्षेत्र के भोरी गांव में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन गुरुवार को कथा स्थल प श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भजन-कीर्तन की मधुर धुनों के बीच वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। दोपहर बाद कथावाचक संतोष जी महाराज ने कथा वाचन आरंभ किया, जिसके साथ ही पंडाल में 'जय-जय श्री राधे' और 'भागवत महारानी की जय' के जयकारे गूंज उठे। दूसरे दिन महाराज जी ने शुकदेव जी महाराज के अलौकिक जन्म, ब्रह्मज्ञान की अवस्था, वैराग्य, व्यास जी के हृदयस्पर्शी पीड़ा और आकाशवाणी प्रसंग का विस्तृत भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि शुकदेव का जन्म स्वयं सिद्ध महात्माओं के अद्वैत ज्ञान का प्रतीक है। जन्म लेते ही उन्होंने सांसारिक बंधनों से दूर होकर वन की ओर प्रस्थान किया। व्यास जी ने पुत्र-वियोग में उन्हें पुकारा, लेकिन आकाश में गूंजती दिव्य वाणी ने ही उनके स्वरूप का परिचय कराया। महाराज जी ने कहा कि शुकदेव और राजा परीक्षित का संवाद ही भागवत महापुराण का मूल आधार है। परीक्षित को मिले श्राप के बाद उनके जीवन के अंतिम सात दिनों में शुकदेव द्वारा सुनाई गई भागवत कथा ही संसार को भक्ति, समर्पण, धर्म, मोक्ष और भगवान के स्वरूप का श्रेष्ठ ज्ञान प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि भागवत महापुराण किसी साधारण ग्रंथ का वर्णन नहीं, बल्कि यह 'भक्ति का सार और भगवान के प्रेम का अमृत' है। कथा के दौरान संतोष जी महाराज ने मधुर भजनों के साथ प्रसंगों को इस तरह जोड़ा कि श्रद्धालु भक्ति-भाव में लीन हो गए। पंडाल में महिलाएँ, बुजुर्ग और युवा सभी 'हरि बोल' और 'शुकदेव भगवान की जय' के जयकारों के साथ कथा में सहभागिता करते दिखे। दिनभर कथा स्थल पर श्रद्धालुओं का निरंतर आगमन बना रहा। कई भक्तों ने कथा के महत्व को समझते हुए इसे जीवन बदलने वाली अनुभूति बताया। आयोजक पंडित कृष्नानन्द पांडेय ने बताया कि कथा के तीसरे दिन वामन अवतार, प्रहलाद चरित्र, तथा चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। छठे दिन गोवर्धन लीला, जबकि समापन दिवस पर रुक्मिणी विवाह और सुखदेव-परिक्षित मोक्ष प्रसंग प्रस्तुत किया जाएगा। भोरी गांव में चल रही यह भागवत कथा न केवल धार्मिक कार्यक्रम है बल्कि गांव में शांति, सद्भाव और आध्यात्मिक जागृति का केंद्र बन गई है।

## लालानगर टोल प्लाजा पर चला बुलडोज़र

● वर्षों पुराने अवैध अतिक्रमण पर एनएचआई की सख्त कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोपीगंज।** लालानगर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित टोल प्लाज़ा के पास वर्षों से जमे अवैध दुकानों और गुमटियों पर गुरुवार को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बुलडोज़र चलाया। इससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कार्रवाई से पहले टोल रोड का विधिवत सीमांकन कराया गया था और लगातार तीन दिनों तक माइक्रोफोन से चेतावनी देकर दुकानदारों को स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया था। चेतावनी के बावजूद कब्जे नहीं हटाए गए, जिसके बाद प्राधिकरण को कार्रवाई करनी पड़ी। टोल प्लाज़ा के आसपास करीब 50 अवैध दुकानें संचालित थीं। इनसे वाहनों का आवागमन बाधित होता था और टोल टैक्स जमा करने के बाद भी चालकों को आए दिन जाम व दुर्घटनाओं की समस्या का सामना करना पड़ता था। अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम ने बताया कि ये दुकानें अक्सर टोल रोड पर जाम की स्थिति पैदा कर देती थीं, जिससे हादसों का खतरा बढ़ जाता था। टीम के एक सदस्य ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन लोगों ने स्थायी निर्माण किए हैं, उन्हें नोटिस जारी कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान विनोद कुमार, सुरेश कुमार, रामजी पाल, शिव शंकर सहित अनेक दुकानों को ढहा दिया गया। कई दुकानदारों ने आरोप लगाया कि वे स्वयं दुकानें हटाने को तैयार थे, लेकिन उनकी बात सुनी नहीं गई और अचानक हुई कार्रवाई से उनका लाखों रुपये का नुकसान हो गया। अतिक्रमण हटाए जाने के दौरान पूरे क्षेत्र में हलचल और अफरा-तफरी का माहौल बना रहा, जबकि प्रशासनिक टीम मौके पर मौजूद रहकर स्थिति को नियंत्रित करती रही। टोल प्लाज़ा क्षेत्र में यातायात सुचारू रखने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह कार्रवाई महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## पत्थर खदान में मुंशी की संदिग्ध मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अहरौरा, मीरजापुर।** थाना क्षेत्र के कंचनपुर माइनिंग एरिया का है। खदान के मुंशी के मौत की खबर से इलाके में हड़कंप मच गया, स्थानीय और मुंशी के गांव के परिजन समेत काफी भीड़ मौके पर जमा हो गई। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा तरह-तरह के अटकल लगाए जा रहे थे, किसी का कहना था की मुंशी की हत्या कर के उसे दफनाने का प्रयास किया गया, तो कोई बता रहा था की खदान के ऊपरी हिस्से से गिरकर मौत हो गया जिसे छुपाने के लिए निजी वाहन से कहीं अन्यत्र ले जाया जा रहा था जिसे हम लोगों के हस्तक्षेप से वापस लाया गया। मौके पर मौजूद अहरौरा थाना अध्यक्ष, अदलहाट थाना अध्यक्ष क्षेत्राधिकारी मंजरी राय ,एसडीम समेत समस्त प्रशासनिक अमला मौजूद रहकर स्थिति को नियंत्रित किया। स्थिति सामान्य करने में अहरौरा के थाना अध्यक्ष सदानंद सिंह की भूमिका सराहनीय रही, उत्तेजित हो रहे लोगों को समझा बूझकर शव को अंत्य परीक्षण के लिए रवाना किये। बताते चले कि मृतक जय हिंद यादव पुत्र मुन्नी यादव उम्र 27 वर्ष निवासी मुबारकपुर चकिया चंदौली का रहने वाला था।तीन भाई बहनों में सबसे बड़ा था। अभी शादी मात्र 2 वर्ष पहले हुआ था, जिसको दो बच्चे एक 15 माह का और दूसरा तीन माह का है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अभी हाल ही में ओबरा में हुए खदान की दुर्घटना को देखते हुए स्थिति को गंभीरता से लेते हुए घटनास्थल पर जिले के कप्तान सोमेन वर्मा ने दौरा कर आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिए।

### बी. ओ .अभय सिंह के साथ ग्रीन गुरु जी ने किया पौध रोपण

**मीरजापुर।** विधायक खेल स्पर्धा के समापन के अवसर पर 3803 वें दिन लगातार पौध रोपण के क्रम में अनिल कुमार सिंह,ग्रीन गुरु जी, प्रधानाचार्य, शान्ति निकेतन इण्टर,कॉलेज,पचोखरा, मीरजापुर ,द्वारा 01 जुलाई 2015 से लगातार प्रति दिन किये जा रहे पौध रोपण के 3803 वें दिन के क्रम में विधानसभा मड़िहान की दो दिवसीय माननीय विधायक खेल स्पर्धा के समापन के अवसर पर आयोजन स्थल मल्टीपर्पज हॉल(स्टेडियम),दीपनगर, पटेहरा कलां,मड़िहान,मीरज़ापुर जिसे युवा कल्याण विभाग द्वारा विकसित किया गया है,के परिसर में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अभय सिंह के साथ महोगनी के पौध का रोपण ग्रीन गुरु जी ने किया।बताते चले

# संक्षिप्त खबरें

## एनटीपीसी गेट छावनी में तब्दील, कांग्रेस के कई नेता हिरासत में

**प्रयागराज।** (मेजा) एनटीपीसी के खिलाफ किसानों, नौजवानों और बेरोजगारों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया है। इस विरोध का नेतृत्व कांग्रेसी नेताओं ने किया था। एनटीपीसी गेट पर धरना-प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन पहले से ही सतर्क था। सुबह से ही पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया था। एनटीपीसी की ओर जाने वाले सभी रास्तों पर बैरिकेडिंग लगाकर जांच की जा रही है। किसी को भी आसपास जमा होने की इजाजत नहीं है। कांग्रेस नेता नमस्ते यादव को एनटीपीसी गेट पर धरना-प्रदर्शन करने के दौरान पुलिस ने हिरासत में ले लिया और भीड़ को आगे बढ़ने नहीं दिया गया। इसके बावजूद नमस्ते यादव गांव के रास्ते बाइक से धरना स्थल तक पहुंच गए, और जमीन पर बैठकर नारेबाजी करने लगे। तभी पुलिस ने उन्हें उठाकर बस में बैठा लिया और वहां से ले गई। कांग्रेस नेता के साथ और लोगों को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर मौजूद है।जो भी व्यक्ति विरोध प्रदर्शन से लिए पहुंच रहा है, पुलिस उसे थाने ले जा रही है। वज्र वाहन के जरिए लोगों को हटाने की तैयारी भी की जा रही है। दरअसल, प्रशासक ने इस विरोध और धरने की अनुमति नहीं दी थी। ऐसे में इसे अवैध मानते हुए कार्रवाई की जा रही है। कोहड़ार घाट स्थित एनटीपीसी के मुख्य गेट पर कांग्रेस नेता नमस्ते यादव और जितेंद्र के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन का एलान किया गया था।यह प्रदर्शन उचित मुआवजा मिलने और एनटीपीसी में स्थानीय युवाओं को नौकरी ना देने के विरोध में किया जा रहा है। कांग्रेस नेता नमस्ते यादव का कहना है कि, एनटीपीसी ने गरीबों,दलितों और नौजवानों सहित अन्य वर्गों के साथ न्याय नहीं किया।उनकी मुख्य मांगो में मुआवजा और रोजगार है।

## बाइक का लॉक तोड़कर व पैंट से 4 हजार रुपए लेकर गायब

**ब्यूरो प्रयागराज।** थाना बारा अंतर्गत ग्राम सभा चन्दरा में बुधवार रात चोरी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। गांव निवासी रवीन्द्र कुमार त्रिपाठी पुत्र रामचन्द्र त्रिपाठी की मोटरसाइकिल को चोरों ने उस समय चुरा लिया,जब घर पर बाइक खड़ी थी।चोरों ने मोटरसाइकिल का लॉक तोड़कर बड़ी सफाई और बेखौफ अंदाज में उठा ली। वारदात इतनी सफाई से हुई कि आसपास के लोगों को भनक तक नहीं लगी। इसके बाद चोर घर में घुस आए और जीन्स के पैन्ट में रखे करीब चार हजार नकद भी उड़ा ले गए। दोहरी चोरी होने से क्षेत्र में दहशत फैल गई है कि चोर कितनी निडरता से सक्रिय हैं।सूचना मिलते ही 112 पुलिस मौके पर पहुंची, जांच-पड़ताल कर आसपास के इलाकों में तलाश शुरू कराई। खोजबीन के बाद मोटरसाइकिल घर से लगभग पांच सौ मीटर दूर टूटी-फूटी हालत में बरामद मिली। इससे साफ है कि चोर बाइक को लेकर भागे जरूर, लेकिन किसी वजह से आगे नहीं ले जा पाए और क्षतिग्रस्त हालत में छोड़कर फरार हो गए। पीड़ित रवीन्द्र त्रिपाठी ने बारा थाने में लिखित शिकायत दे दी है। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में लगातार चोरी की घटनाएँ बढ़ रही हैं, और पुलिस की गश्त न होने के कारण चोर बेखौफ घूम रहे हैं।अब बड़ा सवाल यह है, कि क्या बारा थाना चोरों तक पहुंच पाएगा? या फिर चोर इसी तरह गांव में वारदातों का सिलसिला जारी रखेंगे? गांव के लोग पुलिस प्रशासन से तत्काल सख्त कार्रवाई, रात की गश्त बढ़ाने और चोरों के गिरोह पर कड़ी नकेल कसने की मांग कर रहे हैं।

## सहकारी समितियों में अनाज की खरीद बंद, भाकियू ने जताया विरोध

**ब्यूरो प्रयागराज।** जारी क्षेत्र में गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने बारा तहसील क्षेत्र की सभी सहकारी समितियां में बाइक रैली निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया रैली की अगुवाई यूनियन की यमुनापार प्रभारी अवध राज सिंह ने उन्होंने बताया कि सहकारी समितियां में धान-गेहूं की सरकारी खरीद प्रक्रिया किसानों के साथ भेदभाव कर रही है।जिससे क्षेत्र के हजारों किसान परेशान हैं।अवधराज सिंह ने कहा कि सहकारी समितियां में तैनात सचिव किसानों का अनाज लेने में टालमटोल करते हैं। जबकि व्यापारियों और मीलरों का अनाज बिना किसी रोक-टोक के बड़ी मात्रा में लिया जा रहा है।इससे गरीब और सीमांत किसानों को अपना अनाज बेचने के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है।कई किसानों ने आरोप लगाया कि उनसे टोकन जारी करने में देरी की जाती है।जिससे सरकारी खरीद की अंतिम तिथि निकल जाती है।यूनियन ने कहा कि इस मनमानी के कारण किसानों को अक्सर आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। धान खेतों में पड़ा खराब हो रहा है, और समितियों के बाहर लंबी कतारें लग रही हैं,लेकिन सचिव, किसानों की समस्याओं को सुनने के बजाय बाहरी कारोबारियों को प्राथमिकता दे रहे हैं। अवधराज सिंह ने बताया कि भाकियू (टिकैत) ने पूरे मामले की शिकायत उपजिलाधिकारी बारा, प्रेरणा गौतम से करेगा।ज्ञापन में सचिवों के खिलाफ जांच,खरीद व्यवस्था में पारदर्शिता,किसानों को प्राथमिकता और टोकन व्यवस्था में सुधार करने 4की मांग की जाएगी। यदि प्रशासन ने समय पर कार्रवाई नहीं की,तो यूनियन बड़ा आन्दोलन करने को बाध्य होगा। बाइक रैली में बड़ी संख्या में किसानों ने हिस्सा लिया। रैली सहकारी समितियों के बाजार4पहुंचने पर किसानों ने किसान विरोधी नीतियां बंद करो, सहकारी समितियों की लूट बंद करो, व्यापारियों का अनाज लेना बंद करो, किसानों का अनाज लेने जैसे कई नारे लगाए।

# महाराष्ट्र में बड़ा सियासी फेरबदल, विपक्ष के 43 नेता महायुति में शामिल, उद्धव को तगड़ा झटका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** महाराष्ट्र में आगामी नगर परिषद और नगर पंचायत चुनावों की हलचल तेज हो गई है। इस बीच, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को एक साल बीत चुके है। पिछले साल नवंबर में हुए विधानसभा चुनावों में विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाड़ी (MVA) की करारी हार हुई थी। अब एक साल बाद भी एमवीए अपने नेताओं को एकजुट रखने में संघर्ष करती दिख रही है। विपक्षी गठबंधन के 43 उम्मीदवार, जो चुनावों में दूसरे स्थान पर रहे थे, अब पाला बदलकर सत्तारूढ़ महायुति में शामिल हो चुके हैं। जिनमें सबसे ज्यादा संख्या भाजपा में जाने वालों की है। इसके अलावा तीन निर्दलीय भी भाजपा नीत गठबंधन में शामिल हो गए हैं। नेताओं के इस पलायन ने निकाय चुनावों में विपक्ष की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। जानकारी के मुताबिक, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले 26 उम्मीदवार पिछले एक साल में भाजपा में शामिल हो गए हैं। वहीं, 13 उम्मीदवार अजित पवार की एनसीपी में और सात उम्मीदवार एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हुए हैं। इतना ही नहीं, सत्ताधारी एनसीपी (अजित गुट) के एक पूर्व उम्मीदवार ने भी पाला बदलकर भाजपा का दामन थाम लिया है।2024 के विधानसभा चुनाव में महायुति ने 288 में से 235 सीटें जीतकर शानदार जीत दर्ज की थी। भाजपा ने 132 सीटों पर जीत हासिल की थी, जबकि शिंदे गुट की शिवसेना को 57 और अजित पवार की एनसीपी को 41 सीटें मिली थीं। इसके मुकाबले महाविकास आघाड़ी (MVA) 50 सीटों का आंकड़ा भी पार न कर सकी। उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) को 20, कांग्रेस को 16 और शरद पवार की एनसीपी को 10 सीटें मिली थीं। विपक्षी गठबंधन में चल रही फूट से सबसे ज्यादा प्रभावित उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) हुई है। उसके 19 पूर्व उम्मीदवार महायुति की ओर जा चुके हैं। जबकि गठबंधन में उसकी सहयोगी एनसीपी (एसपी) ने 13 और कांग्रेस ने 10 नेताओं को खो दिया। तीन निर्दलीय और पीडब्ल्यूपी (Peasants and Workers Party) के एक दूसरे स्थान के उम्मीदवार ने भी महायुति में शामिल होने का फैसला किया। आंकड़ों पर गौर करें तो भाजपा की नजरें मराठवाड़ा, उत्तर महाराष्ट्र और कोंकण पर ज्यादा केंद्रित हैं। मराठवाड़ा में 16 पूर्व एमवीए उम्मीदवारों ने दल बदला है, जिनमें से आठ भाजपा में शामिल हुए हैं। पांच एनसीपी में और तीन शिंदे गुट में गए हैं। उत्तर महाराष्ट्र में 11 नेताओं में से 10 भाजपा के साथ चले गए हैं और एक एनसीपी में शामिल हुआ है। कोंकण को पारंपरिक रूप से शिवसेना (यूबीटी) का गढ़ माना जाता है, जहां पांच नेता भाजपा में, तीन शिंदे की शिवसेना में और दो अजित पवार की एनसीपी में शामिल हुए हैं। अजित पवार अपने मराठवाड़ा और पश्चिम महाराष्ट्र के प्रभाव क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। उनकी पार्टी में शामिल 13



नेताओं में से पांच मराठवाड़ा और चार पश्चिम महाराष्ट्र से हैं। इनमें छह नेता एनसीपी (एसपी), तीन कांग्रेस और दो शिवसेना (यूबीटी) के हैं। दो निर्दलीय भी उनके खेमे में आए हैं। शिवसेना शिंदे गुट की बात करें तो उसके साथ जुड़ने वाले पांच में से तीन नेता कोंकण से हैं और दो मराठवाड़ा से। पार्टी में कांग्रेस और एनसीपी (एसपी) से एक-एक नेता भी शामिल हुए हैं। महाराष्ट्र में 246 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों में 2 दिसंबर को मतदान होगा। नतीजे एक दिन बाद 3 दिसंबर को घोषित होंगे।

# मुंबई की मतदाता सूची में बड़ा खुलासा, 11 लाख से ज्यादा 'डुप्लीकेट' मतदाता

● 10.64% वोटरों के नाम एक से अधिक बार दर्ज




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** मुंबई में आगामी चुनावों की तैयारियों के बीच मतदाता सूची को लेकर चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है। शहर के कुल 1.03 करोड़ मतदाताओं में से 10.64 फीसदी यानी 11 लाख से ज्यादा लोगों के नाम सूची में दो या उससे अधिक बार दर्ज पाए गए हैं। यह खुलासा महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा साझा किए गए आधिकारिक आंकड़ों में हुआ है। मसौदा मतदाता सूची का निरीक्षण करते हुए आयोग ने पाया कि 4.33 लाख मतदाताओं के नाम दो से लेकर 103 बार तक दोहराए गए हैं। इन्हें जोड़ने पर कुल 'डुप्लीकेट प्रविष्टियों' की संख्या 11,01,505 तक पहुंच गई, जो किसी भी बड़े महानगर की वोटर लिस्ट के लिहाज से एक गंभीर विसंगति मानी जा रही है। यह पहला मौका है जब मतदाता सूची में दोहराव का स्तर इतना बड़ा सामने आया है। कई विशेषज्ञ इसे डेटा इंटीग्रेशन और पुराने रिकॉर्ड अपडेट न होने की समस्या से जोड़ रहे हैं। मतदाता सूची की सटीकता सुनिश्चित करने के लिए आयोग ने लोगों को सुधार और आपत्ति दर्ज करने का अतिरिक्त अवसर दिया है। पहले यह अंतिम तारीख 27 नवंबर तय की गई थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 3 दिसंबर कर दिया गया है। आयोग का कहना है कि बड़ी संख्या में मिली डुप्लीकेट प्रविष्टियों के चलते नागरिकों को त्रुटि सुधार के लिए अधिक समय देना जरूरी था।अंतिम सूची 10 दिसंबर को जारी होगी महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयोग के बयान के अनुसार:सुधारों और आपत्तियों के निपटारे के बाद अंतिम मतदाता सूची 10 दिसंबर को प्रकाशित की जाएगी।अंतिम सूची जारी होने के बाद नगर निकाय और अन्य चुनावों की तैयारियां तेज होने की उम्मीद है।

# थाना फूलपुर पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** थाना फूलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-500/2025 धारा-316(3) भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त राहुल तिवारी पुत्र कमलाकान्त तिवारी निवासी ग्राम चरवा थाना चरवा जनपद कौशाम्बी को थाना फूलपुर पुलिस द्वारा आज दिनांक 25.11.2025 को थाना से सम्बन्धित वांछित 01 नफर अभियुक्त को थाना फूलपुर क्षेत्रान्तर्गत प्रतापपुर ब्लाक स्थित पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया । उक्त बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-317(2) भा0न्या0सं0 की बढ़ोत्तरी कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी । उल्लेखनीय है कि वादी मुकदमा की स्क्रैप की दुकान है तथा जिसके द्वारा दिनांक-28.10.2025 को अपनी दुकान से स्क्रैप पार्टस को अभियुक्त राहुल तिवारी उपरोक्त के ट्रक वाहन सं0-UP 50CT 3548 से प्रयागराज से पंजाब ले जाने के लिये दिया गया था परन्तु अभियुक्त राहुल तिवारी उपरोक्त स्क्रैप को लेकर फरार हो गया था, जिसके सम्बन्ध में थाना फूलपुर पर मु0अ0सं0-500/2025 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण–** राहुल तिवारी पुत्र कमलाकान्त तिवारी निवासी ग्राम चरवा थाना चरवा जनपद कौशाम्बी, उम्र करीब 33 वर्ष।




**सम्बन्धित अभियोग का विवरण–** मु0अ0सं0-500/2025 धारा-316(3) भा0न्या0सं0 व बढ़ोत्तरी धारा-317(2) भा0न्या0सं0 थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।

**अभियुक्त राहुल तिवारी उपरोक्त का आपराधिक इतिहास–**

1. मु0अ0सं0-196/2018 धारा-323/354क/504/506 भा0द0सं0 थाना चरवा जनपद कौशाम्बी।
2. मु0अ0सं0-94/2021 धारा-323/452/504/506 भा0द0सं0 थाना चरवा जनपद कौशाम्बी।
3. मु0अ0सं0-500/2025 धारा-316(3) भा0न्या0सं0 व बढ़ोत्तरी धारा-317(2) भा0न्या0सं0 थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।

**बरामदगी का विवरण–**

1. 21000/- रूपये
2. डी0सी0एम0 ट्रक वाहन सं0-P 50CT 3548।

## रील बनाने वाली युवती ने मांगी माफी, कहा अब कभी नही बनाऊंगी रील

**नैनी, प्रयागराज।** नए यमुना पुल पर रेलिंग पर चढ़कर रील बनाने वाली युवती अब पुलिस कार्रवाई की आशंका से दहशत में है। स्वतंत्र प्रभात में मामला उजागर होने के बाद डीसीपी यमुनानगर विवेक चंद्र यादव ने ऐसे वीडियो बनाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आदेश जारी किया। इसके बाद युवती ने सोशल मीडिया पर अपनी इंस्टाग्राम आईडी से एक पोस्ट शेयर कर सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है।युवती ने बोला अब मैं इस तरह की कोई भी वीडियो नहीं बनाऊंगी, कृपया मुझे माफ कर दीजिए। इस माफी वाले वीडियो के वायरल होने पर लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं भी सामने आ रही हैं। युवती ने यह वीडियो 10 दिन पहले पोस्ट किया था। नए यमुना पुल पर रेलिंग पर चढ़कर बनाए गए रील के इंटरनेट पर वायरल होने के बाद डीसीपी ने नैनी पुलिस को पुल पर वीडियो बनाने वाले सभी लोगों की पहचान कर उन पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। इसके बाद नैनी पुलिस सक्रिय हो गई और जांच शुरू कर दी। पुलिस की सख्ती के बाद ही युवती ने सोशल मीडिया पर माफी मांगते हुए वीडियो साझा किया।बता दें कि मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधिकारियों ने युवती सहित अन्य वीडियो बनाने वालों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दे दिए हैं। नैनी पुलिस अब अभियान चलाकर इन पर कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

# साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** बेथनी कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एवं सरस्वती बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, में पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज एवं उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति, लखनऊ शाखा प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में यातायात माह नवंबर 2025 के अंतर्गत यातायात,मिशन शक्ति एवं साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। दोनों विद्यालयों में यह कार्यक्रम एक साथ आयोजित हुआ, जिसमें लगभग 2000 छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं विद्यालय कर्मियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत यातायात निरीक्षक अमित कुमार द्वारा की गई, जिन्होंने सड़क सुरक्षा, हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, निर्धारित गति सीमा, ज़ेब्रा क्रॉसिंग, ट्रैफिक सिग्नल के पालन तथा नए यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि छोटी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है, अतः सभी को नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित यातायात संस्कृति विकसित करनी चाहिए। मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत उप निरीक्षक सपना यादव ने छात्राओं को आत्मरक्षा, व्यक्तिगत सुरक्षा, सुरक्षित यात्रा, अनजान व्यक्तियों से सतर्कता तथा आपात स्थिति में त्वरित सहायता लेने के तरीकों की बिंदुवार जानकारी दी। साइबर अपराध के विषय पर उप निरीक्षक नेहा चौधरी (थाना नैनी) ने ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी साझा करने के दुष्परिणाम, सोशल मीडिया सुरक्षा एवं डिजिटल लेन-देन में सावधानी बरतने के उपायों पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण टोल फ्री नंबर जिसमें प्रमुख रूप सें 112 आपातकालीन सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन (ऑनलाइन ठगी की त्वरित शिकायत हेतु), 1090 एंव 1091 महिला सुरक्षा हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 181 महिला सहायता सेवा की जानकारी दी।



यह कार्यक्रम समिति के चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव के निर्देशन एवं सचिव संतोष कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुआ। सचिव ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों से कहा कि कोई भी कदम उठाने से पूर्व अपने माता-पिता और समाज की प्रतिष्ठा का ध्यान रखें। बेथनी स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. शामिता ने यातायात थाना नैनी के अधिकारियों एवं समिति पदाधिकारियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी साबिर द्वारा निभाई गई। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।द्वितीय कार्यक्रम सरस्वती बाल मंदिर इण्टर कॉलेज चक दाऊद नगर आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधक शिवराम तिवारी द्वारा की गई। यहां भी उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन हसन-ए-नकवी (सचिव, पर्यावरण प्रकोष्ठ) द्वारा किया गया, जिनके द्वारा प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूकता विषय से जोड़ते हुए सहभागिता को और प्रभावशाली बनाया गया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में समिति की ओर से अजीत कुमार सिन्हा, शोएब आलम (नि. जिला विद्यालय निरीक्षक), रामबाबू सिंह (जनसंपर्क अधिकारी), मनीष कुमार विश्वकर्मा (वार्ड ऑफिसर, नैनी), सुधीर कुमार प्रजापति, बलवंत सिंह, संदीप सोनी, सक्षम विश्वकर्मा, संदीप श्रीवास्तव, विमल सक्सेना, गौरव विश्वकर्मा , आकाश सिंह,अश्वनी कुशवाहा, नीरज मिश्रा, सहित यूथ टीम नैनी का सराहनीय योगदान रहा।

# नेशनल मिल्क डे कार्यक्रम का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी ,प्रयागराज।** सैम हिगीनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज वार्नर कॉलेज ऑफ डेयरी टेक्नोलॉजी द्वारा 26 नवम्बर 2025 को सोसाइटी ऑफ फ़ूड एंड डेयरी टेक्नोलॉजी के अंतर्गत नेशनल मिल्क डे कार्यक्रम का आयोजन किया। यह दिवस डेयरी उद्योग में उनके अद्वितीय योगदान की स्मृति में 'मिल्कमैन ऑफ इंडिया' डॉ. वर्गीज़ कुरियन को समर्पित होता है। कार्यक्रम का मुख्य विषय था– 'लेट्स सेलिब्रेट द पावर ऑफ डेयरी '।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहर उत्तरी के लोकप्रिय विधायक श्री हर्षवर्धन बाजपेयी (MLA) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. डॉ. जोनाथन ए. लाल (प्रो वाइस-चांसलर) उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विभिन्न सरकारी अधिकारियों और उद्योग विशेषज्ञों – ई. अखिलेंद्र मिश्रा, ई. राजेश कुमार प्रजापति, ई. सुरेश कुमार सिंह, ई. आलोक मणि मिश्रा और ई. आकाश जायसवाल – ने भी अतिथि वक्ता के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।कार्यक्रम का आयोजन डीन डॉ. आलोक मिल्टन, एसोसिएट डीन डॉ. एस. जी. एम. प्रसाद, हेड, डेयरी टेक्नोलॉजी विभाग, डॉ. अविनाश सिंह तथा वार्नर कॉलेज ऑफ डेयरी टेक्नोलॉजी के समस्त स्टाफ द्वारा किया गया।कार्यक्रम का संचालन डॉ. अंकिता गौतम (सहायक प्राध्यापक, डेयरी माइक्रोबायोलॉजी विभाग) द्वारा किया गया।अन्य उपस्थित स्टाफ में डॉ. पुनीत अरोड़ा, डॉ. एस. एन. ठाकुर, डॉ. शांता पीटर और ई. अंकुर रमोला शामिल रहे। अपने संबोधन में डॉ. जोनाथन लाल (प्रो वाइस-चांसलर, अकादमिक मामलों) ने आधुनिक डेयरी प्लांट की गौरवशाली विरासत का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि देश के प्रतिष्ठित नेता – जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री और शंकर दयाल शर्मा – शुआट्स के डेयरी प्लांट में इसकी आइसक्रीम का आनंद लेने के लिए आया करते थे। डॉ. आलोक मिल्टन (डीन, वार्नर कॉलेज ऑफ फ़ूड एंड डेयरी टेक्नोलॉजी) ने अपने वक्तव्य में बताया कि दूध एक पूर्ण आहार है, जिसका कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि डेयरी सेक्टर महिला सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और आजीविका के अवसर प्रदान करता है। विधायक हर्षवर्धन ने ग्रामीण विकास को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया, क्योंकि यह महिलाओं को सशक्त बनाने का प्रमुख साधन है। उन्होंने शुआट्स की समृद्ध विरासत और वार्नर कॉलेज ऑफ डेयरी टेक्नोलॉजी की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की तथा पराग को पुनर्जीवित करने के लिए नए प्रयासों की आवश्यकता बताई। उन्होंने यह भी कहा कि तकनीक और आधारभूत संरचनाओं के विकास के बीच सतत विकास को उसका उचित महत्व नहीं मिल पाया है। शैक्षणिक सत्र के पश्चात विभाग द्वारा फ़ूड और डेयरी फ़ूड स्टॉल, पोस्टर प्रस्तुति, रंगोली और क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज और विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन गतिविधियों का संचालन डॉ. अमित, डॉ. जयनाथ जकरिया, डॉ. पुनीत अरोड़ा, डॉ. एस. एन. ठाकुर और डॉ. अंकिता गौतम के निरीक्षण में किया गया। कुल मिलाकर, यह कार्यक्रम वार्नर कॉलेज ऑफ डेयरी टेक्नोलॉजी के सभी स्टाफ और विद्यार्थियों के सहयोग से अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।




## तपसी श्रोत परियोजना अधूरी,275 गांवों पर पेयजल संकट, ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** बारा क्षेत्र में करोड़ों रुपए की लागत से शुरू की गई तापसी तपसी स्रोत जल परियोजना लंबित काम की वजह से अधूरी पड़ी हुई है।इसका मकसद यमुना नदी से पानी लेकर ग्रामीण पहाड़ी और दुर्गम इलाकों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना था,लेकिन कार्य में सुस्ती और लापरवाही से ग्रामीणों की उम्मीदें अधूरी रह गई है।ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत 275 गांवों को नल कनेक्शन से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया था।पाइपलाइन,ट्रीटमेंट प्लांट और वितरण नेटवर्क की स्थापना शुरू हुई थी, लेकिन कई महीनो से काम पूरी तरह तप पड़ा है कई जगह पाइप मिट्टी में दबी हैं,जबकि निर्माण सामग्री धूल खा रही है। गर्मी में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है।पहाड़ी व सूखे क्षेत्रों में लोग दो-तीन किलोमीटर दूर से हैंडपंप या कुओं से पानी लाते हैं। महिलाएं और बच्चे घंटों लाइन में लगकर पानी भरते हैं। जबकि कई गांव में हैंडपंप भी खराब हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेका कंपनी के बीच तालमेल की कमी के कारण परियोजना अधूरी रह गई।न तो कोई नियमित निरीक्षण हो रहा है,और ना ही काम की प्रगति का स्पष्ट रोड मैप जारी किया गया है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि सरकार करोड़ों रुपए की योजनाएं मंजूर कर रही है,तो जमीनी स्तर पर काम क्यों अधूरा पड़ा है ? ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि काम की गति नहीं बढ़ाई गई, तो वह सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। फिलहाल तपसी स्रोत परियोजना का भविष्य अनिश्चित है,और 275 गांव के लोग इस योजना के पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं।अब देखना होगा कि लोगों की यह प्रतीक्षा कहीं शबरी प्रतीक्षा बनकर ना रह जाए।



## मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण को चुनौती, सुप्रीम कोर्ट में 2 दिसंबर को सुनवाई



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई 2 दिसंबर (मंगलवार) तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के फैसले को चुनौती देने वाली मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एमडीएमके) के संस्थापक वाइको द्वारा दायर याचिका पर चुनाव आयोग से जवाब मांगा था। सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) और अभिनेता से नेता बने विजय की तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) सहित कई अन्य दलों ने भी राज्य में एसआईआर अभ्यास के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया है।

## 'चाहे कुछ भी हो जाए, बंगला नहीं छोड़ेंगे': राबड़ी देवी के सरकारी आवास पर RJD का कड़ा रुख

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने कहा कि बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी लगभग दो दशकों से जिस सरकारी बंगले में रह रही हैं, उसे खाली नहीं करेंगी। पार्टी की बिहार इकाई के अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने यह बयान राज्य भवन निर्माण विभाग द्वारा राबड़ी देवी को विधान परिषद में विपक्ष की नेता के लिए निर्धारित आवास 39, हार्डिंग रोड में स्थानांतरित करने के निर्देश के एक दिन बाद दिया। पत्रकारों से बात करते हुए, मंडल ने घोषणा की कि मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास के सामने स्थित 10, सर्कुलर रोड स्थित बंगला, 'चाहे कुछ भी हो जाए, खाली नहीं किया जाएगा।'

# सीएमपी डिग्री कॉलेज में 'संगीत साहित्य सृजन' पुस्तक का भव्य विमोचन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** हिंदी साहित्य और संगीत सृजन में सकारात्मक एवं रचनात्मक दृष्टिकोण से निरंतर कार्य करते हुए कायस्थ पाठशाला संस्थान के घटक महाविद्यालय चौधरी महादेव प्रसाद (सीएमपी) डिग्री कॉलेज की संगीत विभाग की अतिथि प्रवक्ता डॉ. आकांक्षा पाल द्वारा संपादित लेख-संग्रह 'संगीत साहित्य सृजन' का विमोचन सीएमपी डिग्री कॉलेज सभागार में सम्पन्न हुआ।विमोचन कायस्थ पाठशाला ट्रस्ट के संरक्षक चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह के कर-कमलों द्वारा किया गया।डॉ. आकांक्षा पाल द्वारा संपादित यह पुस्तक संगीत-शास्त्र के शोधार्थियों, विद्यार्थियों और संगीत-जगत के अध्येताओं के लिए एक महत्वपूर्ण



मील का पत्थर सिद्ध होगी। पुस्तक में संगीत विद्या की विविध विधाओं, परंपराओं, नवाचारों, लोक एवं शास्त्रीय संगीत के साथ-साथ समसामयिक आयामों पर देश के प्रतिष्ठित संगीतकारों एवं प्रबुद्ध लेखकों के शोध-लेख सम्मिलित हैं।विमोचन समारोह में सीएमपी डिग्री कॉलेज के प्राचार्य श्री अजय खरे, प्रबंध तंत्र के अधिकारी, अध्यापकगण तथा डॉ. आकांक्षा पाल की माता श्रीमती करुणा पाल की विशिष्ट उपस्थिति रही।कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुआ।

# एकतरफा प्यार में मौसेरे भाई ने अपनी मौसी की बेटी को मार दी गोली

● 2 साल पहले हुई थी शादी।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कौशांबी।** एक युवक ने एकतरफा प्यार में अपनी मौसी की बेटी को गोली मारकर हत्या कर दी। युवती सुबह घर में झाड़ू लगा रही थी। इतने में मौसेरा भाई घर में घुसकर गोली मारकर वह सीधे थाने पहुंच गया। तमंचा लेकर थाने पहुंचे युवक को देख कोतवाली में हड़कंप मच गया। उसने हत्या करने की बात कही। पुलिस ने तुरन्त उसे हिरासत में ले लिया और घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। युवक की पहचान मंझनपुर कोतवाली अन्तर्गत ओसा गांव निवासी अजीत मिश्रा के रूप में हुई है। दोनों के घर के बीच की दूरी करीब 10 किमी है। वह अपनी मौसी की बेटी को एकतरफा प्यार करता था। ऊनो गांव निवासी राम मनोहर की बेटी दीपिका तिवारी (25वर्ष) की शादी मई 2023 में लखनऊ के दुबग्गा चौराहे निवासी शिवम तिवारी से हुई थी। दीपिका का डेढ़ साल का बेटा मृदुल मायके में ही पैदा हुआ था। इसी मनौती के चलते दीपिका 18 नवम्बर को बेटे को लेकर मायके आई थी और शुक्रवार को उसे ससुराल जाना था। गुरुवार सुबह दीपिका की सगी मौसी का बेटा अजीत उर्फ नान भइया घर पहुंचा था। परिजनों ने बताया कि सुबह करीब 6 बजे वह मौसी के घर पहुंचा,और भांजे मृदुल को लेकर बाइक पर बैठाकर घुमाने ले गया। कुछ देर बाद लौटा,और फिर चला गया। करीब 8 बजे वह दुबारा पहुंचा और सीधे घर में दाखिल हुआ। मौसेरी बहन दीपिका घर में झाड़ू लगा रही थी। उसने बिना देरी किए तमंचा सटाकर दीपिका के सिर में गोली मार दी। दीपिका जमीन पर गिर पड़ी। आसपास खून पसर गया। घरवाले कुछ समझ पाते, इसके पहले ही वह भाग गया। मां सुषमा ने बताया कि मैं घर के बाहर बर्तन धुल रही थी और बेटी झाड़ू लगा रही थी। सुबह 6 बजे बहन का बेटा नान भइया घर पहुंचा था और भांजे को लेकर बाइक से घुमा रहा था, फिर वह चला गया। दुबारा फिर सुबह 8 बजे घर पहुंचा और तमंचे से दीपिका के सिर में गोली मारकर भाग गया।

ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी अजीत, दीपिका से एकतरफा प्यार करता था। परिवार वालों ने दीपिका की शादी 2 साल पहले लखनऊ में कर दी थी, इससे वह नाराज था, इसी वजह से उसने दीपिका की हत्या कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक कौशांबी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि एकतरफा प्यार में मौसेरे भाई ने अपनी मौसी की बेटी दीपिका की हत्या कर दी है। इस मामले में आरोपी से पूछताछ की जा रही है और उसका तमंचा बरामद कर लिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### बिहार में नीतीश सरकार द्वारा चीनी मिलों को खोलने एवं चालू करने का निर्णय ऐतिहासिक कदम - प्रमोद पटेल प्रदेश महासचिव



**गोपालगंज।** जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश महासचिव सह सिवान जिला संगठन प्रभारी प्रमोद कुमार पटेल ने गुरुवार को कहा कि बिहार में नीतीश सरकार ने नौ पुरानी चीनी मिलों को पुनः स्थापित करने और 25 नई चीनी मिलों को बिहार में चरणबद्ध तरीके से स्थापित करने का लिया गया निर्णय ऐतिहासिक और साहसिक कदम है !श्री पटेल कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए सरकार नीति निर्धारण और विस्तृत कार्य योजना तैयार करने को लेकर एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन भी कर दिया है, जिला संगठन प्रभारी श्री पटेल ने कहा कि बहुत जल्द सिवान, गोपालगंज सहित बिहार की बंद सभी चीनी मिलें चालू होंगी और नई चीनी मिलों की स्थापना की जायेगी जिससे बिहार में लोगों को नौकरी एवं रोजगार के अवसर प्राप्त होगा अब बिहार के लोग बाहर नही जायेंगे !

### वर्षों से बंद पड़ी साघन सहकारी समिति शुरू होने अमहट के किसानों के खिले चेहरे



**गाजीपुर ।** गाजीपुर जनपद के बाराचवर ब्लाक अंतर्गत अमहट गांव वर्षों से बंद पड़ी साघन सहकारी समिति एक बार फिर से चालू हो गई जिसका उद्घाटन बीजेपी नेता व मंडल महामंत्री अजय सिंह गुरूवार को किया । ग्रामीणों ने बताया की अमहट गांव स्थित साघन सहकारी समिति करीब बीस वर्षों से बंद से पड़ी थी । जिसके वजह से किसानों को काफी दिक्कत होती थी । किसानों को डाई यूरिया लेने कोशों दुर बाराचवर साघन सहकारी समिति जाना पड़ता था । बाराचवर साघन सहकारी समिति दुर होने के वजह से सैकड़ों किसान दुकानों से महगें दामों पर डाई व यूरिया खरीद कर खेती का काम किया जाता था । जैसे ही अमहट स्थिति साघन सहकारी समिति को गुरुवार को फिर से चालू किया गया वैसे ही अमहट गांव समेत आसपास के किसानों के चेहरों पर मुस्कान आ गई। किसानों ने बताया की ये साघन सहकारी समिति बीस वर्षो से बंद पड़ी थी । जिसके वजह से करीब दर्जनों गांवों के किसानों की खेती प्रभावित थी । लेकिन अब उन किसानों के चेहरों पर खुशी जाहिर हो रही है । वहीं बीजेपी नेता व मंडल महामंत्री अजय सिंह ने बताया की सम्बंधित अधिकारियों के उदासीनता के कारण अमहट गांव स्थित साघन सहकारी समिति बीस वर्षो से बंद पड़ी थी । जिसके वजह से किसान काफी परेशान थे , इनकी परेशानियों को देखते हुए बंद पड़ी समिति को चालू कराने हेतु लम्बा संघर्ष करना पड़ा आखिर कार हमारा व किसानों का संघर्ष कामयाब हुआ अंततः आज फिर से अमहट स्थिति साघन सहकारी समिति चालू हो गई । इस खुशी में साघन सहकारी समिति परिसर में एक छोटा सा कार्यक्रम भी रखा गया था । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अजय कुमार सिंह मंडल महामंत्री, दयाशंकर सिंह,सुनील सिंह, विकास सिंह, अंजय, छोटे लाल सचिव समेत आसपास गांवों के किसान उपस्थित थे।

### हादसे में बुजुर्ग की मौत, गुस्साए लोगों ने फूंक दिया ट्रक



थानाध्यक्ष सुभाष कुमार ने बताया कि अग्निशमन दल की मदद से आग पर काबू पाया गया। काफी मशक्कत के बाद सड़क जाम हटाया गया और यातायात सामान्य किया गया। उन्होंने कहा कि घटना की सूचना मशरक थाना को भी दे दी गई है, क्योंकि जाम का कुछ हिस्सा उनके थानाक्षेत्र से सटा हुआ है और यह सड़क बैकुंठपुर थाना क्षेत्र से मशरक थाना क्षेत्र को भी जोड़ती है। उन्होंने बताया कि मृतक मूरत राय के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि ट्रक चालक व खलासी की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। हादसे के बाद फैजुल्लाहपुर गांव में शोक की लहर दौड़ गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि एनएच-227ए पर गति नियंत्रण एवं सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू किया जाए, ताकि ऐसा हादसा दोबारा न हो सके।

## शीतपूर गरम झरना और कृषि समृद्धि से निखर रहा है प्रगतिशील पाकुड़िया- पर्यटन, कृषि और ग्रामीण संपर्क व्यवस्था में तेजी से हो रहा सुधार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** जनजातीय क्षेत्र के रूप में पहचान रखने वाला पाकुड़िया प्रखण्ड इन दिनों पर्यटन और कृषि, दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की दिशा में आगे बढ़ रहा है। प्रखण्ड के राजपोखर पंचायत अंतर्गत शीतपूर गांव से लगभग दो किलोमीटर दूर स्थित प्राकृतिक गरम झरना वर्षों से सैलानियों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। सदियों से निरंतर प्रवाहित यह गर्म जलकुंड मकर संक्रांति के अवसर पर विशेष रूप से बिहार, बंगाल, असम, उड़ीसा सहित कई राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भीड़ से गुलजार रहता है। आदिवासी साफाहोड़ समाज के लोग अपनी पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार यहां स्नान, पूजा-अर्चना और संथाली लोकगीतों व आध्यात्मिक गीत-संगीत के साथ मेला जैसा माहौल बनाते हैं।

**पर्यटन स्थल के विकास पर सरकार का फोकसः**

हाल के वर्षों में राज्य सरकार और पाकुड़ जिला प्रशासन की पहल से गरम झरना परिसर का सौंदर्यीकरण, सफाई व्यवस्था, स्नान गृह, कुंड का जीर्णोद्धार, मंदिर निर्माण एवं शौचालय सुविधाओं का विकास किया गया है। इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि शीतपूर गरम झरना आज एक बेहतर विकसित पर्यटन स्थल के रूप में उभर रहा है।

**सड़क और बिजली सुधार से बढ़ी रौनकः**

झारखंड राज्य गठन के बाद पाकुड़िया प्रखण्ड की कई सड़कों के निर्माण व मरम्मत से ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच आसान हुई है। पाकुड़िया से पाकुड़, दुमका, बंगाल के मुरारई-नलहाटी होते हुए रामपुरहाट और कोलकाता तक का सफर अब कम समय में पूरा संभव है। बिजली व्यवस्था में सुधार ने भी क्षेत्र के आर्थिक-सामाजिक विकास को गति दी है।

**कृषि हब बनता पाकुड़िया**

सिंचाई कूपों, तालाबों और चेक डैमों के निर्माण से प्रखण्ड के किसान पारंपरिक फसलों के साथ-साथ विविध सब्जियों की खेती बड़ी मात्रा में करने लगे हैं। राम-सीता चौक (पुराना बस स्टैंड) पर रोजाना बड़ी संख्या में किसान आलू, बैंगन, करैला, और अन्य स्थानीय सब्जियां लेकर पहुंचते हैं। इन दिनों बाजार में सब्जियों की निरंतर उपलब्धता से पाकुड़िया का सब्जी बाजार जीवंत बना हुआ है। स्थानीय सब्जी विक्रेता ओशि अली और अफताब अंसारी की दुकानें ग्राहकों के आकर्षण का केंद्र बनी रहती हैं। अफताब अंसारी अपनी सौम्य व्यवहार शैली और सम्मानजनक संबोधनों (दादी, बुआ, दीदी) से विशेष लोकप्रिय हैं। वे बटन मशरूम सहित कई नई सब्जियां बेचते हैं, जो आसनसोल (बंगाल) से मंगाई जाती हैं। मशरूम की कीमत लगभग 300 रुपये प्रति किलो या 60 रुपये प्रति पीस बताई जाती है।

**अभी भी कई विकास कार्यों की जरूरतः**

हालांकि, प्रखण्ड मुख्यालय पाकुड़िया की कुछ सड़कें अब भी जर्जर स्थिति में हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि राम-सीता चौक (अस्थायी बस स्टैंड) और बजरंगबली मंदिर के समीप बस स्टैंड का सौंदर्यीकरण सहित कई बुनियादी विकास कार्य अभी शेष हैं। यदि इन क्षेत्रों में सुधार किया जाए तो पाकुड़िया का स्वरूप और अधिक निखर सकता है।कुल मिलाकर, प्राकृतिक सौंदर्य, पर्यटन, कृषि विस्तार और आधारभूत संरचनाओं के विकास के कारण पाकुड़िया प्रखण्ड तेजी से प्रगतिशील राह पर आगे बढ़ रहा है।

## सुविधा शुल्क लेने में राजस्व निरीक्षक गिरफ्तार



**चित्रकूटः** एंटी करप्शन टीम ने गुरुवार को राजस्व निरीक्षक को सुविधा शुल्क लेने के मामले में गिरफ्तार कर लिया। टैऊप टीम प्रभारी ने कर्वी कोतवाली में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। भ्रष्टाचार निरोधक संगठन बांदा मण्डल बांदा के ट्रैप टीम प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि सदर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत कालूपुर गांव के निवासी रामप्रकाश ने शिकायत की थी कि राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह द्वारा खेत की हकबंदी कराने के नाम पर पैसा मांगा जा रहा है। शिकायत के आधार पर ट्रैप टीम ने जाल बिछाते हुए शिकायतकर्ता के जरिए राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह को सुविधा शुल्क के रूप में 5,000 रुपये भेजे। इस धनराशि को लेते समय ट्रैप टीम ने राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद ट्रैप टीम उसे कर्वी कोतवाली ले गई, जहां मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## टोरी रेलवे फाटक पर तेज रफ्तार ट्रेलर ने छीनी युवा जिंदगी, चंदवा में शोक की लहर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**चंदवा, झारखंडः-** चंदवा प्रखंड के टोरी रेलवे फाटक के निकट बुधवार की संध्या एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। तेज रफ्तार और बेकाबू ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान कुजरी, चंदवा निवासी 22 वर्षीय तबरेज खान, पिता मुख्तार खान के रूप में की गई है। हादसे की सूचना फैलते ही गांव और आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रेलर अचानक अनियंत्रित हो गया था। तेज रफ्तार में आ रहे वाहन ने आगे चल रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे तबरेज खान सड़क पर गिर पड़े और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि स्थानीय लोग भी सहम गए। घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद चंदवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया तथा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। उधर हादसे के बाद ट्रेलर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर लिया है और चालक की तलाश तेज कर दी है। अचानक हुई इस घटना से तबरेज खान के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घर में कोहराम मचा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में मातमी माहौल व्याप्त हो गया है। स्थानीय लोगों ने इस हृदयविदारक हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि टोरी रेलवे फाटक के आसपास अक्सर तेज रफ्तार में भारी वाहनों की आवाजाही रहती है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाने, स्पीड ब्रेकर लगाने और वाहन चालकों पर निगरानी बढ़ाने की मांग की है, ताकि आगे ऐसी कोई अनहोनी न हो।

## जिला पदाधिकारी पवन कुमार सिन्हा द्वारा नीलाम सखा बैठक आयोजित, ऋण नहीं चुकाने वालों पर नोटिस एवं कार्रवाई के निर्देश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**गोपालगंज ( बिहार )-** समाहरणालय सभा कक्ष में नीलाम सखा बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला पदाधिकारी पवन कुमार सिन्हा ने की बैठक में विभिन्न प्रखंडों से आई नीलाम सखा के प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य नीलाम सखा एवं विभिन्न बैंकों द्वारा लिए गए ऋणों की स्थिति की समीक्षा करना था। समीक्षा के दौरान पाया गया कि कई लाभार्थी निर्धारित समयावधि के भीतर ऋण की अदायगी नहीं कर रहे हैं, जिससे योजनाओं के संचालन और आर्थिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस स्थिति पर जिला पदाधिकारी श्री सिन्हा ने गहरी नाराजगी व्यक्त की और स्पष्ट निर्देश दिया कि जिन व्यक्तियों या समूहों ने सरकारी या बैंक ऋण लिया है और लगातार बकाया राशि चुकाने में लापरवाही कर रहे हैं, उन सभी को नोटिस जारी किया जाए उन्होंने कहा कि नोटिस के बाद भी भुगतान नहीं होने पर कानूनी कार्रवाई एवं गिरफ्तारी की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने नीलाम सखा के पदाधिकारी को निर्देश दिया कि प्रत्येक प्रखंड स्तर पर लंबित ऋणों की सूची तैयार की जाए और फील्ड स्तर पर सत्यापन कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के बाद कर्तव्यों का पालन न करना गंभीर लापरवाही है, जिसे किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में नीलाम सखा प्रतिनिधियों ने विभिन्न चुनौतियों और जमीनी समस्याओं की जानकारी भी दी, जिनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को तुरंत निर्देशित किया गया। समाहरणालय सभा कक्ष में आयोजित यह बैठक ऋण वसूली, और प्रशासनिक अनुशासन के सख्त संदेश के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

## सेवा के अधिकार सप्ताह के तहत तीन पंचायतों में शिविरों का हुआ आयोजन

**● ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में योजनाओं हेतु किए आवेदन**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** पाकुड़िया प्रखण्ड के बनो, खजूरडंगाल और तेतुलिया पंचायत सचिवालयों में बुधवार, 27 नवंबर को सेवा के अधिकार अधिनियम 2011 के तहत जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की भारी उपस्थिति देखने को मिली। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी एवं जिला परिषद अध्यक्षा श्रीमती जुलिख्रिटमुनी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर सुशील मुर्मू, सहायक अभियंता रोहित कुमार गुप्ता, प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी त्रिदीप शील, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, पंचायत के मुखिया, वार्ड सदस्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। बीडीओ सोमनाथ बनर्जी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि राज्य सरकार की पहल पर सेवा के अधिकार सप्ताह का आयोजन इसलिए किया जा रहा है ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पंचायत स्तर पर लोगों को उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने मुख्यमंत्री मईया सम्मान, वृद्धावस्था पेंशन, आबुआ आवास सहित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए पात्र लाभुकों से आवेदन करने की अपील की। खजूरडंगाल पंचायत सचिवालय में आयोजित शिविर में ग्रामीणों की भारी भीड़ रही और लोगों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के लिए आवेदन जमा किए। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने योजना-संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश भी साझा किए। ग्रामीणों ने ऐसे आयोजनों को उपयोगी बताते हुए कहा कि पंचायत स्तर पर शिविर लगने से उन्हें योजनाओं की जानकारी और लाभ पाने में काफी सुविधा मिल रही है।

## डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**चित्रकूटः** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने गुरुवार को जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा प्रबंधों, सीसीटीवी कैमरों के संचालन तथा कैदियों की व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान डीएम-एसपी ने महिला बैरक में निरुद्ध महिलाओं से भोजन एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि कैदियों को प्रतिदिन मीनू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराया जाए। हाई सिक्योरिटी बैरक में कैदियों की तलाशी कराते हुए जेल अधीक्षक को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार दूरभाष की सुविधा उपलब्ध कराई जाती रहे। कहा कि जेल परिसर में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने रसोईघर, आरओ वाटर सप्लाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। ठंड को देखते हुए उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देश दिया कि निरुद्ध कैदियों को शासन द्वारा अनुमन्य सभी सामग्री उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए किया गया जागरूक




**चित्रकूटः** पहाड़ी ब्लाक अंतर्गत बाबूपुर ग्राम पंचायत में तथा जनपद बांदा के बबेरू ब्लाक के अनवान ग्राम पंचायत में राम कृपा एजुकेशनल एवं चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा एस.एस.एस. फाउंडेशन के सहयोग से स्वरोजगार प्रोत्साहन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ट्रस्ट के प्रबंधक जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य हाईस्कूल उत्तीर्ण युवकों एवं युवतियों को स्वरोजगार स्थापना की दिशा में प्रेरित करना, प्रशिक्षण उपलब्ध कराना तथा लघु एवं कुटीर उद्योग स्थापित करने में सहयोग प्रदान करना है। बताया कि कार्यक्रमों में शामिल युवाओं ने उद्योग लगाने की इच्छा व्यक्त की है। संस्था द्वारा उनके उद्योग स्थापित कराने में सहयोग दिया जाएगा। कार्यक्रम में कृषि आधारित उद्योग, गोबर व कृषि अपशिष्ट आधारित उत्पादों, सौर ऊर्जा के घरेलू एवं कृषि उपयोग संबंधी जानकारी भी प्रदान की गई। इस मौके पर संस्था के सदस्य शिवशंकर सिंह जरिया, बांदा जिले के जिलाध्यक्ष राज बहादुर सिंह उर्फकप्तान सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## धनवार पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**● एसडीओ, एसडीपीओ व स्थानीय मुखिया ने किया शुभारंभ, पंचायत में कई मामलों का हुआ त्वरित निष्पादन**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड के धनवार पंचायत के कोरियाडीह उत्क्रमित मध्य विद्यालय में गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही उत्साह और जनभागीदारी के साथ किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन एसडीओ जोहन टुडू, एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रमुख मनोज रजक, बीडीओ जयपाल महतो, सीओ चन्द्रशेखर कुणाल, पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद, सामाजिक कार्यकर्ता ममता देवी, पंसस संतोषी कुमारी, बीसीओ संजय यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां ग्रामीणों को उनकी जरूरत के अनुरूप कई लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। मौके पर वृद्धावस्था पेंशन, विधवा व दिव्यांग पेंशन, अबुआ आवास योजना, राशन कार्ड, स्वास्थ्य योजनाओं, किसान सम्मान निधि तथा अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन स्वीकार किए गए और कई लाभार्थियों को मौके पर ही प्रमाणपत्र एवं स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों ने समस्याओं का त्वरित समाधान करने का प्रयास किया। बड़ी संख्या में महिला-पुरुष, बुजुर्ग और छात्र कार्यक्रम में उपस्थित रहे। एसडीओ जोहन टुडू ने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे ये शिविर ग्रामीणों को उनका हक और अधिकार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल ने ग्रामीणों से अपील की कि वे ऐसी जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार जैसे कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। इससे आम जनता को सरकारी योजनाओं की जानकारी उनके ही गांव में उपलब्ध होती है और लोगों को प्रखंड या जिला कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। हमारी पूरी कोशिश है कि पंचायत के प्रत्येक पात्र परिवार तक सभी योजनाओं का लाभ पहुँचाया जाए। मौके पर प्रकाश साव, ब्रह्मदेव यादव, अजय कुशवहा, नरेश प्रसाद, अरविंद प्रसाद, उमेश यादव, रामजी प्रसाद, उपेंद्र प्रसाद, जगदीश महतो, सुरेंद्र प्रसाद, शम्भू महतो, भवानी कुमार समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## अपर समाहर्ता रामा रविदास पहुंचे जरमा गाँव

**● डीएमएफटी कोष से लगे सोलर पम्प सेटों का किया निरीक्षण, विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने का जताया संकल्प**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लातेहार, झारखंडः-** लातेहार जिले के अपर समाहर्ता रामा रविदास ने मंगलवार को चंदवा प्रखंड के अलौदिया पंचायत अंतर्गत जरमा गाँव का दौरा कर डीएमएफ़टी कोष से लगाए गए सोलर पम्प सेटों का निरीक्षण किया। पहाड़ी व कठिन मार्ग होने के बावजूद अधिकारी अपनी टीम के साथ पहले मोटरसाइकिल और फिर पैदल यात्रा कर सुदूरवर्ती गाँव पहुँचे। उनके इस दौरे से स्थानीय ग्रामीणों में उत्साह और कौतूहल का माहौल देखने को मिला। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता ने सोलर पम्प सेटों की गुणवत्ता, संचालन प्रक्रिया और उपयोगिता की विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान चंदवा प्रखंड के उपप्रमुख अश्विनी मिश्रा सहित कई प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित रहे। इससे पूर्व अलौदिया में आयोजित 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में अंचलाधिकारी सुमित झा भी उनके साथ मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान लाभुकों के बीच धोती-साड़ी, बीज तथा बच्चों को झारखंड सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत साइकिलों का वितरण किया गया। स्थानीय मुखिया फ़ुल्जेंसिया टोप्पो सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।दौरे के उपरांत अपर समाहर्ता रामा रविदास ने कहा कि माँ उग्रतारा की ऐतिहासिक धरती पर सेवा करना सौभाग्य की बात है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले दिनों में वे व्यक्तिगत रूप से प्रयास करेंगे कि चंदवा प्रखंड में संचालित सभी सरकारी योजनाएँ बेहतर ढंग से क्रियान्वित हो सकें और अंतिम व्यक्ति तक उनका लाभ पहुँचे।



उपप्रमुख अश्विनी मिश्रा ने कहा कि अपर समाहर्ता का दूरस्थ क्षेत्र में पहुँचना स्थानीय लोगों के मन में सरकार के प्रति विश्वास और सकारात्मकता को बढ़ाता है। उन्होंने इस दौरे के लिए अपर समाहर्ता के प्रति कृतज्ञता भी प्रकट की और कहा कि ऐसे प्रयासों से क्षेत्र का समग्र विकास संभव है। ग्रामीणों ने भी उच्च अधिकारियों के इस पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि इस प्रकार के निरीक्षण और जनसंपर्क से योजनाओं के क्रियान्वयन में और तेजी आएगी।

## बिहार में कांग्रेस की हार पर मंथनः खड़गे-राहुल गांधी की अहम बैठक, गठबंधन पर उठे सवाल




कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी स्थित पार्टी मुख्यालय 'इंदिरा भवन' में एक बैठक की और हाल ही में संपन्न बिहार विधानसभा चुनावों में पार्टी की हार के कारणों की समीक्षा की। कांग्रेस ने बिहार चुनावों में 60 सीटों पर चुनाव लड़ा और छह पर जीत हासिल की, जबकि उसका वोट प्रतिशत 10 प्रतिशत से भी कम था, जो महागठबंधन का हिस्सा होने के नाते चुनाव लड़ने वाली पार्टी के लिए एक बड़ा झटका साबित हुआ।

## दस्यु बलखडिया को सिम देने वाले को सजा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**चित्रकूटः** दस्यु बलखड़िया गैंग को दूसरे की आई.डी. का दुरुपयोग करते हुए सिम उपलब्ध कराने के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को चार वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 15,000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है।अपर जिला शासकीय अधिवक्ता गोपाल दास ने बताया कि कर्वी कोतवाली के तत्कालीन उपनिरीक्षक धनश्याम पाण्डेय ने बीती नौ सितम्बर 2012 को बांदा जिले के फ्तेहगंज थाने के जबरापुर गांव के निवासी राकेश कुमार पटेल को गिरफ्तार किया था। पुलिस के अनुसार आरोपी राकेश कुमार पटेल ने दो महिलाओं की आई.डी. का दुरुपयोग करते हुए फर्जी तरीके से सिम लेकर दस्यु बलखडिया गिरोह को दिए थे। जांच के दौरान सामने आया कि सिम अनूपा देवी के नाम पर जारी हुआ है। जिसने पुलिस को बताया था कि वह कर्वी के एल.आई.सी. चौराहे में खुली दुकान राकेश कम्प्यूटर्स में सिम लेने गई थी, जहां उसने अपनी आई.डी. व मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति दुकानदार को दी थी। जिसके बाद दुकानदार राकेश कुमार पटेल ने उसे केवल एक सिम दिया था। इसी प्रकार मीरा देवी ने बताया कि उसने भी अपनी आई.डी. जमा कर दुकानदार से एक सिम लिया था। जबकि इन दोनों के नाम पर दो सिम जारी किए गए, जो दस्यु बलखडिया गिरोह को दिए गए थे। जिनका प्रयोग डकैती व हत्या जैसी गम्भीर आपराधिक घटनाओं में किया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी राकेश कुमार पटेल को चार वर्ष सश्रम कारावास व 15,000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## संविधान दिवस पर 'तरंग ग्रुप' के कलाकार सम्मानित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हजारीबाग, झारखंडः-** राष्ट्रीय संविधान दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम में जिले के प्रतिष्ठित 'तरंग ग्रुप' के कलाकारों को उनके उत्कृष्ट सांस्कृतिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मंच के केंद्रीय अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता ने युवा कलाकारों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया और संविधान निर्माण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। बटेश्वर प्रसाद मेहता ने अपने संबोधन में कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक को संविधान के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने युवा पीढ़ी को सामाजिक और राष्ट्रीय विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कलाकारों को सम्मान मिलते ही उनमें उत्साह और ऊर्जा का संचार दिखा।वर्तमान में तरंग ग्रुप जिला प्रशासन की योजना 'आपकी योजना, आपके द्वार' के अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों में नुक्कड़ नाटक



प्रस्तुत कर सरकारी योजनाओं का जन-जन तक प्रचार-प्रसार कर रहा है।

**'कला समाज का दर्पण है' — बटेश्वर प्रसाद मेहता**

सम्मान समारोह में मेहता ने कहा– 'तरंग ग्रुप के युवा कलाकार अपनी कला के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं। संविधान दिवस पर इन्हें सम्मानित करना मेरे लिए गर्व का विषय है। मैं चाहता हूँ कि ये कलाकार अपनी प्रतिभा से हजारीबाग ही नहीं, पूरे राज्य का गौरव बढ़ाएँ। 'उन्होंने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकारी योजनाओं को जनता तक पहुँचाने के कलाकारों के प्रयास को 'अत्यंत प्रभावी और प्रशंसनीय' बताया।

**'यह सम्मान हमारे लिए प्रेरणा है' — अमित कुमार गुप्ता**

तरंग ग्रुप के निर्देशक अमित कुमार गुप्ता ने सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा– 'बटेश्वर प्रसाद मेहता जी द्वारा मिला यह सम्मान हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत है। यह हमें और बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। हम कला को सामाजिक बदलाव का माध्यम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और आगे भी जन-जागरूकता के कार्य में अपनी भूमिका निभाते रहेंगे। '

**कई कलाकार और गणमान्य रहे उपस्थित**

सम्मान समारोह में सीलवार के पूर्व मुखिया एवं निर्देशक अमित कुमार गुप्ता के साथ कलाकार मनोज कुमार, सलीम रज्जा, नंदनी कुमारी, संजना रानी, सुजीत हाजरा, सानिया परवीन सहित कई सम्मानित व्यक्ति उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के माध्यम से संविधान दिवस पर कला, संस्कृति और जन-जागरूकता का सुंदर संगम देखने को मिला।

## संक्षिप्त खबरें

### सनराइज विद्यापीठ में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम, 200 बच्चों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग




**तालबेहट।** स्थानीय सनराइज विद्यापीठ में हरित पंख संस्था द्वारा गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण और विलुप्त होती गौरैया के संरक्षण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व अमित बबेले मनु ने किया। इसमें लगभग 200 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। बच्चों द्वारा हस्तनिर्मित गौरैया के घोंसले बनाना कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों को गौरैया जैसे छोटे पक्षियों के लिए सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने का महत्व समझाया गया। कार्यक्रम में सभी बच्चों ने पर्यावरण की सुरक्षा और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने का संकल्प भी लिया।

विद्यालय की आचार्या रीति बिलगैया ने बच्चों को संबोधित करते हुए पर्यावरण शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और हरित पंख द्वारा चलाए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंधक अनिल कुशवाहा भी उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य में भी ऐसे कार्यों से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया। हरित पंख संस्था ने विद्यालय प्रबंधन और अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे, ताकि बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित हो सके।

### बार पुलिस ने एक घंटे में खोजा फोन, मोबाइल स्वामी को सौंपा




**बार (ललितपुर)**– बार थाना पुलिस ने एक खोया हुआ मोबाइल फोन एक घंटे के भीतर बरामद कर उसके मालिक को लौटा दिया। मोबाइल मिलने के बाद मालिक के चेहरे पर खुशी लौट आई और उसने पुलिस टीम का धन्यवाद किया। यह घटना 27 नवंबर 2025 को हुई। पुलिस अधीक्षक ललितपुर, श्री मो. मुश्ताक के निर्देश पर बार थाना पुलिस को अपने क्षेत्र में एक खोए हुए मोबाइल के संबंध में शिकायत मिली थी।

शिकायत मिलने के बाद, बार थाना की साइबर पुलिस टीम ने पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों की जांच की। टीम ने त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए मात्र एक घंटे के अंदर मोबाइल फोन बरामद कर लिया।

बरामद किया गया मोबाइल फोन वीवो वाई 16 मॉडल का था, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 9000 रुपये है। इसका ढ्ढरूश्वढ्ढ नंबर 866418068917316 है। मोबाइल के मालिक देवेंद्र यादव पुत्र सोनी प्रसाद हैं, जो मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के मऊ घाट, थाना देहात के निवासी हैं। मोबाइल फोन वापस मिलने पर देवेंद्र यादव ने पुलिस अधीक्षक ललितपुर और बार थाना पुलिस टीम की सराहना की। इस बरामदगी को अंजाम देने वाली टीम में उपनिरीक्षक राहुल कुमार और हेड कांस्टेबल संतोष कुमार शामिल थे।

### नागरिकों को समान अधिकार देने वाला पहला संविधान भारत का : कांग्रेस

**ललितपुर।** जिला कांग्रेस कार्यालय में संविधान दिवस मनाया सबसे पहले सभी कांग्रेसजनों संविधान निर्माता डा.भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर फूल माला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उसके बाद एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता नगराध्यक्ष रामनरेश दुबे ने की। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान विश्व का पहला संविधान है, जिसमें सभी नागरिकों सामान अधिकार प्राप्त है। जिससे निचले पायदान खड़ा नागरिक भी बड़े-बड़े पद पर पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि आज डा.भीमराव अम्बेडकर वजह से ही देश को एक मजबूत और महान संविधान देश को प्राप्त हुआ, जिससे देश व देशवासियों को प्रगति प्राप्त हुई है। इसलिए देशवासी हमेशा अपने महान नेता डा.अम्बेडकर का ऋणी रहेगा। आज संविधान की वजह से ही देश अनेक विपत्ति से निकल कर प्रगति के पाठ अग्रसर हुआ है। संचालन जिला उपाध्यक्ष पंकज हुण्डैत ने किया। बैठक में नेहा तिवारी, पवन विश्वकर्मा, शशिकांत दीक्षित, वीरेंद्र रजक, असलम खान, मयंक राजा, हनुमत राजा, शाकिर, राहुल सेन आदि उपस्थित थे।

# नगवा विकासखंड में धान खरीद की धीमी शुरुआत शून्य खरीद पर केंद्र प्रभारी को चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र।** जिले के नगवा विकासखंड क्षेत्र में सरकारी धान खरीद की शुरुआत काफी धीमी रही है। खरीद की सुस्त गति को देखते हुए, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, देवेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर, एडीसीओ (सहायक जिला सहकारी अधिकारी) रॉबर्ट्सगंज, अवधेश सिंह ने गुरुवार को क्षेत्र के विभिन्न धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई केंद्रों पर खरीद की निराशाजनक स्थिति सामने आई, जिस पर एडीसीओ सदर ने केंद्र प्रभारियों को चेतावनी जारी की और खरीद में तेजी लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बीपैक्स खलियारी क्रय केंद्र की स्थिति सबसे चिंताजनक पाई गई, जहाँ अभी तक शून्य खरीद दर्ज की गई थी। केंद्र प्रभारी/सचिव, अंतिमा भारती, निरीक्षण के समय केंद्र पर अनुपस्थित थीं। दूरभाष पर सचिव ने बताया कि बच्चे की अस्वस्थता के कारण वह केंद्र पर उपस्थित नहीं हो सकीं, लेकिन उन्होंने आश्वस्त किया कि वह शुक्रवार को निश्चित रूप से खरीद शुरू करके शून्य खरीद के आंकड़े को हटा देंगी। एडीसीओ



अवधेश सिंह ने शून्य खरीद के लिए उन्हें सख्त चेतावनी जारी की। एडीसीओ ने अन्य क्रय केंद्रों का भी जायजा लिया, जहाँ खरीद की गति लक्ष्य से काफी पीछे है। इस केंद्र पर छह किसानों से 600 क्विंटल धान की खरीद पाई गई। सचिव विजयशंकर सिंह ने बताया कि पल्लेदारों के आते ही आज भी तौल शुरू होकर खरीद प्रारंभ होगी। यह केंद्र भी खरीद में पिछड़ा रहा, जहाँ मात्र एक किसान से 100 क्विंटल की खरीद दर्ज की गई। एडीसीओ रॉबर्ट्सगंज ने केंद्र प्रभारी उदयशंकर को खरीद में तेजी लाने के लिए आगाह किया। केंद्र प्रभारी/सचिव वकालत हुसैन ने बताया कि पाँच व्यक्तियों से 503 क्विंटल की खरीद हुई है, और निरीक्षण के समय बशीर नामक किसान के लगभग 150 क्विंटल धान की तौल चल रही थी। एडीसीओ सदर अवधेश सिंह ने सभी केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण धान की ही खरीद करें और निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करें। उन्होंने विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने को कहा कि खरीद की प्रक्रिया अनिवार्य रूप से ऑनलाइन की जाए। उन्होंने केंद्र प्रभारियों को यह भी निर्देशित किया कि वे किसानों को मानक अनुरूप धान की विशिष्टियों (गुणवत्ता मानकों) के संबंध में पहले से अवगत कराएं, ताकि केंद्र पर धान लाने के बाद किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सोनभद्र, देवेंद्र कुमार सिंह ने जिले के सभी क्रय केंद्र प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि धान क्रय की वर्तमान गति काफी धीमी है, जिसके कारण हम गत वर्ष की खरीद से पीछे चल रहे हैं।उन्होंने क्रय केंद्रों को आश्वस्त किया कि जनपद में बोरो (बारदाने) और धनराशि की कहीं कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि जहाँ भी मशीन में तकनीकी दिक्कत की सूचना मिली थी, उसका तत्काल समाधान कराया गया है। सहायक आयुक्त ने सभी किसान बंधुओं से अपील की है कि वे अपने नजदीकी क्रय केंद्र पर गुणवत्तापूर्ण धान बेचकर शासन की योजना का लाभ उठाएँ।

### वी-पैक्स दैलवारा के सचिव पर गंभीर आरोप



**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम दैलवारा स्थित वी-पैक्स में पदस्थ सदस्य ने प्रभारी मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा है। बताया कि वह खाद का लेन-देन करते हैं। आरोप है कि दैलवारा वी-पैक्स सचिव ने ट्रान्स पेन्ट्री के माध्यम से उसका चैक लेकर रसीद नहीं काटी और कह दिया गया कि उन पर कोई कर्जा नहीं है। सचिव ने जब रसीद बाद में देने की बात कही, तो उसका विरोध किया। विरोध करने पर सचिव द्वारा अभद्रता करते हुये उक्त धनराशि को हड़प करने लेने की बात कही। पीड़ित ने मामले में उच्च स्तरीय जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। पत्र देते समय गोकल, चन्दन सिंह, दीपचंद्र, भरत सिंह, राघवेन्द्र सिंह, सूका, मनीराम, अशोक, अरविन्द कुमार, चाली के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

## नुक्कड़ नाटक कर लोगों को डायल 112 का महत्व समझाया

**●संभ्रांत नागरिकों व जनप्रतिनिधियों से की लोगों को जागरूक करने की अपील**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बानपुर** – आज दोपहर में थाना बानपुर चौराहा पर पुलिस सहायता सेवा डायल 112 के बारे में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी । बताते चलें कि इसी क्रम में आज संतोष कुमार एण्ड पार्टी द्वारा व एंकर तरुण आनंद व प्रमोटर आनंद मोहन के निर्देशन में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा गठित टीमें प्रदेश के सभी जिलों में जा जाकर लोगों को डायल 112 के महत्व व इसके प्रयोग के बारे में जागरुक कर रही है । इसी क्रम में आज थाना बानपुर चौराहा पर एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अभिनय कर लोगों को इसके महत्व से परिभाषित कराया गया । इस अवसर पर छात्र / छात्राओं ने इसके प्रयोग के बारे में पूछ कर अपनी जिज्ञासाओं को भी व्यक्त किया। उक्त टीम ने बताया कि पुलिस सहायता, आग लगने पर, मेडीकल इमरजेंसी, बच्चों/ बुजुर्गो की सहायता, प्राकृतिक आपदा, घरेलू हिंसा, महिलाओं की सहायता, प्लेटफार्म ट्रेन में सहायता, एक्सप्रेस वे /हाईवे सुरक्षा व कोई भी इमरजेंसी हो । आप डायल 112 पर फोन लगाकर तुरन्त सहायता ले सकते हैं । उक्त टीम ने उक्त आशय हेतु संभ्रांत नागरिकों व जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि लोगों को जागरूक कर शासन प्रशासन का सहयोग करें। इस अवसर पर थानाध्यक्ष बानपुर अरुण कुमार तिवारी, निरीक्षक फिदा हुसैन अहमद, आरक्षी अमन पटेल, आरक्षी चालक नसीम खान यूपी डायल 112 मुख्यालय लखनऊ, उपनिरीक्षक जगत सिंह,चालक रामकिशोर, जितेन्द्र कुमार, रामकुमार, हरेंद्र,कशिश,नेहा व लव कुश सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मरीजों को दें बेहतर उपचार, चिकित्सालय में ही उपलब्ध हो दवाएं : प्रभारी मंत्री

**●स्वास्थ्य सेवाओं के भौतिक सत्यापन के लिए प्रभारी मंत्री ने मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण**

**चिकित्सकों के कक्षों में मरीजों से लिया फीडबैक, भण्डारण कक्ष में दवाओं का किया सत्यापन**

**न्यूरो व कार्डिक सर्जन की तैनाती के लिए प्रयास तेज करने के दिये निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री, मुस्लिम वक्फ एवं हज/जनपद प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने स्वास्थ्य सेवाओं के भौतिक सत्यापन और उनकी बेहतरी के लिए गुरुवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक कक्ष का बारीकी से निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया,



साथ ही मरीजों से उनका फीडबैक भी लिया। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिये कि चिकित्सालय में मरीजों को बेहतर उपचार के साथ-साथ साफ बेड, शौचालय, निःशुल्क जांचे उपलब्ध करायी जायें, यदि किसी प्रकार के लेनदेन की शिकायतें मिली तो सम्बंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सबसे पहले महिला चिकित्सालय के पर्चा पंजीकरण काउंटर को देखा, यहां पर उन्होंने रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया के बारे में पूछा, जिस पर बताया गया कि अब क्यू आर कार्ड स्कैन करके भी पर्चा बनाया जा सकता है और खिड़कियों पर भी बनाया जाता है। इसके बाद उन्होंने चर्म रोग ओपीडी का निरीक्षण किया, यहां पर चर्म रोग चिकित्सक डा.मुकेश सेठ मरीजों को देखते हुए पाये गए, मरीजों की पंजिका का अवलोकन करते हुए चिकित्सक से मरीजों के बारे में जानकारी ली गई। बताया गया कि आज 151 मरीज देखे गए हैं, प्रतिदिन लगभग 350 देखे जाते हैं। चिकित्सालय में 3 चर्म रोग चिकित्सक हैं। इसके अलावा चिकित्सालय में अधिकतर दवाएं उपलब्ध हैं, शॉर्टेज होने पर जन औषधि केन्द्र से दवाएं दिलायी जाती हैं। निर्देश दिये गए मरीजों को बेहतर उपचार दिया जाए, साथ ही सभी को चिकित्सालय से ही दवाएं उपलब्ध करायी जाएं। प्रभारी मंत्री ने जनरल ओपीडी को निरीक्षण किया, यहां उपस्थित चिकित्सक के द्वारा बताया गया कि प्रतिदिन लगभग 150 मरीज देखे जा रहे हैं, अधिकांश शर्दी जुकाम के मरीज आ रहे हैं। प्रभारी मंत्री ने दवाओं के सत्यापन हेतु औषधि भण्डार कक्ष और औषधि वितरण कक्ष का भी निरीक्षण किया, यहां पर उन्होंने दवाओं का स्टॉक रजिस्टर व दवाओं को देखा। लगभग सभी दवाएं उपलब्ध पायी गई। निर्देश दिये कि मरीजों को बेहतर से बेहतर दवाएं उपलब्ध करायें, ताकि मरीजों को बाहर से दवा न खरीदना पड़े। इसके अलावा प्राचार्य द्वारा बताया गया कि मेडिकल कॉलेज में न्यूरो सर्जन व कार्डिक सर्जन की तैनाती के लिए शासन से पत्राचार किया गया है। इस अवसर पर राज्यमंत्री मनोहर लाल, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, जिलाध्यक्ष हरीशचन्द्र रावत, जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक, प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज डॉ मयंक शुक्ला, सीएमएस डा.गजेन्द्र सिंह सहित अन्य चिकित्सक व अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### पांच भाइयों ने एक राय होकर युवक को किया अधमरा

**महिलाओं को भी पीटा व धमकाया, एफआईआर दर्ज**

**ललितपुर।** एक ही परिवार के लोगों ने एक राय होकर पड़ोसी पर जानलेवा हमला कर दिया। इस प्रकरण के प्रकाश में आने से पूरे गांव में हड़कंप की स्थिति बन गयी। वहीं दूसरी ओर पीड़ित पक्ष की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। निकटवर्ती ग्राम बिरारी में रहने वाले कनई पुत्र मोहन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 20 नवम्बर को शाम करीब 4 बजे पड़ौस में खड़ा हुआ था। तभी गांव के देवेन्द्र, सुरेन्द्र, पुष्पेन्द्र, राजेन्द्र व बृजभान पुत्रगण स्व.राजाराम एकराय होकर आये और उसे बिना कारण ही गालियां देने लगे। जब उसने गालियां देने का विरोध किया तो उक्त लोगों ने बारी तोड़कर अपने हाथों में धारदार हथियारों व लोहे के डंडे से उस पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोरगुल होने पर परिवार की महिलाओं में लक्ष्मी, ललती बचाने आयीं तो उन पर भी हमला कर दिया गया। पीड़िता का आरोप है कि हमलावरों पर पहले से गैंगस्टर जैसी गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं और उसे परिवार सहित जानमाल का खतरा लगातार बना हुआ है।

## दबंगों ने पूरे परिवार पर किया जानलेवा हमला

**●पूर्व में की गयी शिकायत से आक्रोशित थे हमलावर**

**महिला की तहरीर पर पुलिस ने फिर दर्ज की एफआईआर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला झांसीपुरा में रहने वाली रामा अहिरवार पत्नी अशोक कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते मंगलवार को रात करीब 8.52 बजे वह परिजनों के साथ घर पर थी। तभी झांसीपुरा निवासी बादल उर्फ नन्नी पुत्र विनोद, मयंक उर्फ मनीष पुत्र विनोद आये और उसे परिजनों के साथ गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने घर के बाहर निकलने की धमकी दी। आरोप है कि हमलावरों ने उसके घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिये। मौके से पीड़िता ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को जानकारी दी। पुलिस के मौके पर पहुंचते ही उक्त लोग अपने घर भाग गये। पुलिस ने उन्हें सिविल लाइन चौकी जाने की बात कही और चले गये। जब वह अपने पति के साथ चौकी जाने के लिए घर से निकली तो उक्त लोगों ने उसके घर पहुंच कर पुत्री को गालियां दीं और मारपीट करने लगे। पुत्री के चिल्लाने की आवाज सुनकर वह जैसे ही पति के साथ घर की ओर लौटी तो उक्त लोगों ने पुत्री को बचाया। यह भी आरोप है कि हमलावरों ने उसकी पुत्री से मारपीट करते हुये मोबाइल फोन भी तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि उक्त लोगों द्वारा पहले भी इसी प्रकार की घटना को अंजाम दिया गया था, जिसे लेकर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 324 (2), 352, 125, 351 (3) में मामला दर्ज है। तब से यह विवाद चला आ रहा है। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 324 (2), 352, 115 (2), 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## पाली से बड़ी ख़बर : उपजिलाधिकारी निशांत कुमार तिवारी ने मुरम से भरा ट्रैक्टर पकड़ा, खनन माफियाओं में हड़कंप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाली।** क्षेत्र में अवैध खनन पर नकेल कसने के लिए प्रशासन की सख्ती लगातार जारी है। मंगलवार को पाली उपजिलाधिकारी (एसडीएम) निशांत कुमार तिवारी ने कार्रवाई करते हुए मुरम से भरा एक ट्रैक्टर पकड़ा, जो बिना अनुमति के खनन कर रहा था। ट्रैक्टर को मौके से कब्जे में लेकर पाली थाना परिसर में खड़ा करा दिया गया है।

सूत्रों के अनुसार, एसडीएम को क्षेत्र में अवैध मुरम खनन की शिकायतें मिल रही थीं। इसी के आधार पर अचानक छापेमारी की गई। जैसे ही अवैध खनन में लिप्त माफियाओं को इस कार्रवाई की भनक लगी, उनके बीच हड़कंप मच गया और कई लोगों ने अपने वाहन व गतिविधियां छिपाने की कोशिश की।

एसडीएम निशांत कुमार तिवारी ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि अवैध खनन में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं




जाएगा। उन्होंने बताया कि खनन माफियाओं की सूची तैयार की जा रही है और आने वाले दिनों में और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्राकृतिक संसाधनों की लूट किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

स्थानीय प्रशासन की इस कार्रवाई से खनन माफियाओं में दहशत फैल गई है, वहीं आम जनता ने अवैध खनन रोकने की पहल का स्वागत किया है। क्षेत्र में प्रशासनिक गतिविधियों के बढ़ने से लोगों को उम्मीद है कि जल्द ही अवैध खनन पर पूरी तरह अंकुश लगेगा।

### चिकित्सकों ने शिविर में मरीजों की आंख का किया परीक्षण



**लालगंज, प्रतापगढ़।** रानीगंज कैथौला इलाके के मधुकरपुर गांव में गुरूवार को नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इसमें चिकित्सकों की टीम ने 315 मरीजों की आंखों का परीक्षण किया। इस दौरान 25 मरीजों को चिन्हित किया गया। परीक्षण के बाद मरीजों को दवाईयां भी वितरित की गयी। शिविर में डा0 मल्लिकार्जुन, डा0 अनुज द्विवेदी, ग्राम प्रधान देवेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## बाल अधिकार एवं सुरक्षा पर जोर सोनभद्र में जागरूकता बैठक आयोजित

**● बच्चे के व्यक्तित्व निर्माण में माता-पिता और शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश।** गुरुवार (दिनांक 27-11-2025) को सोनभद्र जिले के घोरावल ब्लॉक के केरवा गाँव स्थित पंचायत भवन में बाल अधिकार, सुरक्षा एवं संरक्षण विषय पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक सोनभद्र विकास समिति और चाइल्ड राइट्स एंड यू (Child Rights and You - CRY) के सहयोग से आहूत की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य समुदाय को बच्चों के अधिकारों और उनके सर्वांगीण विकास में माता-पिता और शिक्षकों की भूमिका के प्रति जागरूक करना था। सोनभद्र विकास समिति के सचिव राजेश चौबे ने इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों को संबोधित किया। उन्होंने बच्चे के व्यक्तित्व निर्माण में माता-पिता और शिक्षक की महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी पर जोर देते हुए कहा, माता-पिता और शिक्षक के बीच विश्वास और आपसी समझ ही बच्चे की सुखद शिक्षा का असली राज़ है। उन्होंने समझाया




कि जब माता-पिता, शिक्षक के प्रति सहयोग का भाव रखते हैं, तो इससे शिक्षक को बच्चे से जुड़ने, उसे समझने और उसके साथ काम करने में बहुत मदद मिलती है। श्री चौबे ने यह भी कहा कि अगर माता-पिता और शिक्षक एक-दूसरे को समझें और साथ मिलकर काम करें, तो बच्चे में उल्लेखनीय सकारात्मक बदलाव देखने को मिलते हैं। एक मजबूत अभिभावक-शिक्षक संबंध बच्चे को स्कूल जाने के प्रति सकारात्मक और उत्साहित बनाता है।संस्था की काउंसलर साधना सिंह ने बैठक में उपस्थित लोगों को ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति (VHSNC) के महत्व और कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इस समिति के सदस्यों में मुख्य रूप से पंचायत प्रतिनिधि,आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता,शिक्षक, अन्य सामुदायिक स्वयंसेवक, शामिल होते हैं। काउंसलर सिंह ने VHSNC का मुख्य उद्देश्य बताते हुए कहा कि यह समिति ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण से संबंधित सरकारी योजनाओं को लागू करने और उनकी प्रगति की निगरानी करने का कार्य करती है। उन्होंने समिति के अभिलेखों के रख-रखाव और क्रियान्वयन के संबंध में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस महत्वपूर्ण जागरूकता बैठक के दौरान ग्राम प्रधान, विद्यालय प्रधानाध्यापक, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, चाइल्ड राइट्स एंड यू के सदस्य, संस्था सचिव राजेश चौबे, काउंसलर साधना सिंह, सामाजिक कार्यकर्त्ती सुनीता, रीना शर्मा, रीमा, अमरजीत कोऑर्डिनेटर सहित समुदाय के बच्चे और अभिभावक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### महरौनी में 28 नवंबर को विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) शिविर का आयोजन

**नागरिकों से SIR फॉर्म जमा करने की अपील**

**महरौनी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश में चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) अभियान के तहत महरौनी नगर में 28 नवंबर 2025, दिन शुक्रवार को एक विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर प्रातः 10 बजे से रामलीला मैदान, महरौनी में लगेगा। उपजिलाधिकारी महरौनी रजनीश बाजपेई ने जानकारी प्रेषित करते हुए कहा है कि जिन नागरिकों द्वारा अब तक अपना SIR फॉर्म संबंधित बीएलओ (BLO) को जमा नहीं किया गया है, उन्हें इस शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपने-अपने प्रपत्र सौंपने की अपील की गई है। निर्वाचन संबंधित कार्यों में शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु यह शिविर महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी पात्र नागरिक निर्धारित तिथि और समय पर शिविर में पहुंचकर SIR फॉर्म जमा करना सुनिश्चित करें, जिससे आगामी निर्वाचन कार्यों में किसी प्रकार की समस्या न उत्पन्न हो।

## एक्सपोजर विजिट में बच्चों ने देखा माताटीला स्थित हाइडिल पावर प्लांट

**● बच्चों ने पार्क में झूलों का लिया आनंद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अन्तर्गत एक्सपोजर विजिट के द्वारा ब्लॉक बार के परिषदीय उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालयों के चयनित बच्चों को माताटीला बांध स्थित हाइडिल पावर प्लान्ट का भ्रमण बीईओ बार शैलजा व्यास के निर्देशन में कराया गया। इस दौरान बच्चों ने माताटीला बांध स्थित तहलटी में जूनियर इंजी.विवेक स्नेही के निर्देशन में लाइट बनने की प्रक्रिया को देखा। उन्होंने बच्चों को बताया कि पानी के द्वारा लाइट किस प्रकार बनायी जाती है। इस प्रक्रिया को बच्चों ने ध्यान से सुना। बच्चों ने इंजीनियर विवेक स्नेही से सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की और बच्चों ने झूलों का खूब आनंद उठाया। इस दौरान एआरपी विशाल नायक, उदयभान सिंह लोधी, हाकिम यादव, अखिलेश श्रीवास्तव, डा.बृजेश कुशवाहा, पुष्पेंद्र जैन, दीपक सिंघई, रवीन्द्र वर्मा,



रुकमणि सोनी, रूबी जैन, पुष्पा वर्मा, अनुराधा मोदी, एकाउंटेंट रवीन्द्र प्रजापति, रियाज अहमद, राकेश लाल, जगदीश मौजूद रहे। इन विद्यालयों के बच्चों ने किया प्रतिभाग ब्लॉक बार के विज्ञान विषय के एआरपी उदयभान सिंह लोधी ने बताया कि एक्सपोजर विजिट में ब्लॉक बार के संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय, संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय डुलावन, उच्च प्राथमिक विद्यालय करमई, उच्च प्राथमिक विद्यालय टोडी, उच्च प्राथमिक विद्यालय वस्त्रावन, देवरान, गढिया, वस्तगुंवा, मथुराडांग, सेमराडांग, नगारा, बिल्ला, दैलवारा, लडवारी, धमना, गढिया के बच्चों ने माताटीला बांध स्थित हाइडिल पावर में विजिट के माध्यम से लाइट बनना देखा।

# पाली रेन बसेरा सर्दी में यात्रियों के लिए पूरी तरह तैयार, नगर पंचायत ने सुविधाएं दुरुस्त की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाली।** क्षेत्र में लगातार बढ़ती ठंड को देखते हुए नगर पंचायत ने जरूरतमंदों और राहगीरों को राहत देने के उद्देश्य से रेन बसेरा को पूर्णतः दुरुस्त कर दिया है। नगर पंचायत की टीम ने रेन बसेरा में उपलब्ध सभी आवश्यक सुविधाओं को व्यवस्थित करते हुए सर्दी से बचाव के विशेष इंतजाम किए हैं, ताकि रात्रि के समय किसी भी यात्री को ठंड से परेशानी न उठानी पड़े।

नगर पंचायत अध्यक्ष मनीष कुमार तिवारी ने बताया कि सर्दी का प्रकोप बढ़ने के कारण अक्सर बाहर से आने वाले लोगों को रात्रि में वाहन न मिलने या ठहरने के लिए उचित स्थान न होने की समस्या का सामना करना पड़ता है। ऐसे लोगों को राहत देने के लिए रेन बसेरा में साफ स्वच्छ गर्म बिस्तरों, स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त रोशनी और सुरक्षा व्यवस्था जैसी सभी सुविधाओं को उपलब्ध करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि विशेष रूप से रात के समय तापमान गिरने पर यह




व्यवस्था राहगीरों के लिए बड़ी सहायक सिद्ध होगी। नगर पंचायत ने रेन बसेरा की नियमित सफाई और रख-रखाव की जिम्मेदारी भी तय की है, ताकि आने वाले यात्रियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके। इसके साथ ही रेन बसेरा परिसर में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती भी की गई है, ताकि लोग निःसंकोच यहाँ रुक सकें।

अध्यक्ष मनीष कुमार तिवारी ने नगर वासियों एवं रेन बसेरा का उपयोग करने वाले सभी लोगों से अपील की कि वे उपलब्ध सुविधाओं का सम्मान करें और परिसर की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत का प्रयास है कि



किसी भी जरूरतमंद को ठंड के मौसम में खुले आसमान के नीचे रात न बितानी पड़े। इसी उद्देश्य से सभी व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत किया जा रहा है, ताकि रेन बसेरा वास्तव में आमजन के लिए राहत केंद्र सिद्ध हो सके।

नगर पंचायत प्रशासन ने यह भी बताया कि यदि किसी व्यक्ति को रेन बसेरा से संबंधित कोई सुझाव या शिकायत हो, तो वे नगर पंचायत कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि ठंड के पूरे मौसम में रेन बसेरा चौबीसों घंटे यात्रियों और जरूरतमंदों के लिए खुला रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### टप्पेबाजी के आरोपी मुरादाबाद में पकड़े गये

प्रतापगढ़। चोरी, छिनैती, लूट डकैती, टप्पेबाजी, साईबर ठगी आदि आपराधिक कृत्यों में संलिप्त बदमाशों के गिरोह द्वारा कुंडा में टप्पेबाजी कर वारदात की गई।कुंडा में बीते दिनों टप्पेबाजी के मामले में पुलिस मुरादाबाद में हाथपांव मारकर टप्पेबाजों को गिरफ्तार कर लिया।कुंडा कोतवाली के मेन चौराहा निवासी अखिलेश केसरवानी की सर्राफा दुकान से 18 नवम्बर को टप्पेबाजों ने धोखे से सोने की अंगूठियां और डिब्बी में रखी चैन उठा ले गये।वादी की तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया। कोतवाल अवन कुमार दीक्षित द्वारा जांच पड़ताल में सीसीटीवी फुटेज खंगाले गये।कुंडा पुलिस और विशेष टीम ने साक्ष्यों इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस आदि के सहारे मुरादाबाद जा धमकी और टप्पेबाजों को धरदबोचा।विशेष टीम ने टप्पेबाज मो. इदरीश पुत्र अब्दुल हकीम निवासी चक्कर की मिलक थाना सिविल लाइंस, मो. इदरीश पुत्र बन्ने मिस्त्री निवासी कैलसा रोड जारतावली मस्जिद के पीछे थाना पाकबड़ा मुरादाबाद को चक्कर की मिलक से गिरफ्तार कर लिया।टप्पेबाजों ने सपने में नहीं सोचा होगा कि पुलिस यहां आकर लपेट लेगी। पुलिस ने टप्पेबाजों के कब्जे से 40 ग्राम पिघला हुआ पीली धातु और दो मोबाइल बरामद किया। विशेष टीम दोनों टप्पेबाजों को कुंडा कोतवाली लेकर आई और दर्ज मुकदमा में सुसंगत धारा बढ़ोत्तरी कर जिला कारागार को भेज दिया है।

### मजदूरी करने गये अधेड़ की डम्पर की चपेट में आने से गई जान

लालगंज, प्रतापगढ़। उदयपुर इलाके में मजदूरी करने गये मजदूर की डम्पर की चपेट में आने से मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजकर जांच में जुटी है। उदयपुर थाना क्षेत्र के आमीशंकर गांव निवासी 56 वर्षीय बाबूलाल यादव गांव के ही राजेश मिश्र के घर मजदूरी करने गये थे। गुरूवार को वह राजेश के घर के सामने मिट्टी समतल कर रहा था। इसी दौरान मिट्टी लादकर आये डम्पर की चपेट में आने से मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। आननफानन में उसे सांगीपुर सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। उदयपुर के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि शव का पीएम कराया जा रहा है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई की जायेगी।

### सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाकर पूर्ण करें- जिलाधिकारी



सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा एन.एच. 730 साड़ी चौराहा से हाइडिल तिराहा होते हुए उसका बाइपास मदनपुर से नऊआ तक निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने अधिशासी अभियन्ता एनएच को निर्देश दिया कि समस्त निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय सीमा के अन्दर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उसका तक सड़क में जो गड्ढे है उसे भरवाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही साड़ी चौराहा से हाइडिल तिराहे तक 4 लेन सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाकर शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अधिशासी अभियन्ता एन.एच. आर.के.वर्मा, एन.एच.खण्ड के सहायक अभियन्ता उपस्थित थे।

### पत्नी के कातिल पति को गिरफ्तार किया गया

प्रतापगढ़। नगर कोतवाली के रेलवे स्टेशन रोड निवासी संतोष कुमार विश्वकर्मा पुत्र जगन्नाथ विश्वकर्मा ने 26 नवंबर की सुबह बच्चों के स्कूल चले जाने के बाद अवसर पाकर बेरहम निर्दयी क्रूर कातिल पति ने अपनी पत्नी का चाकू से गला रेतकर हत्या करके फरार हो गया।घटना की सूचना पुलिस को मिलने पर आवश्यक साक्ष्य संकलन करने के उपरांत शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर कातिल पति की तलाश में जुट गई। कोतवाल सुभाष कुमार यादव मय हमराह एसआई अंकित श्रीवास्तव आदि ने कातिल पति संतोष कुमार विश्वकर्मा पुत्र जगन्नाथ विश्वकर्मा को स्टेशन परिसर के ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार कर लिया और उसकी निशानदेही पर आलाकत्ल एक चाकू बरामद कर जेल भेज दिया है।

# एसआईआर की समय सीमा बढ़ाना जरूरी - डॉ नीरज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



प्रतापगढ़। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव,पूर्व कैबिनेट मंत्री,छत्तीसगढ़ शासन राजेश तिवारी के आगमन के दौरान बुधवार को संविधान दिवस के शुभ अवसर पर बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर जी के मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनको याद किया गया।तत्पश्चात 26/11 मुम्बई आतंकी हमले में शहीद हुए पुलिस के अधिकारियों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई राष्ट्रीय सचिव प्रयाग जोन प्रभारी राजेश तिवारी के प्रतापगढ़ आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में जोरदार स्वागत सम्मान किया स्वागत के उपरांत उत्तरी रेलवे मेन्स यूनियन लखनऊ मण्डल के पूर्व मंडल मंत्री रवि सिन्हा, पूर्व एडीओ पंचायत हरीराम जी, पूर्व एडीओ पंचायत आद्या प्रसाद दूबे, पूर्व एडीओ पंचायत जगदंबा प्रसाद सरोज सहित दर्जनों लोगों ने कांग्रेस ज्वाइन किये।मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव,प्रभारी प्रयाग जोन राजेश तिवारी ने संगठन सृजन अभियान एवं मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण की समीक्षा बैठक में विस्तार पूर्वक जानकारी हासिल की। उन्होंने जिले के समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष, न्याय पंचायत अध्यक्ष एवं एसआईआर में धांधली रोकने के लिए पार्टी की ओर से जिले व विधानसभा के सभी कोऑर्डिनेटर को संगठन के कार्यों में तेजी लाने और एसआईआर के विषय में विस्तार से चर्चा की द्य उन्होंने कहा कि एसआईआर के तहत वैध मतदाताओं के नाम कटने न पाये व अवैध मतदाता का नाम मतदाता सूची में जुड़ने न पाये।कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने चुनाव आयोग से मांग किया कि एसआईआर का समय सीमा कम से कम तीन महीने बढ़ाया जाय।

समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी एवं संचालन जिला प्रवक्ता सुरेश मिश्र व जिला प्रवक्ता मासूम हैदर ने संयुक्त रूप से की।समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष मो इस्तियाक, कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण तिवारी, कांग्रेस सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम शंकर द्विवेदी, कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेन्द्र शुक्ल, किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव राधे श्याम सरोज, कार्यालय सचिव रियाज सुल्तान, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रानीगंज मौलाना वाहिद, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी पट्टी सुनीता सिंह पटेल, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी कुंडा योगेश यादव, सोशल मीडिया प्रभारी प्रवीण द्विवेदी,जिला उपाध्यक्ष राम शिरोमणि वर्मा, जिला उपाध्यक्ष विजय शंकर त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष इंद्रानंद तिवारी, जिला उपाध्यक्ष आरपी वर्मा, जिला उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश शुक्ल,जिला महासचिव संतोष सिंह, जिला महासचिव चंद्रनाथ शुक्ल,जिला उपाध्यक्ष मीरा देवी गौतम,महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सरोज कश्यप, जिला महासचिव अंजली उपाध्याय, भवानी शंकर दूबे, जिला महासचिव मुन्ना लाल यादव, जिला महासचिव हरिश्चंद्र सरोज, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज, पिछड़ा वर्ग विभाग के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ. दीपक शुक्ल, सदर ब्लॉक अध्यक्ष मो.वसीम, कुंडा ब्लॉक अध्यक्ष राकेश गौतम, मंगरौरा ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा, सड़वा चंडिका ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद कासिम, पट्टी ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष तिवारी, आसपुर देवसरा ब्लाक अध्यक्ष विवेक पांडे, शिवगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष रामकुमार पटेल, गौरा ब्लाक अध्यक्ष चरण सिंह यादव, मांधाता ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद असलम,अरविंद तिवारी, एलबी पटेल, मंडल अध्यक्ष आशीष यादव, मंडल अध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज,मंडल अध्यक्ष बन्ने मलिक, मंडल अध्यक्ष सब्बीर, मंडल अध्यक्ष चन्द्र भान सिंह,जिला सचिव आशिक अली, धर्म राज सिंह, मो दिलशाद, बैजनाथ यादव, ओम प्रकाश सरोज,अबू शमा, नगर सचिव अरबाज आलम, अनार कली, कृष्णवती त्रिपाठी, श्यामा, अंजनी कुमार पाण्डेय, शिव बहादुर सिंह, अशोक कुमार गौतम,गुलाम अहमद, मो.ईदरिशी, नूर आलम, कपिल ओझा, फरहान उपस्थित रहे।

### टेण्ट व्यवसायी के लापता होने के मामले में पुलिस ने दर्ज किया गुमशुदगी का केस

#### दूसरे दिन भी नहीं लग सका सुराग, तलाश में जुटी पुलिस

लालगंज, प्रतापगढ़। टेण्ट व्यवसायी के भाई के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने के मामले में पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज किया है। पुलिस लापता की तलाश में जुटी हुई है। दूसरे दिन भी उसका कोई सुराग नही लग सका। रायबरेली जिले के गुरूबक्शगंज सोईठा निवासी संतोष कुमार जायसवाल टेण्ट व्यापारी हैं। बुधवार को उनका भाई सुशील जायसवाल टेण्ट बुकिंग के सिलसिले में लालगंज के भटनी इलाके में आया हुआ था। इसके बाद वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। सूचना पर पुलिस ने लापता सुशील की कार व मोबाइल फोन संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के बाभन की बखरी के समीप बरामद किया। मामले में संतोष की तहरीर पर सुशील की गुमशुदगी का केस दर्ज किया गया है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है लेकिन दूसरे दिन भी कोई सुराग नही मिल सका। संग्रामगढ़ थानाध्यक्ष मनोज तोमर ने बताया कि गुमशुदगी का केस दर्ज किया गया है। पुलिस की टीम उसकी तलाश में जुटी हुई है, शीघ्र ही बरामद कर घटना का खुलासा किया जायेगा।

## 30 नवम्बर व 04 दिसम्बर को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम को लेकर सीडीओ ने की बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



प्रतापगढ़। मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत 30 नवम्बर एवं 04 दिसम्बर को राजकीय इण्टर कालेज ग्राउण्ड प्रतापगढ़ में आयोजित कार्यक्रम को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से कराये जाने हेतु बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में बताया गया कि विवाह कार्यक्रम में 30 नवंबर को 360 जोड़ें एवं 04 दिसंबर को 362 जोड़ो का विवाह होना प्रस्तावित है। सीडीओ ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु नामित नोडल/सेक्टर अधिकारियों को सौंपे कार्यो एवं दायित्वों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया,जिससे निर्धारित तिथि को जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का सफलतापूर्वक कार्यक्रम सम्पन्न हो सके। सीडीओ ने निर्देशित किया कि जिन अधिकारियों को जो भी दायित्व सौपे गये है उसका शत् प्रतिशत निर्वहन करें, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरते। बैठक में जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, डीआरडीए, प्रतिनिधि अपर पुलिस अधीक्षक (यातायात निरीक्षक), मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र, उपायुक्त मनरेगा, जिला पूर्ति अधिकारी, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे।

## सांसद खेल महोत्सव प्रतियोगिता में सिमरन व अनूप बने चैंपियन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



सिद्धार्थनगर। शिवपति इण्टर कॉलेज के शोहरतगढ़ के प्रांगण में गुरुवार को सांसद खेल महोत्सव का समापन हुआ। मुख्य अतिथि सांसद पुत्र अभिषेक पाल ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। बालिका वर्ग में सेठ रामकुमार खेतान बालिका इंटर कॉलेज की सिमरन व बालक वर्ग में शिवपति इण्टर कॉलेज के अनूप राज यादव चैंपियन रहे। दूसरे दिन के खेल प्रतियोगिता कबड्डी बालिका वर्ग में पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोइरीडीहा की टीम विजेता व सेठ रामकुमार खेतान बालिका इंटर कॉलेज की टीम उपविजेता रही। बालक वर्ग में अजय गौतम की टीम विजेता और विनय की टीम उपविजेता रही। मुख्य अतिथि सांसद पुत्र अभिषेक पाल ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।प्रतियोगिता कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक व्यायाम शिक्षक मुस्तन शेरुल्लाह ने किया।

इस दौरान सुर्य प्रकाश पांडेय, संजय दूबे, डॉ पवन मिश्रा, निसार अहमद, निसार अहमद, शिवशक्ति शर्मा, ब्रह्म बाबा, प्रधानाचार्य विक्रम प्रसाद यादव, रामविलास यादव, पदमाकर शुक्ला, कृष्ण पाल चौधरी, सरोज शुक्ला, प्रीती जायसवाल, दधीचि कुमार, रवि ओझा, नैय्यर सिद्दीकी, हारून, चेतनमनी, अपर्णा पांडेय, हौंसला प्रसाद, पृथ्वी पाल, बालचंद्र , सुनील कुमार आदि लोग मौजूद रहे। उधर चेतिया क्षेत्र के जनता इंटर कॉलेज असिधवा में सांसद खेल महाकुंभ के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी बांसी सुजीत राय ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर,दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि सीओ सुजीत राय ने कहा कि खेल के माध्यम से बच्चे अपना कौशल प्रदर्शन कर वह अपना और अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते हैं।विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार रंजन ने कार्यक्रम में आए हुए सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मारुति नंदन श्रीवास्तव, चंद्रभान मौर्य, जगन्नाथ लाल श्रीवास्तव, लालचंद, आदि उपस्थित रहे।

## फसल अवशेष प्रबंधन पर ब्लॉक स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



सिद्धार्थनगर। कृषि विज्ञान केंद्र सोहना द्वारा ब्लॉक मिठवल के जोगिया बुजुर्ग गांव में फसल अवशेष प्रबंधन पर ब्लॉक स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप कुमार ने किसानों को बताया कि फसल अवशेष जलने से वायु प्रदूषण होता है मृदा में उपस्थित सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं , मृदा के पोषक तत्व जलकर नष्ट होने से मृदा सतह कठोर, मृदा रंध्र में ऑक्सीजन एवं जल धारण क्षमता में कमी, कार्बनिक पदार्थ की मात्रा में बढ़ोत्तरी एवं मृदा में सूक्ष्मजीवों की संख्या में वृद्धि होती है। इस अवसर पर केंद्र के वैज्ञानिक डॉ प्रवेश कुमार ने किसानों को संबोधित करते हुए फसल अवशेष प्रबंधन में प्रयोग आने वाले कृषि यंत्रों रोटावेटर, स्ट्रा चापर, सुपर सीडर , हैप्पी सीडर,स्ट्रा बेलर इत्यादि के प्रयोग से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया। उद्यान वैज्ञानिक डॉ प्रवीण कुमार मिश्र ने फसल अवशेष को खेत में ही सड़ाने से बीजों के जमाव के लिए अनुकूल वातावरण उत्पन्न होता है जिससे बेहतर अंकुरण, प्रति ईकाई क्षेत्रफल अधिक पौध संख्या होने से उत्पादन में गुणात्मक वृद्धि होती है। किसान धान की फसल कटाई के बाद फसल अवशेष पर यूरिया का छिड़काव करके या फसल अवशेष को इकट्ठा करके डीकंपोजर के प्रयोग द्वारा अवशेष को आसानी से सड़ाकर मिट्टी की भौतिक एवं रासायनिक दशा में सुधार और ऑर्गेनिक तरीके से सब्जियों के उत्पादन से अपने परिवार की पोषण सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। इस अवसर पर अर्जुन कुशवाहा, राज कुमार धर, राम लगन, दिग्विजय, उमाशंकर चौधरी, दारा सिंह, फूलचंद, राजश्री, निर्मला आदि कृषक उपस्थित रहे ।

### कानपुर में ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की दर्दनाक मौत, 6 महीने पहले ही हुई थी शादी

कानपुर। सचेंडी के भीमसेन रोड पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। इसमें पंचमपुरवा निवासी 20 वर्षीय महिला शिवदेवी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पति नीरज सिंह घायल हो गए। वहीं, ट्रक चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग निकला। सचेंडी के पंचमपुरवा निवासी नीरज सिंह अहमदाबाद में प्राइवेट फैक्ट्री में कार्यरत हैं। करीब छह माह पहले बीती 14 मई को उनकी शादी भरथना निवासी शिवदेवी से हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद ही वह अहमदाबाद चले गए थे। तीन दिन पहले ही वहां से वापस लौटे है। बुधवार को वह पत्नी शिवदेवी को लेकर बाइक से विजय नगर और पी रोड स्थित बाजार खरीदारी करने गए थे। शाम को वापसी में भीमसेन जाने वाली सड़क पर सिटी मॉडल स्कूल के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। नीरज के मुताबिक टक्कर की वजह से पत्नी शिवदेवी का संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रक के पहिए के नीचे आ गई। हादसे में शिवदेवी की मौत हो गई जबकि नीरज भी घायल हो गए। कुछ दूरी पर जाकर ट्रक चालक ने ट्रक खड़ा कर दिया और भाग निकला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम और घायल को अस्पताल भेजा।

## बीएन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पहाड़पुर में 28 नवंबर को रोजगार मेले का आयोजन

प्रतापगढ़। जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ द्वारा 28 नवम्बर को पूर्वान्ह 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन बीएन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पहाड़पुर लालगंज परिसर में किया गया है, जिसमें निजी क्षेत्र की 08 कम्पनियों द्वारा आपरेटर, ट्रेनी, ट्रेनी आपरेटर, पैकर्स एण्ड मुवर्स/स्टोर एसोसिएट, बेलनेस एडवाइजर, एरिया आफिसर, टेक्नीशियन के रिक्त पदों पर बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में अपने साथ पंजीयन प्रपत्र, मूल शैक्षिक प्रमाण पत्र, सीवी एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्मिलित हो सकते है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिये सर्वप्रथम अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in/ncs.gov.in पर आनलाइन पंजीयन करें।

## आचार्य सदाशिव संस्थान में ब्यूटी पार्लर ब्यूटी थेरेपिस्ट की महिलाओं के प्रशिक्षण का हुआ शुभारम्भ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



प्रतापगढ़। समाज कल्याण विभागान्तर्गत अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की रोजगार और अनुदानपरक ग्रांट इन एड योजना के अन्तर्गत आचार्य सदाशिव शिक्षण संस्थान पृथ्वीगंज में ब्यूटी पार्लर/ब्यूटी थेरेपिस्ट की 50 महिलाओं के प्रशिक्षण सत्र कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) डा0 आकांक्षा दीक्षित ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसका प्रशिक्षण कार्यदायी संस्था यूपीकान द्वारा आरम्भ किया गया। यूपीकान के कुलदीप ने पूरे कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रशिक्षिका सीमा मिश्रा ने प्रशिक्षु महिलाओं को प्रशिक्षण की जानकारी दी। जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) डॉ. आकांक्षा दीक्षित ने कहा कि सशक्त महिला न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने प्रशिक्षण के लिए आई महिलाओं का उत्साहवर्धन भी किया। इस अवसर पर समाज कल्याण के लेखाकार मुन्नीलाल, सहायक लेखाकार विवेक श्रीवास्तव, अधीक्षक अजीत, सहायक विकास अधिकारी प्रशान्त श्रीवास्तव, ज्योति यादव, मोनी गुप्ता भी उपस्थित रही। उपस्थित महिलाओं ने बढ़ चढ़कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित की जिससे आभास होता है यह प्रशिक्षण महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में एक सार्थक कदम सिद्ध होगा।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान का तीव्र गति देने हेतु डीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक

### ●मतदाता अपना गणना प्रपत्र भरकर यथाशीघ्र बीएलओ को करायें उपलब्ध-जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



प्रतापगढ़। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कैम्प कार्यालय के सभागार में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) को तीव्र गति देने हेतु जनपद स्तरीय व खण्ड शिक्षा अधिकारियों तथा बीआरसी के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के दौरान कम प्रगति वाले मतदेय स्थलों पर अतिरिक्त विभागीय कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है जिसमें स्वयं पहुंचकर कार्य की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण करें। जिलाधिकारी ने कहा कि एसआईआर अभियान के तहत फीडिंग कार्य, आनलाइन/आफलाइन फार्म भरने, गणना प्रपत्रों के संकलन जैसे महत्वपूर्ण कार्यो में जो भी समस्या आ रही हो इसमें सहयोग कर प्रगति को बढ़ायें जिससे बूथों पर शत प्रतिशत फार्म भराये जा सके, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता न बरती जाय अन्यथा स्वयं की जिम्मेदारी तय की जायेगी। बूथों पर विभाग के जो भी कर्मचारी लगे है उनके माध्यम से गांवों में घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों को भरवाकर फार्म एकत्रित कर फीडिंग भी कराना सुनिश्चित करें, यदि कहीं पर कोई समस्या आ रही है तो सम्बन्धित उच्चाधिकारियों को अवगत करायें ताकि समय रहते समाधान किया जा सके। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील करते हुये कहा है कि गणना प्रपत्रों को भरकर यथाशीघ्र बीएलओ को उपलब्ध करायें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति ने अधिकारियों से कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के दौरान अभी तक 45 प्रतिशत ही फीडिंग का कार्य जनपद में किया गया है। इसमें अत्यधिक तीव्र गति से कार्य करने की आवश्यकता है, जिससे शत् प्रतिशत कार्य को निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत पूरा किया जा सके। अपर जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि मतदाताओं द्वारा गणना प्रपत्र नहीं भरे जायेगें तो वह मतदाता सूची से वंचित हो सकते है इसलिये विभागीय टीमों के माध्यम से प्रत्येक घर तक संदेश पहुंचाया जाय ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से बाहर न रह जाय। बैठक में जिला विकास अधिकारी सहित जनपद स्तरीय व खण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

## सड़क दुघर्टना में तीन व्यक्तियों की मौत, मचा कोहराम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




प्रतापगढ़। अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। 25 नवम्बर को आसपुर देवसरा के रहने वाले इंदल सिंह और उसकी पत्नी अंगूरा और 4 वर्षीय बेटा अर्चिस को लेकर मोटर साइकिल से अपने घर को आ रहा था, धौरहरा के पास जैसे ही मोटर साइकिल पहुंची पीछे से आ रही बोलोरो यूपी 72 बीसी 7044 ने जोरदार टक्कर मार दी,जिससे तीनों लोग बुरी तरह घायल हो गये। इलाज के दौरान 26 नवम्बर को 4 वर्षीय अर्चिस की मौत हो गई।तेलियानी गांव की रहने वाली 56 वर्षीय दुल्ला देवी पत्नी स्व. छोटे लाल अपने ही खेत से आ रही थी,नहर के किनारे पटरी पर जैसे ही पहुंची एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी,जिसके बाद दुल्ला देवी के परिजनों ने उसे अमरगढ़ सीएचसी लेकर गये,जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।थाना क्षेत्र के धनसार गांव के रहने वाले 62 वर्षीय पारसनाथ मिश्र को 26 नवंबर शाम करीब सात बजे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी,जिससे मौके पर ही पारसनाथ की मौत हो गई। एसओ विजेंद्र सिंह ने बताया कि तीनों शव पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तीनों वारदातों से संबंधित तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी

लालगंज, प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज शुक्रवार को रामपुरखास में विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे। श्री तिवारी दोपहर 12 बजे कुम्भीआइमा स्थित शबाना बाबा की मजार पर जायेंगे। इसके पश्चात दिन में 1:30 बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन व विकास कार्यो की समीक्षा करेंगे। इसके बाद लालगंज में सायं 04 बजे अझारा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

# सीडीओ की अध्यक्षता में हुआ ग्राम पंचायत सराय बरवबंड सिंह में ग्राम चौपाल का आयोजन

### ●ग्राम चौपाल में शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा एवं लाभार्थियों को सीधे लाभ पहुंचाने पर बल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



अमेठी । मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विकासखंड गौरीगंज के ग्राम पंचायत सराय बरवबंड सिंह में ग्राम चौपाल का आयोजन संपन्न हुआ। ग्राम चौपाल के दौरान पंचायत सचिव द्वारा ग्राम पंचायत की सामान्य जानकारी से अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत में कुल 02 राजस्व ग्राम – सराय बरवबंड सिंह और धनी जलालपुर सम्मिलित हैं। ग्राम पंचायत में कुल 295 परिवार निवासरत हैं, जिनमें क्रमशः 174 तथा 121 परिवार दोनों राजस्व ग्रामों में रहते हैं। कुल जनसंख्या 1669 है, जिसमें क्रमशः 984 तथा 685 की जनसंख्या दोनों ग्रामों में निवास करती है। ग्राम पंचायत में अनुसूचित जाति की कुल जनसंख्या 381 है। ग्राम पंचायत में पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक तथा कंपोजिट विद्यालय संचालित हैं तथा निकटतम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दरपीपुर लगभग 2.5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। ग्राम चौपाल के दौरान परियोजना निदेशक एवं प्रभारी खंड विकास अधिकारी गौरीगंज ऐश्वर्य यादव, सहायक विकास अधिकारी पंचायत पंकज मोहन मिश्र, सहायक विकास अधिकारी आइएसबी सरला कनौजिया, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण, सहायक विकास अधिकारी कृषि, ग्राम प्रधान फैजल अंसारी, पंचायत सचिव महेश चंद्र मिश्रा, कोटेदार तथा अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान तथा खंड विकास अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि लेखपाल, ग्राम रोजगार सेवक, एएनएम, आशा बहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा सहायिका चौपाल के दौरान एसएआर कार्य में लगे हैं। ग्राम चौपाल में शासन की प्रत्येक जनकल्याणकारी एवं लाभार्थीपरक योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी उपस्थित ग्रामवासियों को प्रदान की गई। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत में 424 कृषक पंजीकृत पाए गए तथा उपस्थित लाभार्थियों ने पुष्टि की कि उन्हें सहायता की राशि समय से प्राप्त हो रही है। निर्देशित किया गया कि ऐसे कृषक जो किसी कारण से निष्क्रिय हैं, उनकी समस्त प्रक्रिया पूर्ण कर उन्हें पुनः योजना का लाभ उपलब्ध कराया जाए। पात्रगृहस्थी तथा अंत्योदय अन्न योजना के संदर्भ में ग्राम पंचायत में 183 पात्रगृहस्थी तथा 94 अंत्योदय कार्डधारक पाए गए तथा उपस्थित लाभार्थियों ने पुष्टि की कि उन्हें नियमित रूप से राशन उपलब्ध हो रहा है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण (फेज-2) के अंतर्गत ग्राम पंचायत में 37 लाभार्थियों को शौचालय उपलब्ध कराए गए हैं तथा पुष्टि की गई कि किस्तें प्राप्त हुई हैं। निर्देशित किया गया कि ग्राम में कोई भी व्यक्ति खुले में शौच न करे तथा पात्र लाभार्थियों का सर्वे कर सूची जनपद स्तर पर प्रेषित की जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत ग्राम पंचायत में 20 लाभार्थियों को आवास उपलब्ध कराए गए हैं तथा 141 व्यक्तियों का सर्वे फीड किया जा चुका है। लाभार्थियों ने पुष्टि की कि आवास प्राप्त हो चुके हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायत में 5 स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं। समूह सखी द्वारा समूह की गतिविधियों, बैठक, वित्तीय अनुशासन तथा आजीविका क्रियाकलापों के बारे में जानकारी दी गई। निर्देशित किया गया कि समूह की महिलाओं को उनके कौशल के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान कर आजीविका संसाधनों में वृद्धि सुनिश्चित की जाए। पेंशन योजनाओं (वृद्धावस्था, निराश्रित महिला तथा दिव्यांगजन) के संदर्भ में ग्राम पंचायत में 124 वृद्धावस्था पेंशन, 43 निराश्रित महिला पेंशन तथा 05 दिव्यांगजन पेंशन लाभार्थी आच्छादित हैं तथा लाभार्थियों ने पुष्टि की कि उन्हें समय से पेंशन उपलब्ध हो रही है। ग्राम चौपाल के समापन पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायत में शासन की सभी लाभार्थीपरक योजनाओं से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे। ग्राम में स्वच्छता व्यवस्था नियमित रूप से बनाए रखी जाए, स्वयं सहायता समूहों के आजीविका संसाधनों को बढ़ावा दिया जाए तथा सभी विभागीय अधिकारी योजनाओं की प्रगति एवं समस्याओं की सतत निगरानी सुनिश्चित करें। साथ ही ग्राम वासियों को शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से अधिकतम लाभ प्राप्त हो, इसके लिए समन्वित रूप से कार्य किए जाने के निर्देश दिए गए।

## संक्षिप्त खबरें

### एलिम्को कम्पनी ने दिब्यांग बच्चों को बांटे उपकरण



**हमीरपुर-** मौदहा कस्बा के ब्लॉक संसाधन केंद्र में आयोजित एक समारोह में कानपुर की एलिम्को कम्पनी की ओर से परिषदीय विद्यालयों में अध्ययन रत दिब्यांग बच्चों को उपकरण बांटे गए कार्यक्रम की शुरुआत खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा सरस्वती माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर की गई। कस्बे के ब्लॉक संसाधन केंद्र में बेशिक शिक्षा अधिकारी हमीरपुर के निर्देश पर परिषदीय विद्यालयों और पीएम श्री विद्यालयों में अध्ययनरत दिब्यांग छात्रों को कानपुर की एलिम्को कम्पनी द्वारा निशुल्क उपकरण वितरित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार कमल द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित और पुष्पांजलि के साथ की गई।इस दौरान जनपद के विभिन्न विकास खण्डो के परिषदीय और पीए श्री विद्यालयों में अध्ययरत कुल 83चिंहित छात्रों को उपकरण एलिम्को कानपुर की ओर से तुषार और अशोक प्रताप सिंह ने वितरित किए गए। इस दौरान नायब तहसीलदार रामलखन,अनूप पाण्डेय जिला समन्वयक समेकित शिक्षा,व्यायाम शिक्षक हरिप्रकाश कुशवाहा,हरिमोहन गुप्ता ब्लॉक अध्यक्ष,नरेंद्र चौरसिया, शिवेंद्र सिंह के साथ समस्त एजुकेटर और स्टाफ मौजूद रहा।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ



**हमीरपुर-** राठ कस्बा में श्रद्धा व भक्ति के माहौल के बीच श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। कस्बे के सर्राफा व्यापारी वीरेंद्र अग्रवाल द्वारा कथा के प्रथम दिवस भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई आयोजन स्थल तक पहुँची। कार्यक्रम में मां शारदा शक्तिपीठ मैहर धाम के मुख्य पीठाधीश्वर ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते हुए धर्म और सद्विचारों के पालन का संदेश दिया। कथा के दौरान भक्तिमय धुनों, जयकारों और श्रृद्धालुओं की आस्था ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया।

### मेला समिति के अध्यक्ष ने फीता काटकर किया मेला का शुभारंभ



**हमीरपुर-** सुमेरपुर कस्बा की तपोभूमि में चल रही श्री गायत्री महायज्ञ की 68वीं वर्षगांठ में अब भीड़ उमडने लगी है। गुरुवार को यज्ञ समिति के अध्यक्ष समाजसेवी अरुण कुमार दुबे पप्पू भैया ने विधिविधान के साथ पूजन करके मेले का शुभारंभ किया। श्री गायत्री महायज्ञ की वर्षगांठ में अब कस्बावासियों की अच्छी खासी भीड़ जुटने लगी है। कथा पंडाल गुरुवार को खचाखच भरा हुआ था। कथा व्यास दुर्गा प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि मनुष्य को अन्याय के मार्ग में चलने से बचना चाहिए। न्याय एवं सत्य का मार्ग ही मनुष्य को मुक्ति दिलाता है। गुरुवार को यज्ञ समिति के अध्यक्ष ने तपोभूमि में लगे मेले का विधिविधान के साथ फीता काट शुभारंभ किया। इसके पूर्व यज्ञ के सह आचार्य पंडित उमादत्त शुक्ला ने विधिविधान के साथ पूजन कराया। इस मौके पर मेला कमेटी के अध्यक्ष राहुल उर्फ टिंकू पालीवाल, अनिल पालीवाल, डा. नरेश शर्मा, सोनू तिवारी, यज्ञ समिति संजय ओमर, बालगोपाल गुप्ता, आल्हा सिंह आदि मौजूद रहे। मेला देखने के लिए शाम को कस्बावासियों की भारी भीड़ उमडी हुई थी।

# कहां हैं इमरान खान? मौत की अफवाहों के बीच पाकिस्तान की अदियाला जेल से आ गया जवाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



पूर्व पाकिस्तानी कप्तान और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख भ्रष्टाचार और आतंकवाद के कई मामलों में दो साल से ज़्यादा समय से जेल में बंद हैं। इमरान की बहनों और उनके बेटों ने दावा किया है कि पूर्व प्रधानमंत्री, जिन्हें 2022 में अविश्वास प्रस्ताव हारने के बाद सत्ता से बेदखल कर दिया गया था, को अमानवीय परिस्थितियों में एकांत कारावास में रखा जा रहा है। पाकिस्तान की अदियाला जेल के बाहर इमरान खान की हिरासत में मौत की अफवाहों के बीच तनाव बढ़ने के एक दिन बाद, जेल प्रशासन ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वस्थ हैं और जेल में ही हैं। जियो न्यूज़ के अनुसार, जेल प्रशासन ने कहा कि इमरान के स्वास्थ्य को लेकर अटकलें 'निराधार' हैं और उन्हें 'पूरी तरह से चिकित्सा सहायता' मिल रही है। बयान में कहा गया अदियाला जेल से उनके स्थानांतरण की खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। वह पूरी तरह स्वस्थ हैं।

पूर्व पाकिस्तानी कप्तान और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख भ्रष्टाचार और आतंकवाद के कई मामलों में दो साल से ज़्यादा समय से जेल में बंद हैं। इमरान की बहनों और उनके बेटों ने दावा किया है कि पूर्व प्रधानमंत्री, जिन्हें 2022 में अविश्वास प्रस्ताव हारने के बाद सत्ता से बेदखल कर दिया गया था, को अमानवीय परिस्थितियों में एकांत कारावास में रखा जा रहा है। अदियाला जेल के बाहर विरोध प्रदर्शन इमरान की बहनें, नोरीन खान (नियाज़ी), अलीमा खान और उज़्मा खान, जो विरोध प्रदर्शनों में सबसे आगे रहीं। उन्होंने दावा किया है कि अदालत के आदेश के बावजूद उन्हें इमरान से मिलने की अनुमति नहीं दी गई है। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने इमरान को सप्ताह में दो बार परिवार से मिलने का अधिकार दिया है। पीटीआई कार्यकर्ताओं और इमरान खान की बहनों द्वारा अदियाला जेल चेकपोस्ट के पास धरना प्रदर्शन के बाद अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते हज़ारों पीटीआई कार्यकर्ता मौके पर पहुँच गए और हिंसक प्रदर्शन किया। ऐसी भी खबरें आई कि उन्होंने अदियाला जेल में घुसने की कोशिश की। हालांकि, एआरवाई न्यूज़ की रिपोर्ट के अनुसार, जेल अधिकारियों और पुलिस द्वारा अलीमा खान को इमरान खान से मुलाकात का आश्वासन दिए जाने के बाद प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया। दोनों बहनों को आज बाद में और अगले मंगलवार को फिर से इमरान खान से मिलने की अनुमति दी जा सकती है।

## ऑनलाइन सरिया खरीदने के नाम पर ठगी, युवक से दो चरणों में ऐंठे हजारों रुपये

**गोपीगंज।** सरिया खरीदने की आवश्यकता होने पर जयनाथ यादव ने गूगल पर सर्च किया, जहां से मिले नंबर पर उनके साथी विकास ने कॉल किया। इसी दौरान एक अन्य नंबर से कॉल आया और सरिया सप्लाई करने की बात कहकर पहले 50% भुगतान मांगा।

जयनाथ यादव ने 17/10/25 को 60,698 रुपये भेजे। फिर 21 अक्टूबर को दो दिन बाद माल भेजने का आश्वासन देकर 60,693 रुपये और ले लिए। इसके बाद आरोपी ने वेंडर आईडी कोड के नाम पर 28,000 रुपये और मांगें, जिसे देने से जयनाथ ने मना कर दिया। ठग ने जल्द पैसा लौटाने की बात कही, लेकिन न तो माल भेजा और न ही पैसा वापस किया। अब उसका मोबाइल नंबर भी स्विच ऑफ बता रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## पथरा क्षेत्र मे शिक्षा की अलख जगाने मे रामराज का योगदान हमेशा रहेगा यादगार- जय प्रताप सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के बरगदवा स्थित शिवाजी इंटर कालेज के संस्थापक एवं प्रसिद्ध समाजसेवी स्व0रामराज सिंह 'काका' की पांचवी पुण्यतिथि पर गुरुवार को उन्हे याद किए गया।इस अवसर पर रामराज सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उन्हे नमन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री व विधायक राजकुमार जय प्रताप सिंह ने विद्यालय प्रांगण में स्थित स्व0 रामराज सिंह की प्रतिमा माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वर्गीय राम राज सिंह पुण्यतिथि पर विद्यालय के छात्र/ छात्राओं व क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोगों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा बनाए गए अनेकों प्रकार के प्रोजेक्ट को पूर्व मंत्री द्वारा निरीक्षण किया। इस दौरान समाचार जगत में बेहतर योगदान देने वाले पत्रकारों/ प्रतिनिधियों को पूर्व मंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र व अंगबस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं को शिक्षण सामग्री वितरण किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रबन्धक सूर्य प्रकाश सिंह व प्रधानाचार्य कृष्ण प्रताप सिंह ने कार्यक्रम में आए हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# दो बच्चों के साथ नकदी लेकर महिला हुई फरार

### ● पति ने आरोपी के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हमीरपुर-** गाजियाबाद में मजदूरी कर रहे पति की गैर मौजूदगी में पत्नी दो बच्चों और लाखों रुपये के जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गई जिसपर पति ने नामजद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराते हुए बच्चों की हत्या की आशंका जताई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मदारपुर निवासी इस्लाम उद्दीन ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर बताया कि वह गाजियाबाद में एक प्राईवेट कम्पनी में काम करता है।और उसकी पत्नी रुखसार दो मासूम बच्चों के साथ परिजनों से अलग गांव में रहती है।पीडित ने बताया कि उसे 18सितम्बर को सूचना मिली की तुम्हारी पत्नी बच्चों सहित गांव से कहीं चली गई है।जो लगभग एक लाख रुपये नकद और एक लाख रुपये से अधिक के जेवरात भी ले गई है। पीडित ने बताया कि जब उसने गांव आकर जानकारी की तो पता चला कि उसकी पत्नी रुखसार मौदहा के उपरौस निवासी मोहम्मद इसलाम से फोन पर बात करती थी।और इसलाम भी मौदहा में नहीं है। पीडित ने इस्लाम पर ही अपनी पत्नी को बहला फुसला कर भगा ले जाने और बच्चों की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। पीडित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।इस सम्बन्ध में कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि मामला दर्ज है लेकिन अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है जल्द ही गिरफ्तारी कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

# तिब्बत में 3.3 तीव्रता का भूकंप, 10 किमी उथली गहराई पर दर्ज—NCS ने आफ्टरशॉक का अलर्ट जारी किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (NCS) ने गुरुवार को तिब्बत में 3.3 तीव्रता का भूकंप आने की जानकारी दी। यह झटका 10 किलोमीटर की उथली गहराई पर दर्ज किया गया, जो इसे आफ्टरशॉक के लिए अत्यधिक संवेदनशील बनाता है। हृष्टस् की रिपोर्ट के अनुसार, उथले भूकंपों से सतह पर अधिक कंपन महसूस होता है, जिससे नुकसान की आशंका भी ज्यादा रहती है।

**18 नवंबर को भी महसूस किए गए थे झटके**

इससे पहले 18 नवंबर को इसी क्षेत्र में 4.2 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसकी गहराई भी 10 किमी ही थी। लगातार आ रहे इन झटकों ने क्षेत्र में टेक्टोनिक गतिविधियों की सक्रियता को एक बार फिर उजागर किया है।

**उथले भूकंप क्यों होते हैं अधिक खतरनाक?**

विशेषज्ञों के मुताबिक, गहराई कम होने पर भूकंपीय तरंगें तेजी से सतह तक पहुंचती हैं, जिससेः जमीन में अधिक कंपन होता है इमारतों को ज्यादा नुकसान का खतरा बढ़ जाता है जनहानि की आशंका भी अधिक रहती है

**तिब्बती पठार—विश्व का भूकंपीय हॉटस्पॉट**

तिब्बती पठार भूकंपीय दृष्टि से दुनिया के सबसे सक्रिय क्षेत्रों में गिना जाता है। इसका कारण है भारतीय टेक्टोनिक प्लेट का यूरेशियन प्लेट से टकराव, जिसनेः हिमालय पर्वत श्रृंखला का निर्माण किया पठार को ऊंचाई प्रदान की क्षेत्र में कई भ्रंश रेखाओं को सक्रिय रखा GPS डेटा और भूगर्भीय अध्ययनों से भी यह स्पष्ट होता है कि तिब्बती पठार पूर्व-पश्चिम दिशा में फैल रहा है, जिससे यहां नियमित अंतराल पर भूकंप आते रहते हैं।

**NCS का अलर्ट जारी**

NCS ने कहा है कि भूकंप की गहराई उथली होने के कारण आफ्टरशॉक की संभावना बनी हुई है। अभी तक किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है, लेकिन एजेंसियां स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

## काशी नरेश पी.जी. कॉलेज में 'विकसित भारत 2047' विषय पर निबंध प्रतियोगिता सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**भदोही।** काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ज्ञानपुर में अर्थशास्त्र परिषद की ओर से गुरुवार को 'विकसित भारत ञ्च2047 : लक्ष्य, रणनीति एवं आवश्यक सुधार' विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में अर्थशास्त्र विभाग के स्नातक एवं स्नातकोत्तर वर्ग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी लेखनी से विषय पर गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया। परिषद के संयोजक डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि मूल्यांकन के बाद स्नातक वर्ग में अनुराधा शुक्ला प्रथम, सुनैना जायसवाल द्वितीय, तथा ऋषिका पाण्डेय व खुशबू यादव संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं स्नातकोत्तर वर्ग में राजा प्रथम, श्वेता तिवारी द्वितीय, और प्रीति यादव तृतीय स्थान प्राप्त करने में सफल रहीं।

विभाग प्रभारी डॉ. महेन्द्र त्रिपाठी ने विजयी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए निबंध लेखन की शैली, संरचना और अभिव्यक्ति संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि निबंध का विषय दोनों वर्गों के लिए समान था, किंतु मूल्यांकन अलग-अलग श्रेणियों में किया गया। सभी सफल प्रतिभागियों को आगामी विभागीय सम्मान समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में परिषद के निदेशक डॉ. ब्रजेश श्रीवास्तव, डॉ. महेन्द्र यादव, डॉ. राजेश यादव सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

## फैमिली प्लानिंग के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुरियावापर बंध्याकरण शिविर का आयोजन




**भदोही** सुरियावां दिनांक 27 नवंबर 2025 गुरुवार को पुरुष नसबंदी पखवाड़ाव जनसंख्या नियंत्रण एवं परिवार नियोजन के अंतर्गत चलाए जा रहे नसबंदी पखवाड़ा के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुरियावा शिविर में15 महिला एवं दो पुरुष का सफलतापूर्वक बंध्याकरण डॉक्टर द्वाराकिया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक सुरियावा डॉक्टर अभिषेक नाग द्वारा बताया गया कि शनिवार 29 -11 - 2025 को पुरुष बंध्याकरण शिविर का विशेष आयोजन किया गया है क्षेत्र वासियों से अपील की जाती है कि इच्छुक व्यक्ति शिविर में पहुंचकर लाभ उठाएं।

## मध्य प्रदेश के IAS संतोष वर्मा की टिप्पणी से ब्राह्मण समाज में नाराज़गी

### ● परशुराम सेना हमीरपुर ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**हमीरपुर-** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा व परशुराम सेना संगठन ने मध्य प्रदेश के आईएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों को लेकर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में कड़ा रुख अपनाते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी हमीरपुर को सौंपा है। ज्ञापन में संगठन के जिला अध्यक्ष गगन मिश्रा ने कहा कि एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी द्वारा बेटियों पर असंवेदनशील और अपमानजनक टिप्पणी करना न केवल महिलाओं की गरिमा का उल्लंघन है, बल्कि पूरे ब्राह्मण समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला व्यवहार है। उन्होंने कहा कि ऐसी मानसिकता प्रशासनिक मर्यादा के विपरीत है, जो अधिकारी की सोच और कार्यशैली पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है। परशुराम सेना के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज की बेटियों के सम्मान से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठन ने मांग की कि ढ्डस् संतोष वर्मा को तत्काल पद से हटाकर मामले की निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए। संगठन ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे।

## सांसद खेल महाकुंभ का समापनः सांसद जगदंबिका पाल ने विजेताओं को मेडल व प्रमाण पत्र दिए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** सांसद खेल महोत्सव 2025 के दूसरे दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन बीआरसी परिसर में भव्य रूप से आयोजित किया गया। जिसके समापन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल रहे। जिन्होंने खेल महोत्सव में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को टीम के विजेता एवं उप विजेता टीम को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर तथा सभी प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी ।वहीं उक्त आयोजन में क्षेत्र के कई विद्यालयों व ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों ने भारी संख्या में प्रतिभाग किया। खिलाड़ियों ने द्वितीय दिवस भी कबड्डी एवं खोखो लंबी कूद आदि खेलों में बालक एवं बालिका वर्ग में प्रतिभाग कर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया । लंबी कूद में शहजाद प्रथम गगन पाण्डेय द्वितीय नीतीश यादव तृतीय स्थान पर रहें तो बालिका वर्ग में ललिता प्रथम सपना द्वितीय एवं रुबीना तृतीय स्थान पर रहीं ।वालीवाल बालक वर्ग में कोल्हुवा प्रथम एवं देवरा चौधरी द्वितीय खो खो बालक वर्ग बूड़ा प्रथम आदर्श लघु माध्यमिक विद्यालय द्वितीय कबड्डी बालक प्रथम बूड़ा एवं बुद्ध विद्यापीठ द्वितीय कबड्डी बालिका बूड़ा प्रथम काशीपुर द्वितीय खो खो बालिका प्रथम भगवानपुर कस्तूरबा गांधी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश मोहन, खण्ड विकास अधिकारी ओम प्रकाश सिंह,जिला पंचायत सदस्य सबलू साहनी, सांसद प्रतिनिधि रिंकू पाल ,पूर्व मंडल अध्यक्ष नितेश पांडेय, मंडल अध्यक्ष अमित उपाध्याय, बीईओ रामू प्रसाद, अर्जुन चौधरी ब्लॉक व्यायाम शिक्षक, साधुशरण चौहान, विवेक गोस्वामी, राजेंद्र कुमार, बलवंत चौधरी, कलीमुल्लाह, मानवेंद्र कुमार, आशीष सिंह, शोभनाथ यादव, संतोष यादव, उमेश यादव, श्वेता पटवा, रुचि उपाध्याय, सविता चौहान, उदय प्रताप यादव, सतीश, रामू, दुर्गेशविश्वकर्मा, रंजना निरंजन, शैलेन्द्र मिश्रा, सालिकराम चौधरी, सुरेंद्र कुमार, पुनीत जायसवाल, संदीप कुमार, मनीष पाण्डेय, सचिन यादव, सुशील सिंह, दुर्गेश आजाद, अमित श्रीवास्तव, अभिनव कुमार, सेराज अहमद, अब्दुल अजीज आदि उपस्थित रहे। उसका बाजार। सांसद खेल महाकुंभ के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को कबड्डी, कूद, गोला, भाला क्षेपड़ समेत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।

कबड्डी बालिका वर्ग के फाइनल में किसान इंटर कालेज की टीम और बाबा हरीदास की टीम का मैच बराबरी पर छूटा। बालक वर्ग में सोहांस की टीम को परसपुर की टीम से 23-11 के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। खो-खो में परसा खुर्द की टीम ने किसान इंटर कॉलेज के टीम को हराया। कस्तूरबा गांधी की छात्राओं ने मानव पिरामिड बनाकर सबको स्तब्ध कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कस्तूरबा की टीम का दबदबा रहा। इस दौरान मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि ग्रामीण युवाओं के खेल प्रतिभा को विश्व पटल पर चमकाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई सोच की देन सांसद खेल महाकुंभ का आयोजन है। खेल से शरीर व दिमाग दोनों स्वस्थ रहता है, खेल से भाईचारा कायम रखने में मदद मिलती है। इसका उद्देश्य है कि युवा पढ़ाई के साथ ही खेल को भी प्राथमिकता दें। बीईओ ओमप्रकाश मिश्रा ने खेल का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया। इसके आयोजक अनूप सिंह बागी रहे। इस दौरान पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत कुमार जायसवाल, एसपी अग्रवाल, रामसुरेश चौहान, रणजीत सिंह, हरिशंकर सिंह, रिंकू पाल, शिवपाल सिंह, शिव कुमार शुक्ला, सुभाष जायसवाल, रितेश यादव, राघवेन्द्र सिंह, पंकज यादव, अमरेंद्र सिंह, आदि मौजूद रहे।

# काम पहले हो चुके ,टेंडर बाद में हुए जारी, घोटाले के लगे आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर-** सुमेरपुर नगर पंचायत में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का गंभीर मामला सामने आया है। क्षेत्र के वार्ड नंबर 18 नई बस्ती झंडा मैदान निवासी प्रत्यूश उर्फ प्रवीण कुमार ने जिलाधिकारी हमीरपुर को प्रार्थना-पत्र देकर आरोप लगाया है कि नगर पंचायत द्वारा पहले से पूर्ण कराए जा चुके सात कार्यों की अल्पकालीन निविदा दोबारा प्रकाशित की गई है, जबकि इन कार्यों का भुगतान कराने की मंशा पहले ही जाहिर हो चुकी है। शिकायत कर्ता ने बताया कि नगर पंचायत सुमेरपुर ने पत्रांक 212/न.पं. सुमे.-निविदा (2025-26) दिनांक 11 अक्टूबर 2025 के आधार पर 7 कार्यों की अल्पकालीन निविदा कानपुर संस्करण के एक बडे अखबार में 12 नवम्बर 2025 को प्रकाशित कराई है। जबकि उक्त सभी कार्य पहले ही नगर पंचायत द्वारा पूरे कराए जा चुके हैं, जिनके जीओ टैग फोटो भी उपलब्ध हैं। ऐसे में पहले से पूर्ण कार्यों की दोबारा निविदा प्रकाशित करना संदेह पैदा करता है। शिकायत कर्ता ने आरोप लगाया कि अध्यक्ष नगर पंचायत सुमेरपुर और अधिशासी अधिकारी की मिलीभगत से यह निविदा केवल चहेते ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने और फर्जी भुगतान निकालने के उद्देश्य से प्रकाशित की गई है। उन्होंने बताया कि इससे पहले 10 लाख रुपये से नीचे के लगभग सभी कार्य ई-निविदा से कराए गए थे, लेकिन केवल इन कार्यों को अल्पकालीन निविदा के माध्यम से जारी किया गया है, जो भ्रष्टाचार का स्पष्ट संकेत है। शिकायत कर्ता ने जिलाधिकारी से मांग की है कि 11 अक्टूबर 2025 को प्रकाशित इस अल्पकालीन निविदा में शामिल कार्यों की स्थलीय जांच कराई जाए तथा अनियमितताओं की पुष्टि होने पर निविदा को निरस्त करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाए।मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा जांच की संभावना जताई जा रही है। स्थानीय लोगों में भी इस प्रकरण को लेकर रोष व्याप्त है।

## लखनऊ की गंगा-जमुनी तहजीब के मुरीद हुए विदेशी मेहमान, अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों ने किया लखनऊ भ्रमण

**लखनऊ।** 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी के डायमंड जुबली ग्रैंड फिनाले में भाग लेने आए अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों ने आज लखनऊ शहर का विस्तृत भ्रमण किया। इस दल में मालदीव, नेपाल, सऊदी अरब समेत कई देशों के प्रतिनिधि शामिल थे, जो भारत की सांस्कृतिक विविधता और परंपराओं को निकट से जानने के उद्देश्य से विशेष रूप से लखनऊ पहुंचे। आयोजकों द्वारा प्रतिभागियों के लिए एक सुव्यवस्थित पर्यटन कार्यक्रम तैयार किया गया, जिसके तहत उन्हें लखनऊ के प्रमुख ऐतिहासिक और आधुनिक स्थलों का अवलोकन कराया गया। अतिथियों ने बड़ा इमामबाड़ा, घड़ीघर (Clock Tower), लुलु मॉल तथा शहर के अन्य प्रसिद्ध स्थलों का भ्रमण किया। बड़ा इमामबाड़ा की भव्यता और घड़ीघर की ऐतिहासिक संरचना ने विदेशी मेहमानों को विशेष रूप से आकर्षित किया। भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों ने लखनऊ की नवाबी तहज़ीब, यहां की कला, स्थापत्य शैली और सांस्कृतिक माहौल का प्रत्यक्ष अनुभव किया।

शहर के खानपान का स्वाद चखने के लिए उन्हें विशेष रूप से लखनऊ के पारंपरिक व्यंजन परोसे गए, जिनमें टुंडे कबाबी, दही-चाट, कुल्फी और अन्य प्रसिद्ध पकवान शामिल थे। विदेशी अतिथियों ने इन व्यंजनों की स्वादिष्टता और विशिष्टता की सराहना की। प्रतिभागियों ने कहा कि लखनऊ की मेहमाननवाज़ी, यहां का सहज वातावरण और सांस्कृतिक समृद्धि उनके लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा। कई प्रतिभागियों ने शहर की सुंदरता और लोगों की सौहार्दपूर्ण भावना की प्रशंसा भी की। आयोजकों का कहना है कि इस भ्रमण का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों को भारत की गंगा-जमुनी तहज़ीब और समृद्ध विरासत से परिचित कराना था, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।